✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 327 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, रविवार, 26 अप्रैल 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



पुनौराधाम में सीतामढ़ी महोत्सव का उद्घाटन करते सीएम सम्राट चौधरी

## संक्षिप्त समाचार

### मंत्रिमंडल का विस्तार जल्द : संजय सरावगी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विधानसभा में एनडीए सरकार द्वारा विश्वास मत हासिल करने के बाद अब राज्य की सियासत में मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने स्पष्ट कर दिया है कि बहुत जल्द मंत्रिमंडल का विस्तार किया जाएगा। उन्होंने संकेत दिए हैं कि नई सरकार बिहार के विकास के लिए लंबी योजना पर काम कर रही है और आने वाले समय में एक सशक्त टीम के साथ राज्य को आगे ले जाया जाएगा। संजय सरावगी के इस बयान के बाद अब उन चेहरों को लेकर चर्चा शुरू हो गई है, जिन्हें नई कैबिनेट में जगह मिल सकती है।

### गंगा स्नान के दौरान डूबी चार लड़कियां

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** बाढ़ अनुमंडल के बख्तियारपुर में एक शादी समारोह के दौरान बड़ा हादसा हो गया। चिरैया गांव में गंगा नदी में नहाने के दौरान चार लड़कियां डूब गईं। इनमें से दो को किसी तरह बचा लिया गया जबकि दो लड़कियां अभी भी लापता हैं। जानकारी के मुताबिक चिरैया गांव में हरदेव राय के बेटे संजन कुमार की 28 अप्रैल को शादी होनी है। शादी में शामिल होने के लिए घर पर सगे-संबंधी पहुंचे थे। इसी दौरान कुछ लोग गंगा स्नान के लिए गए थे तभी चार लड़कियां अचानक तेज धारा में बहने लगीं।

### वार्ड पार्षद की चाकू गोदकर हत्या

**छपरा(नबिटा ब्यूरो)।** मांझी नगर पंचायत क्षेत्र के गोढ़ा गांव में शादी के महज 12 घंटे पहले दूल्हे की चाकू गोदकर हत्या कर दी गई। इस घटना ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया है। मृतक की पहचान वार्ड पार्षद राजा बाबू ठाकुर के रूप में हुई है। उनका आज यानी शनिवार को तिलकोत्सव कार्यक्रम निर्धारित था। घर में शादी की तैयारियां जोरों पर थीं, टेंट-पंडाल सज चुके थे, मंगलगान गूंज रहे थे और रिश्तेदारों का आना-जाना लगा हुआ था। खुशियों का माहौल पल भर में मातम में बदल गया।

### गर्मी को देखते हुए पीएचइडी के क्षेत्रीय पदाधिकारियों की छुट्टी रद्द

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** भीषण गर्मी और संभावित जल संकट की स्थिति को देखते हुए लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग ने सभी क्षेत्रीय पदाधिकारियों की छुट्टियां तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है। विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल ने एक समीक्षा बैठक के बाद यह निर्देश दिया। सचिव ने स्पष्ट किया है कि निर्बाध और निरंतर पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्रीय पदाधिकारी अलर्ट मोड में रहें। अत्यंत आपात स्थिति में ही अवकाश स्वीकृत किया जाएगा, जिसके लिए सचिव स्तर से अनुमति अनिवार्य होगी। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के कारण जिन क्षेत्रों में भू-भूजल स्तर में कमी देखी जा रही है, वहां संबंधित पदाधिकारी वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में टैंकर आदि के माध्यम से जलापूर्ति की उपलब्धता सुनिश्चित करें।

### जानकी नवमी पर मुख्यमंत्री ने माता जानकी मंदिर में की पूजा-अर्चना

# 31 दिसंबर 2028 तक पूरा होगा मां सीता मंदिर का काम : सम्राट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सीतामढ़ी।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी शनिवार को सीतामढ़ी के पवित्र पुनौराधाम पहुंचे। यहां उन्होंने माता जानकी मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की। इसके बाद वे सीताकुंड गए, जहां जल चढ़ाकर आरती की। धार्मिक माहौल के बीच मुख्यमंत्री की मौजूदगी से पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखा गया। मुख्यमंत्री ने जानकी नवमी के अवसर पर सीतामढ़ी महोत्सव का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और स्थानीय लोग मौजूद रहे। लोगों को संबोधित करते हुए सीएम सम्राट ने कहा कि आज मेरे लिए गौरव का विषय है कि मां सीता के आशीर्वाद से बिहार के मुख्यमंत्री के पद पर बैठकर मां का आशीर्वाद लेने आया हूं। यहां की धरती में मां का जुड़ाव दिखता है। सीएम



ने कहा कि अमित शाह जी और नीतीश जी जब भूमिपूजन करने आए थे उस दिन बारिश हुई थी। जितनी देर वो यहां रहे उतनी देर यहां बारिश होती रही। ये प्रतीक है। मां सीता के जन्म के समय भी हजारों साल पहले यहां अकाल पड़ा था। उसी अकाल में मां का जन्म हुआ था। अब भूमिपूजन में बारिश हुई। दोनों का कनेक्शन है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम लोगों ने समीक्षा की है। अफसरों को निर्देश दिया गया है। अफसरों ने कहा है कि 2029 के जून में मंदिर बनकर तैयार हो पाएगा। हमने कहा कि 31 दिसबंर 2028 तक मां सीता के मंदिर का काम पूरा करना है। नीतीश जी ने कहा था सीतामढ़ी में सीता पुरम बनाएंगे। मैंने पहली कैबिनेट में ये फैसला लिया। मां जानकी से जुड़े जितने भी स्थान हैं उन्हें जोड़ा जाएगा। नीतीश कुमार जी ने यहां बड़ा मेडिकल कॉलेज बनाने का संकल्प लिया है। उसका काम भी शुरू हो गया है। उसका नाम भी मां के नाम पर ही रखा जाएगा। सीतामढ़ी दौरे से पहले मुख्यमंत्री ने सचिवालय में अधिकारियों के साथ ईको टूरिज्म को लेकर समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने पर्यटन क्षेत्र को तेजी से विकसित करने के निर्देश दिए। सरकार का फोकस धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों को पर्यटन के बड़े केंद्र के रूप में विकसित करने पर है।

## वर्षों पुरानी मेरिट लिस्ट के आधार पर नहीं किया जा सकता नौकरी का दावा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** पटना हाईकोर्ट ने पंचायत एवं प्रखंड शिक्षक नियुक्ति विवाद में महत्त्वपूर्ण निर्णय सुनाते हुए कहा है कि वर्षों पुरानी मेरिट लिस्ट के आधार पर नौकरी का दावा नहीं किया जा सकता। चीफ जस्टिस संगम कुमार साहू एवं जस्टिस हरीश कुमार की खंडपीठ ने एक साथ सुनी गई कई अपीलों को खारिज करते हुए राज्य सरकार के निर्णय को सही ठहराया। ये मामला वर्ष 2006 और 2008 की शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया से जुड़ा हुआ है। उस समय चयन सूची में शामिल कई अभ्यर्थियों को नियुक्ति नहीं मिल सकी थी। बाद में 2012 के पश्चात जब कुछ पद रिक्त हुए तो इन अभ्यर्थियों ने जिला अपीलीय प्राधिकरण के समक्ष अपील कर नियुक्ति प्राप्त कर ली। राज्य सरकार ने इन नियुक्तियों को चुनौती दी जिस पर राज्य अपीलीय प्राधिकरण ने नियुक्तियां रद्द करते हुए वेतन वसूली का आदेश दिया। इसके विरुद्ध बड़ी संख्या में शिक्षकों ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। पटना उच्च न्यायालय के खंडपीठ ने अपने 103 पृष्ठों के निर्णय में स्पष्ट किया कि 2006-08 की चयन प्रक्रिया वर्ष 2010 में ही समाप्त हो चुकी थी। बाद में उत्पन्न रिक्तियों को पुरानी मेरिट सूची से भरना नियमों के विपरीत है। कोर्ट ने कहा कि मेरिट लिस्ट को 'रिजर्व पैनल' की तरह अनिश्चितकाल तक जीवित नहीं रखा जा सकता। इसके साथ ही पटना हाईकोर्ट ने यह भी माना कि कई याचिकाकर्ताओं द्वारा 6-8 वर्ष की देरी से अपील करना उचित नहीं है जबकि राज्य की देरी को सार्वजनिक हित में स्वीकार्य ठहराया गया। इन बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए अदालत ने अपना फैसला सुनाया। साथ ही अपीलों को खारिज कर दिया।

## पटना में 81 हजार एकड़ में बसेगा नया शहर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में 22 अप्रैल को कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें राज्य में 11 नए आधुनिक शहर बसाने का फैसला लिया गया। बिहार की तस्वीर बदलने वाली इन सेटेलाइट टाउनशिप का नामकरण प्राचीन सांस्कृतिक नामों पर होगा। पटना के पुनपुन में 81 हजार एकड़ में पाटलिपुत्र नाम का नया शहर बसेगा। सेटेलाइट टाउनशिप के लिए चुने गए इलाके में जमीन की खरीद-बिक्री पर रोक लगा दी गई है। बिहार में दिल्ली-मुंबई जैसे कॉनसेप्ट पर प्लांड कॉलोनियां बसेंगी। इनमें बाजार और रहने के लिए जगह तय होंगे। चौड़ी सड़कें होंगी। हरियाली के लिए सड़क किनारे और पार्क में पेड़ लगाए जाएंगे। नगर विकास विभाग तय किए गए 11 जगहों पर नए सेटेलाइट टाउनशिप बसाने के लिए मास्टर प्लान तैयार करेगा। मास्टर प्लान में कोर एरिया और स्पेशल एरिया तय किए जाएंगे। इसके बाद लैंड यूज और निर्माण की प्लानिंग इसी मास्टर प्लान के मुताबिक होगी। सेटेलाइट टाउनशिप बड़े शहर के आसपास बनाए जाने वाले प्लांड शहर हैं। इनसे मुख्य शहर में भीड़ कम करने में मदद मिलती है। पूरे शहर को पहले से तय प्लान के आधार पर बनाया जाता है। चंडीगढ़ भारत की पहली प्लांड सिटी है। बिहार में बन रही सेटेलाइट टाउनशिप कैसी होगी इसे नवी मुंबई से समझा जा सकता है। यह 370 वर्ग किलोमीटर से ज्यादा क्षेत्रफल में फैला है।

## समुचित विकास से वंचित है 61 करोड़ से ज्यादा राजस्व देने वाला अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

- **पिछले साल 25.31 लाख से ज्यादा यात्रियों ने किया इस स्टेशन से सफर**
- **अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन पर आज भी बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव**

**औरंगाबाद।** ईस्ट सेंट्रल रेलवे का एक महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन 'अनुग्रह नारायण रोड' जो औरंगाबाद जिला मुख्यालय का निकटतम रेलवे स्टेशन है। सालाना 61.12 करोड़ से ज्यादा के राजस्व और 25.31 लाख से ज्यादा यात्रियों के बावजूद यह स्टेशन उपेक्षा का शिकार है और यहां बुनियादी सुविधाओं की भी दरकार है। पूर्व मध्य रेलवे से प्राप्त सूचना के अनुसार 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक यानी एक वित्तीय वर्ष में औरंगाबाद स्थित अनुग्रह नारायण रोड रेलवे स्टेशन से 25 लाख 31 हजार 816 यात्रियों ने यात्रा की। इस दौरान इस स्टेशन से प्राप्त होने वाली आय 61.12 करोड़ से ज्यादा थी। इनमें 34 करोड़ 93 लाख 85 हज़ार 991 रुपए यात्री किराए से आए तथा 26 करोड़ 19 लाख 6530 रुपए माल ढुलाई किराए से प्राप्त हुए। माल ढुलाई राजस्व में अनुग्रह नारायण रोड रेलवे स्टेशन का स्थान सासाराम और भभुआ रेलवे स्टेशनों से काफी ऊपर है। हालांकि रेलवे ने डेहरी ऑन सोन का आंकड़ा उपलब्ध नहीं कराया है। अगर यात्री किराए की बात करें तो डेहरी, सासाराम के बाद औरंगाबाद का स्थान तीसरा है। इतनी उपलब्धियां के बाद भी औरंगाबाद का अनुग्रह नारायण रोड रेलवे स्टेशन बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहा है। स्टेशन के प्लेटफार्म तक पहुंचाने के लिए जो लिफ्ट लगाई गई थी वह शायद ही कभी चली हो और अक्सर यात्रियों को खराब पड़ी मिलती है। प्लेटफार्म पर जाने के लिए जो रैंप बनाया गया है वह इतना लंबा है की बुजुर्ग तथा पैरों से चलने से लाचार यात्री बुरी तरह परेशान हो जाते हैं। लिफ्ट के लिए स्थानीय अधिकारियों को कई बार याद दिलाया गया लेकिन स्थिति वही बनी रहती है। स्टेशन तक पहुंचना भी खासा मुश्किल काम है। स्टेशन तक पहुंचाने की सड़क इस कदर अतिक्रमित हो गई है कि यहां से दो गाड़ियां भी एक साथ स्टेशन की ओर नहीं जा सकती। यहां से अतिक्रमण हटाने की दिशा में अथवा स्टेशन तक की एप्रोच रोड को चौड़ी करने की दिशा में कभी कोई पहल नहीं की गई। पार्किंग में अवैध वसूली की भी शिकायतें मिलती रही हैं। एक स्थानीय यात्री का कहना है कि एक बार उनसे पार्किंग के पैसे मांगे गए और रसीद मांगने पर आनाकानी की जाने लगी। जब उन्होंने विरोध किया तो उन्हें मांगे गए पैसे की तुलना में आधे पैसे की रसीद दी गई जिस पर उन्होंने आपत्ति जताई तो ठेकेदार ने कहा कि अभी नई रसीद छपकर नहीं आई है पुरानी रसीद है। इस तरह से पार्किंग में हमेशा टकराव की स्थिति बनी रहती है। पार्किंग के आसपास अंधेरा और गंदगी है तथा पार्किंग से प्लेटफार्म तक पहुंचाने के रैंप तक जाने का रास्ता भी उबड खाबड़ है। स्टेशन पर स्थित प्रथम श्रेणी के प्रतीक्षालय में अक्सर ताला बंद रहता है और द्वितीय श्रेणी के प्रतीक्षालय में गंदगी रहती है। स्टेशन के आसपास पार्किंग एरिया में भी सफाई की कमी देखी जाती है। स्टेशन के पश्चिमी सिरे पर भी अंधेरे का साम्राज्य रहता है। पेयजल की किल्लत तथा शौचालय की साफ सफाई को लेकर भी यात्री अक्सर अपनी आवाज उठाते रहते हैं। इतना ज्यादा राजस्व देने के बाद भी अनुग्रह नारायण रोड के प्रति अधिकारियों का अपेक्षा पूर्ण व्यवहार स्थानीय यात्रियों के असंतोष का कारण है।

## पूर्व सीएम नीतीश कुमार से मिले सम्राट चौधरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** विधानसभा में फ्लोर टेस्ट आसानी से पास करने के बाद मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री और जनता दल यूनाइटेड के अध्यक्ष नीतीश कुमार से मिलने एक अणे मार्ग पहुंचे। उनके साथ ललन सिंह भी मौजूद थे। सम्राट चौधरी ने नीतीश कुमार से आशीर्वाद लिया। करीब 15 मिनट तक तीनों नेताओं की बातचीत हुई। इसके बाद सम्राट चौधरी एक अणे मार्ग से रवाना हो गए। बता दें कि एक दिन पहले मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने नीतीश कुमार के कार्यकाल की खूब तारीफ की थी। सदन में उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चाहते हैं कि देश विकसित हो। उसी तरह नीतीश कुमार चाहते हैं कि बिहार समृद्ध हो। उन्होंने तेजस्वी यादव पर तंज कसते हुए कहा कि पाठशाला किसी की बपौती नहीं है।



विरासत से बाहर निकलिए। मुझे बिहार की 14 करोड़ की जनता का आशीर्वाद प्राप्त है। मुझे लालू यादव ने जेल भिजवाया था। मेरे साथ-साथ मेरे परिवार के 22 लोग जेल गए थे। अगर लालू यादव ने मुझ पर अत्याचार नहीं किया होता तो आज मैं बिहार का मुख्यमंत्री नहीं रहता है। इसीलिए कोई किसी पाठशाला से नहीं निकलता है। पूरा एनडीए एक है। उन्होंने कहा कि मैं 1995 में जेल में रहा। अगर मैं 1995 में नाबालिग रहता तो क्या जेल में रहता। मैं कोर्ट गया। उन्होंने अपनी डिग्री के सवाल पर कहा कि मैंने अपने एफीडेविट में सारी बातें स्पष्ट कर दी है।

### बैरियर फ्री होंगे टोल प्लाजा, बिना रुके ही कटेगा वाहनों का टैक्स

**नई दिल्ली(नबिटा ब्यूरो)।** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि देश भर के कई राष्ट्रीय राजमार्गों पर दिसंबर तक बिना किसी रुकावट के बैरियर-फ्री टोलिंग व्यवस्था लागू कर दी जाएगी। लॉजिस्टिक्स शक्ति समिट और अवार्ड्स 2026 के दूसरे संस्करण को संबोधित करते हुए श्री गडकरी ने कहा कि लॉजिस्टिक्स लागत को कम करने के लिए भारत को बेहतर बुनियादी ढांचा विकसित करना होगा। उन्होंने कहा कि हम दिसंबर तक देश भर के कई राष्ट्रीय राजमार्गों पर कई बाधारहित टोलिंग सिस्टम लगाने की योजना बना रहे हैं। यह नया सिस्टम एकीकृत तकनीकों का उपयोग करके बैरियर-फ्री टोलिंग की सुविधा प्रदान करता है, जिसमें एआई एनालिटिक्स के साथ ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन और आरएफआइडी आधारित इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन शामिल हैं।




# बिहार में जारी रहेगी शराबबंदी, बंगाल में बनेगी एनडीए सरकार : विजय


### बिहार के डिप्टी सीएम विजय चौधरी ने देवघर के बैद्यनाथ धाम में की पूजा-अर्चना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**देवघर।** बाबा मंदिर में शनिवार को बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय चौधरी का आगमन हुआ। डिप्टी सीएम विजय चौधरी अपने पूरे परिवार के साथ देवघर के बैद्यनाथ धाम मंदिर पहुंचे और यहां पर पूजा अर्चना की। प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए उनको वीआईपी ट्रीटमेंट के साथ पूजा कराया गया। सबसे पहले मंदिर में प्रवेश करने के बाद विजय चौधरी और उनके पूरे परिवार को तीर्थ पुरोहितों ने विधि विधान के साथ मंदिर में संकल्प कराया। पुरोहितों से संकल्प करवाने के बाद डिप्टी सीएम विजय चौधरी गर्भ गृह में जाकर भगवान भोलेनाथ के ज्योतिर्लिंग पर जलाभिषेक किया। मीडिया से बात करते हुए डिप्टी



सीएम विजय चौधरी ने बताया कि देवघर के बाबा मंदिर में वह कई बार आ चुके हैं लेकिन बिहार के डिप्टी सीएम बनने के बाद यह पहला आगमन है। उन्होंने कहा कि यह पद भगवान भोलेनाथ के आशीर्वाद से ही मिला है और आने वाले समय में जो भी पद मिलेगी या जो भी स्थिति होगी, वह भगवान भोलेनाथ की कृपा से ही होगी। विजय चौधरी ने बताया कि बिहार का डिप्टी सीएम बनने के बाद बिहार के विकास के लिए लंबी लकीर खींचनी है। भगवान भोलेनाथ के आशीर्वाद के बाद विकास की लकीर खींचना और भी आसान हो जाएगा। बिहार में शराबबंदी को समाप्त करने की हो रही चर्चा के सवाल पर डिप्टी सीएम ने कहा कि विश्वास मत प्राप्त करने के दौरान ही बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि नीतीश कुमार ने जिस लकीर को खींची है वह लकीर और भी लंबी होगी। विजय चौधरी ने कहा कि बिहार में शराबबंदी को किसी भी कीमत पर नहीं हटाया जाएगा। शराब की अवैध बिक्री पर बिहार सरकार सख्त है और आने वाले समय में बिहार में इसपर रोक जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि कई बार बिहार में जब अवैध शराब प्राप्त होते हैं तो विपक्ष की तरफ से उसे मुद्दा बनाया जाता है। लेकिन विपक्ष और आम लोगों को यह समझने की जरूरत है कि बिहार सरकार शराबबंदी को लेकर सख्त है। इसीलिए बिहार में शराब पकड़े जा रहे हैं। वहीं, बंगाल चुनाव को लेकर बिहार के डिप्टी सीएम विजय चौधरी ने कहा कि आने वाले समय में स्पष्ट हो जाएगा कि बंगाल में एनडीए गंठबंधन पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बना रही है। पहले चरण के मतदान में हुई बंपर वोटिंग से तृणमूल कांग्रेस के नेताओं को यह पता चल चुका है कि बंगाल में इस बार एनडीए की सरकार मजबूती के साथ आ रही है।



# पटना हाईकोर्ट में एटीएस की मॉक ड्रिल, आतंकी हमले से निपटने की तैयारी का प्रदर्शन


## प्रदर्शन कार्यक्रम का शुभारंभ पटना हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संगम कुमार साहू ने किया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना उच्च न्यायालय परिसर किसी तरह के आतंकी हमले से भी पूरी तरह से सुरक्षित है। राज्य पुलिस महकमे की एंटी-टेररिज्म स्क्वाड (एटीएस) की तरफ से एक व्यापक मॉक ड्रिल का आयोजन कर इसे लेकर अपनी काबिलियत दिखाई गई। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसी आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए सुरक्षा तैयारियों एवं प्रतिक्रिया तंत्र का आकलन करना था। इसका शुभारंभ मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संगम कुमार साहू के सम्मान में गार्ड ऑफ ऑनर देने के साथ हुआ। इस अवसर पर कई न्यायाधीश उपस्थित रहे। अपने समापन संबोधन में मुख्य न्यायाधीश ने पटना उच्च न्यायालय परिसर में सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था के महत्व पर बल दिया। उन्होंने वर्तमान सुरक्षा ढांचे, विभिन्न प्रवेश द्वारों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में तैनाती की समीक्षा की तथा न्यायालय परिसर की सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए प्रस्तावित उपायों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंतर्गत एक जीवंत प्रदर्शन एवं मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया जिसमें एक काल्पनिक परिदृश्य प्रस्तुत किया गया। इस परिदृश्य में पन आतंकवादियों की तरफ से पटना के फतुहा के समीप भारतीय वैज्ञानिकों को ले जा रही एक बस के अपहरण की घटना का अभ्यास किया गया। इस दौरान एटीएस कर्मियों की तरफ से समन्वित कार्रवाई, रणनीतिक हस्तक्षेप एवं त्वरित निष्पादन का प्रदर्शन किया गया। यह मॉक ड्रिल विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के बीच समन्वय को सुदृढ़ करने तथा आपात स्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने की तैयारियों को और बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुई। कार्यक्रम में महाधिवक्ता की भी उपस्थिति रही। इसके अतिरिक्त एडीजी, एटीएस, रजिस्ट्रार जनरल, पटना उच्च न्यायालय, एसपी, एटीएस, एसएसपी, पटना सहित न्यायालय रजिस्ट्री के अन्य अधिकारी एवं गणमान्य अतिथि भी उपस्थित थे। इस अवसर पर एडीजी, एटीएस पंकज कुमार दराद ने एंटी-टेररिज्म स्क्वाड की भूमिका, कार्यप्रणाली तथा आंतरिक सुरक्षा बनाए रखने में इसकी महत्ता पर प्रकाश डाला।

# डॉ. प्रेम कुमार ने जानकी नवमी पर दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने माता सीता के पावन प्राकट्य के प्रतीक 'जानकी नवमी' के अवसर पर समस्त बिहारवासियों को अपनी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि जानकी नवमी केवल एक धार्मिक तिथि नहीं है, बल्कि भारतीय संस्कृति के उन मूल्यों को रेखांकित करने का अवसर है जो युगों से हमारा मार्गदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह पर्व हमें अपनी सांस्कृतिक जड़ों की ओर लौटने और माता सीता के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लेने की प्रेरणा देता है। जानकी नवमी हमें सिखाती है कि कठिन परीक्षाओं के बीच भी चरित्र और धर्म को अडिग बनाए रखा जा सकता है। जानकी नवमी को सीता नवमी के नाम से भी जाना जाता है। यह पर्व प्रतिवर्ष वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इसी शुभ तिथि को मिथिला के राजा जनक द्वारा हल जोतते समय भूमि से माता सीता का प्राकट्य हुआ था। इसी कारण उन्हें 'भूमिजा' भी कहा जाता है। माता सीता का पावन व्यक्तित्व पवित्रता, संयम और असीम त्यागमयी स्त्रीत्व की साक्षात प्रतिमूर्ति माना जाता है। उनका संपूर्ण जीवन आदर्श नारीत्व, धैर्य और गरिमा का सर्वोच्च उदाहरण है। कठिनतम परिस्थितियों में भी धर्म के मार्ग पर अडिग रहना उनकी महानता को दर्शाता है। समाज और मर्यादा की रक्षा के लिए उन्होंने स्वयं के सुखों का सहर्ष त्याग किया।
बिहार विधान सभा के अध्यक्ष ने कहा कि यह पावन पर्व पौराणिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों को अपनाने का सुनहरा अवसर प्रदान करता है। यह पर्व विशेष रूप से मिथिला (बिहार), उत्तर प्रदेश और नेपाल के क्षेत्रों में बड़े उत्सव के रूप में मनाया जाता है। इन क्षेत्रों की लोक संस्कृति में माता सीता को 'बेटी' के रूप में पूजा जाता है जिससे भक्तों का उनके साथ गहरा भावनात्मक संबंध स्थापित होता है। आध्यात्मिक दृष्टि से जानकी नवमी उन स्त्रियों के लिए विशेष फलदायी मानी जाती है जो सुखद वैवाहिक जीवन, अखंड सौभाग्य और संतान सुख की कामना रखती हैं। माता जानकी की कृपा से जीवन में सुख, शांति और स्थिरता का वास होता है।

# पीएम मोदी के विचारों को हर बूथ तक पहुंचाना हमारा उद्देश्य : संजय सरावगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम इस महीने 26 अप्रैल को होने जा रहा है। इस कार्यक्रम को खास बनाने और जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रदेश भाजपा पूरी तरह तैयार है। इस कार्यक्रम को लेकर आज प्रदेश भाजपा कार्यालय में एक बैठक हुई जिसमें सभी मंडल के अध्यक्ष और मन की बात कार्यक्रम के संयोजक उपस्थित रहे। 26 अप्रैल को होने वाले 'मन की बात' कार्यक्रम के 133वें संस्करण की तैयारी के लिए वर्चुअल रूप से आयोजित इस बैठक में मंडल अध्यक्ष के अलावा भी कार्यक्रम के प्रदेश टीम के सदस्य भी शामिल हुए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'मन की बात' एक मासिक कार्यक्रम है जिसमें वे देश के नागरिकों को संबोधित करते हैं। कार्यक्रम को सुनना और देखना हर कोई चाहता है। ऐसे में प्रदेश भाजपा ने 26 अप्रैल को आयोजित होने वाले मन की बात कार्यक्रम को हर बूथ पर सुने जाने की व्यवस्था की जा रही है, जिससे लोग प्रधानमंत्री के प्रेरक संबोधन को सुन सकें। उन्होंने कहा कि हमारा ध्येय जन-भागीदारी और संगठनात्मक मजबूती के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों को हर बूथ तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी अपने मन की बात में समाज के अंदर किसी भी क्षेत्र में बेहतर काम करने वालो को रेखांकित कर उसकी सराहना करते हैं और उसे देश के सामने लाते हैं। इस कारण यह और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। बैठक में वर्चुअल माध्यम से प्रदेश संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया की उपस्थिति रही और उनका भी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष सह 'मन की बात' के प्रदेश संयोजक राजेंद्र सिंह तथा कार्यक्रम की प्रदेश टीम के साथ आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा, संगठनात्मक तैयारी एवं जनभागीदारी को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि हर महीने के अंतिम रविवार को आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय महत्व के विषयों, सकारात्मक कहानियों और जन-भागीदारी पर बात करते हैं जिसका उद्देश्य संवाद स्थापित करना और 'विकसित भारत' के संकल्प को मजबूत करना है। कार्यक्रम में 'वोकल फॉर लोकल', प्राकृतिक खेती और विभिन्न अभियानों पर जोर दिया जाता है।

# डूबने से तीन की मौत, मुख्यमंत्री मर्माहत

### मृतकों के आश्रितों को चार-चार लाख अनुग्रह अनुदान देने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भागलपुर के नवगछिया के रंगरा प्रखंड अंतर्गत झल्लूदास टोला स्थित गंगा घाट पर नहाने के दौरान गंगा नदी में डूबने से एक ही परिवार के 3 लोगों की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने इस घटना को काफी दुखद बताया है। मुख्यमंत्री ने आपदा प्रबंधन विभाग को मृतकों के आश्रितों को 04-04 लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिजनों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

# वन स्टॉप सेंटर कर्मियों के लिए 5 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू, सेवा गुणवत्ता पर फोकस

### इनमें केंद्र प्रशासक, केस वर्कर, मनो-सामाजिक परामर्शी और कंप्यूटर ऑपरेटर सह कार्यालय सहायक शामिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत आने वाले महिला एवं बाल विकास निगम की ओर से 26 अतिरिक्त वन स्टॉप सेंटर्स में कार्यरत कर्मियों के लिए 5 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू किया गया है। यह प्रशिक्षण पटना स्थित दशरथ मांझी श्रम एवं नियोजन अध्ययन संस्थान में 23 अप्रैल से 27 अप्रैल तक आयोजित की गई है। प्रशिक्षण में केंद्र प्रशासक, केस वर्कर, मनो-सामाजिक परामर्शी और कंप्यूटर ऑपरेटर सह कार्यालय सहायक शामिल हैं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य इन कर्मियों की कार्यकुशलता, संवेदनशीलता और सेवा प्रदान करने की गुणवत्ता को अधिक सुदृढ़ करना है। ताकि हिंसा से प्रभावित महिलाओं एवं बच्चों को प्रभावी, संवेदनशील और समयबद्ध सहायता मिल सके। वन स्टॉप सेंटर में महिलाओं के विरुद्ध किसी भी प्रकार की हिंसा (शारीरिक, मानसिक, यौनिक, आर्थिक या घरेलू) के मामलों में एकीकृत सहायता प्रदान करने वाले महत्वपूर्ण केंद्र है। इन केंद्रों के तहत पीड़ित महिलाओं को एक ही छत के नीचे चिकित्सा सहायता, मनो-सामाजिक परामर्श, अस्थायी आश्रय (शेल्टर), पुलिस सहायता और डिजिटल और प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध कराई जाती है। यह केंद्र महिलाओं को सुरक्षित, गोपनीय और सम्मानजनक वातावरण में त्वरित सहायता सुनिश्चित करते है। राज्य सरकार ने हाल ही में 26 नए अतिरिक्त वन स्टॉप सेंटर स्थापित किये है, जिससे सेवा नेटवर्क का और विस्तार हो रहा है। महिला एवं बाल विकास निगम की ओर से आयोजित इस 5 दिवसीय प्रशिक्षण में कर्मियों को बेहतर केस मैनेजमेंट, मनो-सामाजिक परामर्श की उन्नत क्षमता, डिजिटल दक्षता, कंप्यूटर आधारित कार्यालय प्रबंधन, संवेदनशीलता एवं पीड़ित-केंद्रित दृष्टिकोण तथा समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण सेवा वितरण जैसे कौशलों पर जोर दिया जाएगा। इससे माध्यम से पीड़ित महिलाओं और बच्चों को न केवल त्वरित मदद मिलेगी, बल्कि उनकी पुनर्वास प्रक्रिया भी मजबूत होगी। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान, कार्यशाला और व्यावहारिक सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। राज्य में महिला सशक्तीकरण और हिंसा पीड़ितों की सुरक्षा के लिए वन स्टॉप सेंटर योजना केंद्र सरकार की 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' और 'महिला सशक्तीकरण' अभियानों से जुड़ी हुई है।

# ममता सरकार ने बंगाल के गौरवशाली संस्थानों को राजनीतिक अराजकता का केंद्र बनाया : धर्मेंद्र प्रधान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पश्चिम बंगाल के शैक्षणिक संस्थानों की वर्तमान स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बंगाल के संस्थानों को उनके पुराने गौरव और शैक्षणिक उत्कृष्टता पर वापस लाने का संकल्प, असल में बंगाल के भविष्य को सुरक्षित करने का आह्वान है। जादवपुर विश्वविद्यालय की घटना का संदर्भ देते हुए धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि यूजीसी की विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट ममता सरकार की विफलता का एक पुख्ता दस्तावेज है। उन्होंने कहा कि जिस संस्थान ने कभी देश को महान शिक्षाविद और वैज्ञानिक दिए, आज वहां का प्रशासन 'लापरवाह' और 'जवाबदेही से शून्य' हो चुका है। यूजीसी समिति द्वारा एंटी-रैगिंग ढांचे को 'कमजोर' बताना और अनुदान में 10% कटौती की सिफारिश करना यह दर्शाता है कि राज्य सरकार ने परिसरों को केवल राजनीतिक प्रभाव के लिए इस्तेमाल किया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि टीएमसी शासन के तहत बंगाल के विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक जिम्मेदारी के बजाय राजनीतिक हस्तक्षेप को प्राथमिकता दी गई है जिससे सुरक्षा तंत्र पूरी तरह ध्वस्त हो गया है। उन्होंने कहा कि कैंपस में 'भय मुक्त' वातावरण प्रदान करना राज्य सरकार की जिम्मेदारी थी जिसमें वह पूरी तरह विफल रही है। श्री प्रधान ने स्पष्ट किया कि बंगाल का छात्र अब गिरावट को अपनी नियति नहीं मानता।
राज्य में शैक्षणिक संस्थानों के सुधार की मांग अब एक जन-आंदोलन का रूप ले चुकी है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा सुधार की बात करने पर मुख्यमंत्री का विचलित होना यह दर्शाता है कि उन्हें बंगाल के युवाओं की शिक्षा से अधिक अपनी राजनीतिक पकड़ खोने का डर है।

# गन्ना किसानों को अब एक ही जगह सभी सुविधाएं, विभाग की नई पहल

### गन्ना किसानों का होगा वन स्टॉप समाधान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** गन्ना उद्योग विभाग द्वारा गन्ना सेवा केंद्र के माध्यम से छोटे और सीमांत किसानों को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। ताकि किसानों को गन्ना की खेती में होने वाली परेशानी दूर हो सके और वह कम लागत में बेहतर गन्ना की खेती कर सकें। विभाग के मुताबिक यह योजना सबसे पहले उन जिलों में लागू की जाएगी जहां सबसे ज्यादा गन्ना का उत्पादन होता है और मशीनीकरण कम है। इसके बाद अन्य जिलों में इसे लागू किया जाएगा। यह किसानों के लिए एक वन-स्टॉप समाधान होगा। यहां किसानों को खेती से जुड़ी सलाह, नई किस्मों की जानकारी, सरकारी योजनाओं और सब्सिडी की जानकारी, मिल और बाजार से जुड़ाव के बारे में भी जानकारी मिलेगी। इससे किसानों का समय और खर्च दोनों बचेंगे और सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से मिलेगा। बताया जाता है कि गन्ना उद्योग विभाग ने छोटे और सीमांत किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के साथ ही मशीन खरीदने में मदद करेगा और किसानों को प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराएगा।

# नीलांशु रंजन के उपन्यास 'माई पापा इज ग्रेट' का लोकार्पण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** मशहूर शायर और लेखक नीलांशु रंजन के नये उपन्यास 'माई पाप इज ग्रेट' का लोकार्पण शनिवार को राजधानी पटना के जगजीवन राम शोध संस्थान प्रबुद्ध लेखकों और बुद्धिजीवियों की उपस्थिति में हुआ। पत्रकार से लेखक में तब्दील हुए नीलांशु रंजन का यह तीसरा उपन्यास सामाजिक विसंगतियों के साथ रोमांटिसिज्म को जोड़ता है और उस क्लासिक किस्सागोई की याद दिलाता है जो आज के जमाने में कहीं खो गया है। उपन्यास में भोगविलास के साथ मध्यमवर्गीय द्वंद्व को चित्रमय शैली में लिखा गया है। इसमें मध्यमवर्ग के सौभाग्य और दुर्भाग्य दोनो के दर्शन होते हैं। उपन्यास के विभिन्न पहलुओं पर लेखक संतोष दीक्षित, चर्चित लेखिका शोभ अक्षर, फिल्मकार अनवर जमाल, बिहार लोक सेवा आयोग के पूर्व चेयरमैन इम्तियाज अहमद करीमी, फिल्मकार संतोष समित ने प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रसिद्ध लेखिका भावना शेखर, वीणा अमृत, आराधना प्रसाद उपस्थित थीं। कार्यक्रम का संचालन आकाशवाणी और दूरदर्शन के उदघोषक खालिद रसीद ने किया।

# किसानों के लिए मौका, 15 मई से पहले करें ये काम, मिलेगा फायदा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अच्छी और मुनाफे वाली खेती के लिए अच्छे गुणवत्ता वाले बीजों की आवश्यकता होती है। इनका बाजार मूल्य अधिक होने के कारण इन्हें खरीदना सभी किसानों के लिए आसान नहीं होता है। ऐसे में किसानों की मदद के लिए बिहार सरकार आगे आई है। बिहार सरकार के कृषि विभाग ने किसानों की सहायता के लिए बीज अनुदान योजना शुरू की है। इस योजना के तहत बिहार सरकार किसानों को अनुदान पर अच्छी गुणवत्ता वाले सभी फसलों के बीज बिहार राज्य बीज निगम लिमिटेड के माध्यम से मुहैया करवाती है। योजना के तहत किसानों को 100 प्रतिशत तक अनुदान पर बेहतर बीज उपलब्ध कराए जाते हैं। इसका लाभ लेने के लिए आवेदक को बिहार का निवासी होना आवश्यक है। आवेदक के पास आवश्यक जमीन होनी चाहिए। किसान का निबंधन डीबीटी पोर्टल पर होना आवश्यक है। योजना का लाभ लेने के लिए किसान 15 मई तक आवेदन कर सकते हैं। इस योजना की अधिक जानकारी बिहार कृषि ऐप, कृषि विभाग की वेबसाइट से ली जा सकती है। इसके साथ ही जिला कृषि कार्यालय से भी इस संबंध में अधिक जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# जानकी नवमी पर गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी में पूजा अर्चना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** राजधानी पटना के गर्दनीबाग स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर में शनिवार को जानकी नवमी के अवसर पर मां जानकी प्रकटोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर मंदिर परिसर में विशेष पूजा-अर्चना, आरती और धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणवीर नंदन ने विधि-विधान से मां सीता और राम दरबार की पूजा-अर्चना की तथा आरती उतारी। पूजा के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल से गूंज उठा। इस अवसर पर प्रो. रणवीर नंदन ने जानकी नवमी के धार्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान श्रीराम को भगवान विष्णु का अवतार माना जाता है जबकि माता सीता मां लक्ष्मी का स्वरूप हैं। जानकी नवमी के दिन ही माता सीता का धरती पर अवतरण हुआ था, इसलिए यह दिन सनातन परंपरा में अत्यंत पवित्र माना जाता है। उन्होंने कहा कि इस दिन श्रीराम के साथ माता सीता की पूजा करने से श्रीहरि और मां लक्ष्मी की विशेष कृपा प्राप्त होती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार माता सीता की आराधना करने से जीवन में सुख-समृद्धि आती है, कष्टों का नाश होता है और किसी वस्तु की कमी नहीं रहती। प्रो. नंदन ने कहा कि मां जानकी के पूजन से धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष चारों पुरुषार्थों की प्राप्ति होती है। साथ ही जानकी नवमी के दिन विधिपूर्वक माता सीता और भगवान राम की पूजा करने से 16 महादानों, पृथ्वी दान तथा समस्त तीर्थों के दर्शन के समान पुण्य फल मिलता है। जानकी नवमी के अवसर पर मंदिर में श्रद्धालुओं ने माता सीता और प्रभु श्रीराम के जयकारे लगाए तथा सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। समारोह को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया।

# नेस्ले इंडिया ने दर्ज की एक दशक की सबसे मजबूत तिमाही वृद्धि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** नेस्ले इंडिया के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने 31 मार्च 2026 को समाप्त चौथी तिमाही और वित्तीय वर्ष के लिए आर्थिक परिणामों को मंजूरी दी। कंपनी ने इस तिमाही में लगभग एक दशक की सबसे मजबूत वृद्धि दर्ज की। कुल बिक्री और घरेलू बिक्री में क्रमशः 23.4 प्रतिशत और 23.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि घरेलू बिक्री 6,445 करोड़ रुपये से अधिक रही। स्टैंडअलोन परिणामों पर टिप्पणी करते हुए चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर मनीष तिवारी ने कहा कि कंपनी ने उच्च डबल-डिजिट वृद्धि दर्ज करते हुए अब तक की सबसे अधिक घरेलू बिक्री हासिल की है। उन्होंने बताया कि यह प्रदर्शन डबल-डिजिट वॉल्यूम ग्रोथ, बढ़े हुए विज्ञापन निवेश, मजबूत निष्पादन, पैठ विस्तार और प्रीमियम उत्पादों पर फोकस के कारण संभव हुआ। ग्रामीण बाजारों में विस्तार करते हुए नेस्ले इंडिया ने अपनी पहुंच लगभग 2,16,000 गांवों तक बढ़ाई।

# नदी-नहर की गाद से बनेंगी सड़कें, कृषि भूमि के कटाव पर लगेगा ब्रेक

### आरसीडी की सड़कों के निर्माण में नदी, नहर, तालाब और पोखरों की सिल्ट इस्तेमाल की तैयारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पथ निर्माण विभाग की सड़कों के निर्माण में अब नदी-नहर, तालाब, पोखर आदि जलाशयों के गाद (सिल्ट) का इस्तेमाल किया जाएगा। इससे एक तरफ जहां कृषि उपजाऊ क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित होगी वहीं दूसरी ओर जलाशयों की धारण क्षमता भी बढ़ेगी। विभागीय अधिकारियों की मानें तो सड़क निर्माण की कई परियोजनाओं में जलाशयों के गाद का इस्तेमाल करने की प्रक्रिया शुरू भी कर दी गई है। पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल ने हाल ही में संपन्न विभागीय बैठक में नदी तल एवं नहर चैनलों से निकाले गए डी-सिल्टेड सामग्री के प्रभावी उपयोग के लिए संबंधित मुख्य अभियंता (सीई) को जिला स्तर पर समन्वय स्थापित कर समिति के साथ आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। साथ ही जल संसाधन विभाग से आवश्यक अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) प्राप्त कर कार्यों को शीघ्र गति प्रदान करने के लिए कहा है। सचिव ने बताया कि सड़कों के निर्माण में डी-सिल्टेड सामग्री के इस्तेमाल से कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं में निर्माण कार्य को तेजी मिलने की संभावना है। उन्होंने बताया कि पटना में किमी 00 से 06 तक समग्र उद्यान, दीघा से सभ्यता द्वार और भद्र घाट से दीदारगंज (किमी 0.00 से 8.50) तक के कार्यों में डी-सिल्टेड सामग्री का उपयोग किया जाएगा। इससे निर्माण कार्यों में तेजी आएगी। इसी के साथ नालंदा जिले में सलेपुर से राजगीर (एनएच-82) तक 27.180 किमी लंबाई में 4-लेन ग्रीनफील्ड पर्यटक मार्ग (बौद्ध सर्किट) में भी इस सामग्री के उपयोग से कार्य में प्रगति आएगी। बक्सर जिले में चौसा-बक्सर बाईपास (एनएच-319) के 4-लेनिंग कार्य और दरभंगा जिले में बलभद्रपुर से बेला नवादा (एनएच-119 डी) तक 4-लेन एक्सेस कंट्रोल्ड ग्रीनफील्ड राष्ट्रीय राजमार्ग (भारतमाला परियोजना अंतर्गत) सहित अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाओं में भी इस पहल से गति आने की संभावना है। आमस-दरभंगा कॉरिडोर (पैकेज-4) जैसी प्रमुख परियोजनाएं भी इससे लाभान्वित होंगी।

# प्राचीन मंदिरों का जादू, कैमूर और गया में बढ़ रहा धार्मिक पर्यटन


**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के गांवों में सदियों पुरानी मान्यताएं और परंपराएं आज भी जीवंत हैं। वर्षों तक अनदेखी रही कहानियां अब विकास की रफ्तार के साथ धीरे-धीरे पर्यटकों और श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित करने लगी हैं। गांवों का शांत वातावरण, मिलनसार लोग और रहस्यमयी जगहें किसी भी व्यक्ति में गहरा लगाव पैदा करती हैं। राज्य व उसके बाहर के खोजी पर्यटकों व धार्मिक लोगों के लिए ये अनोखा अनुभव बनता जा रहा है। इन स्थलों को पिछले कुछ वर्षों में विकसित किया गया है। इसके लिए शहरों से गांवों तक पक्की सड़क का निर्माण, बेहतर परिवहन सुविधा, बिजली, हाट-बाजारों का आधुनिकीकरण, पर्यटकों के लिए अन्य सुविधाओं का विस्तार हुआ है। कैमूर जिला अपने पहाड़ों और नदियों के लिए पर्यटकों को आकर्षित करता रहा है, लेकिन इसकी पौराणिक गाथाएं भी कम आकर्षक नहीं हैं। रामगढ़ प्रखंड मुख्यालय से करीब तीन किलोमीटर दूर अकोढ़ी गांव स्थित है जहां एक जागृत शक्तिपीठ और सिद्धपीठ है। कहते है कि वर्ष 1982-83 में यहां नौ दिवसीय विशाल यज्ञ का आयोजन हुआ था जिसमें चारों पीठों के शंकराचार्य शामिल हुए थे। गांव में दुर्गावती नदी के तट पर स्थित प्राचीन देवी मंदिर श्रद्धालुओं को अपनी ओर खींच रहा है। नदी के पूर्वी छोर पर जौहरी मां का मंदिर और पश्चिमी छोर पर हनुमानगढ़ी मंदिर है। इस मंदिर का निर्माण गाजीपुर के संत सत्यनारायणाचार्य जी महाराज ने करवाया था। यहां हर वर्ष हनुमान जयंती पर 21 विद्वान पंडित 108 बार सुंदरकांड का पाठ करते हैं। इस दिन गांव में आस्था का बड़ा संगम देखने को मिलता है। मकर संक्रांति के अवसर पर यहां खिचड़ी भोज का आयोजन होता है जिसमें पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क ठहरने की व्यवस्था भी उपलब्ध है। बेहतर सड़क सुविधा से विकास की बयार यहा बह रही है। पर्यटकों की संख्या हर साल बढ़ रही है, जिससे गांव के लोगों को रोजगार मिला है। बेगूसराय जिले के वीरपुर पश्चिम पंचायत के वीरपुर टोला में पाल कालीन दुर्लभ मूर्तियां आज भी मौजूद हैं। इनमें सूर्य, बसहा और काली की प्राचीन मूर्तियां शामिल हैं। यह जगह जिला मुख्यालय से मात्र 13 किलोमीटर दूर है। स्थानीय लोग इन मूर्तियों की रोजाना पूजा करते हैं। वर्ष 2001-2003 के दौरान भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) और जीडी कॉलेज की टीम ने वीरपुर टीला का उत्खनन किया था, जिसमें ये ऐतिहासिक अवशेष मिले। धीरे-धीरे यह स्थल पर्यटकों के लिए भी विकसित हो रहा है। गया जिले के गुरुआ से करीब 20 किलोमीटर दूर नदौरा पंचायत में लगभग 300 वर्ष पुराना भगवान शिव का मंदिर है। यहां रोजाना औरंगाबाद जिले से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा-अर्चना करने आते हैं। हर वर्ष महाशिवरात्रि और सावन पूर्णिमा पर यहां ऐतिहासिक मेला लगता है। इस मंदिर में घंटा बजाकर मन्नत मांगने की पुरानी परंपरा आज भी कायम है। नवादा जिले के नरहट प्रखंड की शेखपुरा पंचायत अपनी धार्मिक आस्था और ऐतिहासिक धरोहर के लिए प्रसिद्ध है। जिला मुख्यालय से 24 किलोमीटर और प्रखंड मुख्यालय से सिर्फ 3 किलोमीटर दूर स्थित यह पंचायत कई रहस्यों को समेटे हुए है। यहां मां तारा देवी मंदिर अपनी अनोखी संरचना के लिए जाना जाता है। मंदिर परिसर में स्थित सात कोण वाला कुआं लोगों की जिज्ञासा का प्रमुख केंद्र है। स्थानीय मान्यता है कि इस कुएं से लगभग 500 मीटर लंबी गुफा जुड़ी हुई है जिसका संबंध प्राचीन काल और राजा विराट की पुत्री से जोड़ा जाता है। कुएं की पूजा के लिए भारी भीड़ जुटती है।

# सिंचाई विभाग की भूमि पर अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई शुरू, 618 को नोटिस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** नगर परिषद क्षेत्र में सिंचाई विभाग की भूमि पर बढ़ते अतिक्रमण के खिलाफ अब प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी है। जल संसाधन विभाग ने कुल 618 अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी किया है और भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यह कार्रवाई नहरों के प्रस्तावित पक्कीकरण को ध्यान में रखते हुए की जा रही है। बताया जाता है कि डिहरी-डालमियानगर क्षेत्र की पश्चिमी मुख्य नहर के दोनों किनारों पर लंबे समय से अवैध निर्माण जारी है। विभागीय उदासीनता और प्रशासनिक लापरवाही के कारण सिंचाई विभाग



की भूमि पर झोपड़पट्टियां, दुकानें और खटाल तक स्थापित हो गए हैं। पीडब्ल्यूडी कॉलोनी और सिंचाई कॉलोनी समेत कई सरकारी इलाके भी अतिक्रमण की चपेट में हैं। जल संसाधन विभाग ने डिहरी अंचल अधिकारी (सीओ) को अतिक्रमणकारियों की सूची सौंपते हुए कार्रवाई का अनुरोध किया है। विभाग के कार्यपालक अभियंता आसिफ इकबाल ने बताया कि संबंधित प्रखंड के सीओ को जल्द से जल्द अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए हैं। सूत्रों के अनुसार विभागीय मिलीभगत से सिंचाई विभाग की भूमि की अवैध खरीद-बिक्री भी की जा रही है जिससे स्थिति और गंभीर हो गई है।

**शहर की सुरक्षा के लिए खतरा**

एसपी कोठी के पास सोन नदी और नहर किनारे अतिक्रमण तेजी से बढ़ रहा है जिससे शहर की सुरक्षा और विधि-व्यवस्था पर भी असर पड़ रहा है। पूर्व में पुलिस निरीक्षण के दौरान यह सामने आया था कि अतिक्रमित क्षेत्रों में अवैध गतिविधियां संचालित हो रही है। हाल ही में मणिनगर क्षेत्र से चार अपराधियों की गिरफ्तारी और कई बार अवैध शराब व हेरोइन की बरामदगी ने इस आशंका को और मजबूत किया है। पूर्व थानाध्यक्ष ने एसडीएम और नगर परिषद को पत्र लिखकर अतिक्रमण हटाने की मांग की थी। उन्होंने बताया था कि इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की पहचान और पृष्ठभूमि की कोई स्पष्ट जानकारी नहीं है जिससे कानून-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो रही है।

**प्रशासन ने दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश**

एसडीएम नीलेश कुमार ने कहा कि अतिक्रमणकारियों को चिन्हित कर जल्द ही कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इस मामले में त्वरित कदम उठाने का निर्देश दिया है। प्रशासन की इस पहल से उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही सिंचाई विभाग की भूमि अतिक्रमण मुक्त होगी और नहरों के पक्कीकरण का कार्य सुचारू रूप से शुरू हो सकेगा।

# अमरा तालाब में वीर कुंवर सिंह जयंती पर बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** अमरा तालाब स्थित लेट्स इंस्पायर बिहार के अंतर्गत संचालित गार्गी पाठशाला (निःशुल्क पाठशाला) में महान स्वतंत्रता सेनानी वीर कुंवर सिंह की जयंती श्रद्धा, सम्मान और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ वीर कुंवर सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर पाठशाला के विद्यार्थियों ने वीर कुंवर सिंह के जीवन, साहस और बलिदान पर आधारित कविता एवं भाषण प्रस्तुत किए। बच्चों की प्रभावशाली प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को देशभक्ति से ओत-प्रोत कर दिया। उन्होंने अपने शब्दों और भावनाओं के माध्यम से वीर कुंवर सिंह के अदम्य साहस, संघर्ष और देशप्रेम को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में गार्गी अध्याय की मुख्य समन्वयक एवं गार्गी पाठशाला की




संचालिका नूतन पांडेय का विशेष योगदान रहा। वे समय-समय पर बच्चों के बीच इस प्रकार की शैक्षणिक एवं प्रेरणादायक गतिविधियों का आयोजन कराती रहती हैं। निःशुल्क पाठशाला में इस तरह का आयोजन बच्चों के लिए एक नया और प्रेरणादायक अनुभव साबित हुआ, जिसे उन्होंने पहले कभी नहीं देखा था। इस अवसर पर पूर्व प्रमुख राम कुमारी की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही सहयोगी शिक्षिकाएं कंचन, मंदा एवं अन्य लोग भी उपस्थित रहे और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों के बीच कॉपी, कलम एवं मिठाई का वितरण किया गया जिससे बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। यह आयोजन विद्यार्थियों में देशभक्ति, त्याग और प्रेरणा की भावना जागृत करने में अत्यंत सफल रहा।

# दहेज के लिए छात्रा की आत्महत्या मामले में भावी ससुर गिरफ्तार, भावी पति फरार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** दहेज के लिए प्रताड़ित के कारण छात्रा के आत्महत्या मामले में भावी ससुर को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। फरार पति की तलाश को पुलिस छापेमारी जारी है। जी एन एस वि के एलएलबी की छात्रा के आत्महत्या के मामले में फरार चल रहे एक नामजद भावी ससुर को पुलिस ने गिरफ्तार किया। आलोक सिंह की तलाश जारी है। एस डी पी ओ अतुलेश झा के अनुसार डिहरी मुफस्सिल थाना ने सासाराम पंचशील कॉलोनी से एक अभियुक्त अजय सिंह को गिरफ्तार किया गया है। बताते चलें कि 13 मार्च को जमुहार स्थित गोपाल नारायण सिंह कॉलेज में एलएलबी पांचवी सेमेस्टर की छात्रा प्रियंका सिंह ने अपने हॉस्टल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मृतका के पिता मनीष कुमार ने अजय सिंह व उनके पुत्र आकाश सिंह पर दहेज के लिए दबाव बनाने का आरोप लगाते हुए आत्महत्या का कारण बताया था जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपितों के गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही थी। बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि आरोपित अपने घर में मौजूद है। सूचना का सत्यापन व कार्रवाई को लेकर टीम का गठन कर आरोपित के घर पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान आरोपित पिता अजय सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपित को न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया है। वही पुत्र आकाश सिंह की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। जल्द उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस मामले में लड़का के पिता अजय सिंह को पंचशील कॉलोनी सासाराम से गिरफ्तार किया गया है वही इनका लड़का भी नामजद है जिसका नाम आकाश सिंह है जो अभी फरार है।

# सड़क दुर्घटना में पांच घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढी गोला (रोहतास)।** जिले के आयर कोठा थाना क्षेत्र से है जहां शादी समारोह में ब्रेजा गाड़ी से शामिल होने जा रहे गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। गाड़ी पर सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। घटना की पुष्टि करते हुए आयर कोठा थाना अध्यक्ष शिवम कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत आयर कोठा पुल के समीप मुख्य सड़क पर चार चक्का वाहन सड़क किनारे पेड़ में टक्कर मार दी। गाड़ी पर सवार सभी लोग रांची से एक तिलक समारोह में शामिल होने ग्राम नगवा थाना सिमरी जिला बक्सर जा रहे थे। तभी ड्राइवर को झपकी लगने के कारण आयर कोठा पुल के समीप मुख्य सड़क से हटकर सड़क किनारे पेड़ में टकरा गई। दुर्घटना के बाद सभी को मामूली चोटे आई हैं एक बच्ची को ज्यादा चोटें आई है। सभी को इलाज के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेजा गया है जहां उनका इलाज चल रहा है। इस दुर्घटना में मीना देवी उम्र 55 वर्ष, आयुष्मान सिंह उम्र 8 वर्ष, जिया सिंह उम्र 8 वर्ष, चांदनी कुमारी उम्र 35 वर्ष, रामाशीष सिंह उम्र 55 वर्ष सभी ग्राम नगवा, थाना- सिमरी जिला-बक्सर के रहने वाले शामिल हैं। स्थानीय पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए भेजते हुए दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जब्त कर थाने ले गई।

# खड़ी ट्रक में पिकअप ने मारी टक्कर, एक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** सासाराम के अगरेर थाना क्षेत्र के मोकर पुल के पास रामगढ़ गांव के नजदीक सड़क किनारे खड़ी एक ट्रक में एक पिकअप वैन ने जबरदस्त टक्कर मार दी जिससे पिकअप वैन पर सवार राजकुमार चौधरी नामक 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। युवक का दो सप्ताह पहले ही विवाह हुआ था। वह फेकन चौधरी का पुत्र था। वही इस हादसे में दो महिलाओं सहित 6 लोग घायल हो गए हैं। घायलों में एक नन्हा बच्चा भी है जिसकी उम्र लगभग एक साल से कम ही होगी। वही मृतक राजकुमार चौधरी के पिता फेकन चौधरी, उसकी माता के अलावा बहन मौली कुमारी, भाई तथा भतीजा राकेश कुमार और अतुल भी घायल हो गए हैं।

# नन्हे हाथों ने रचा इतिहास, तिलौथू की प्रदर्शनी में चमकी बच्चों की प्रतिभा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम/तिलौथू।** महिला मंडल इकाई द्वारा अमलतास निकेतन में शनिवार को आयोजित भव्य प्रदर्शनी में बच्चों की रचनात्मकता ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय परिसर में लगे इस प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने देश की ऐतिहासिक और धार्मिक धरोहरों को जीवंत रूप में प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में इंडिया गेट, केदारनाथ मंदिर, मीनाक्षी मंदिर, लाल किला और कुतुब मीनार के आकर्षक मॉडल लोगों के लिए खास आकर्षण का केंद्र बने। बच्चों ने इन मॉडलों के माध्यम से न केवल स्थापत्य कला की बारीकियों को उकेरा, बल्कि भारत की सांस्कृतिक विरासत का भी सुंदर चित्रण किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में जबरदस्त उत्साह, उमंग और आत्मविश्वास देखने को मिला। अभिभावकों और शिक्षकों ने बच्चों की मेहनत और रचनात्मक सोच की सराहना की। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों की प्रतिभा को मंच प्रदान करना और उन्हें देश की समृद्ध ऐतिहासिक धरोहरों से जोड़ना था। इस अवसर पर विद्यालय की निदेशक रंजना सिन्हा, प्रधानाचार्या रीना कुमारी और संचालिका संगीता मिश्रा समेत सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# ईंट भट्ठों पर एनएसएस ने किया मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता चौपाल का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा नीव की ईंट गैर सरकारी संगठन के सहयोग से ईंट भट्ठों पर मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 24 अप्रैल 2026 को सासाराम सदर तथा 25 अप्रैल 2026 को निमियाडीह में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं किशोरियों को मासिक धर्म से संबंधित स्वच्छता, सुरक्षित उत्पादों के उपयोग तथा इससे जुड़े सामाजिक मिथकों और भ्रांतियों को दूर करना था। इस दौरान स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए संवाद, चर्चा एवं




व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम का नेतृत्व एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी आयुष कात्यायन एवं डॉ. धनंजय तिवारी के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेवकों पिहू शर्मा, प्रज्ञा मिश्रा, आंचल, गुड्डी, सोनल, अक्षरा, सालवी, मेहनाज, आर्या, खुश्नूमा, शिवानी, नाजिया, कोमल, सोनाली, ज्योति, रिंकू, आरती, नूर एवं कुदसिया की सक्रिय सहभागिता रही और सभी ने जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके साथ ही स्वयंसेवक मार्गदर्शक के रूप में आशीष रंजन एवं पियूष कुमार का विशेष योगदान रहा जिन्होंने कार्यक्रम के सफल संचालन में अहम भूमिका निभाई।

कार्यक्रम के अंत में स्थानीय महिलाओं एवं किशोरियों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे अत्यंत लाभकारी बताया। एनएसएस एवं गैर सरकारी संगठन नींव की यह संयुक्त पहल समाज में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुई।

# काशीघाट में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ और सूर्यनारायण प्राण प्रतिष्ठा शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज(रोहतास)।** बिक्रमगंज के काशीघाट में शनिवार को श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ और सूर्यनारायण प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान का शुभारंभ भव्य जलभरी शोभायात्रा के साथ हुआ। अनुष्ठान का नेतृत्व आचार्य स्वामी मुक्तिनाथ जी महाराज कर रहे हैं। गाजे-बाजे के साथ निकली शोभायात्रा यज्ञ मंडप से प्रारंभ होकर आस्कामिनी मंदिर डिहरी रोड, काली मंदिर डुमरांव रोड, शंकर भगवान मंदिर आरा रोड और महावीर मंदिर सासाराम रोड होते हुए वापस यज्ञ मंडप पहुंची। काशी घाट पर काव नदी से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश में जल भरा गया। शोभायात्रा में हजारों महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। जलभरी के विधि-विधान से संपन्न होने के बाद यज्ञ मंडप में चारों वेदों के नाम पर द्वारों का नामकरण किया गया। पूर्व में ऋग्वेद द्वार, पश्चिम में श्यामदेव द्वार, उत्तर में अथर्ववेद द्वार और दक्षिण में यजुर्वेद द्वार बनाया गया है। यज्ञ मंडप में श्री लक्ष्मी नारायण भगवान का यज्ञ पाठ शुरू हो गया है जो 30 अप्रैल को पूर्णाहूति तक चलेगा। साथ ही प्रवचन और भजन का कार्यक्रम भी प्रारंभ हो गया है। प्रवचन सभागार में कार्यक्रम दोपहर 3:00 बजे शुरू हुआ और अब रोजाना शाम 5:30 बजे से होगा। 29 अप्रैल को लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज का विशेष प्रवचन निर्धारित है। भगवान सूर्य के नवनिर्मित मंदिर में योग्य आचार्यों द्वारा विधि-विधान से जलधिवास प्रदान किया गया। प्राण प्रतिष्ठा भी शीघ्र संपन्न होगी। यज्ञ मंडप में पाठ के साथ परिक्रमा भी शुरू हो गई है जहां दिनभर भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंडप की परिक्रमा और प्रवचन सुनने पहुंच रहे हैं। यह पूरा अनुष्ठान श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के परम शिष्य श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के कुशल मार्गदर्शन में संचालित हो रहा है।

# रोहतास के 4 सीनियर स्काउट राष्ट्रीय कला एवं शिल्प कार्यशाला में भाग लेने रवाना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** भारत स्काउट एवं गाइड, रोहतास के चार सीनियर स्काउट्स राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कला एवं शिल्प कार्यशाला में भाग लेने के लिए रवाना हो गए हैं। यह कार्यशाला भारत स्काउट एवं गाइड के राष्ट्रीय मुख्यालय, नई दिल्ली द्वारा आयोजित की जा रही है जिसमें देशभर के विभिन्न राज्यों से चयनित प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। बिहार राज्य मुख्यालय, बुद्ध मार्ग पटना के निर्देशानुसार जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) अरविन्द कुमार सिंह के मार्गदर्शन में सीनियर स्काउट्स रवि शंकर कुमार, अंकित कुमार, कृष्णा कुमार और आशुतोष कुमार 25 अप्रैल की शाम 6 बजे बनारस-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस से सासाराम जंक्शन से रांची के लिए रवाना हुए। राष्ट्रीय कार्यशाला 26 अप्रैल से 30 अप्रैल तक सेंट मारिया हाई स्कूल, चुंड, ब्राम्बे,



मांडर (रांची) में आयोजित होगी। इसमें प्रतिभागियों को विभिन्न कला एवं शिल्प तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा जिससे उनके कौशल और रचनात्मकता का विकास हो सके। जिला संगठन आयुक्त अरविन्द कुमार सिंह ने बताया कि चयनित स्काउट्स ने जिला एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था जिसके आधार पर उनका चयन राष्ट्रीय स्तर की इस कार्यशाला के लिए हुआ है। उन्होंने उम्मीद जताई कि ये स्काउट्स राष्ट्रीय मंच पर जिले का नाम रोशन करेंगे। इस उपलब्धि से जिले में हर्ष का माहौल है। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को अन्य राज्यों के स्काउट्स के साथ अनुभव साझा करने का अवसर भी मिलेगा जो उनके सर्वांगीण विकास में सहायक होगा। इस अवसर पर मुख्य जिला आयुक्त सह पूर्व जिला शिक्षा पदाधिकारी शुरू देव पासवान तथा अभिभावकों ने भी चयनित स्काउट्स को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा जिला कमेटी की बैठक संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रोहतास की प्रस्तावित बैठक अध्यक्ष डॉक्टर के एन तिवारी की अध्यक्षता में उनके आवास पर संपन्न हुई। बैठक का संचालन महासचिव संतोष मिश्रा ने किया। बैठक में भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव में आयोजित कार्यक्रम की समीक्षा की गई तथा इस दौरान महासभा के विभिन्न सहयोगियों द्वारा किए गए। सामाजिक, आर्थिक एवं शारीरिक सहयोग की सराहना की गई। महासभा के कोषाध्यक्ष संतोष पांडेय द्वारा कुल आय एवं व्यय का व्योरा प्रस्तुत किया गया जिसकी उपस्थित सदस्यों ने काफी सराहना की। बैठक में कुछ महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए जिसमें मदन मोहन तिवारी शीतलपुर को जिला उपाध्यक्ष के रूप में सर्वसम्मति से



मनोनीत किया गया। इसके अतिरिक्त सच्चिदानंद दुबे को मीडिया प्रभारी का दायित्व दिया गया। जिला महासचिव द्वारा यह भी प्रस्ताव रखा गया कि प्रखंड कार्यकारिणी की बैठक जिला कमिटी के साथ करने के लिए जल्द ही एक तिथि निर्धारित की जाएगी। बैठक में निर्णय लिया गया कि सक्रिय कार्यकारिणी की 51 सदस्य कमेटी बनाने की प्रक्रिया जारी है जिसमें 31 लोगों की सहभागिता पूर्ण कर ली गई है। आने वाले कुछ ही दिनों में शेष लोगों की भी सहभागिता सुनिश्चित हो जाएगी। सदस्यता अभियान बढ़ाने संबंधी दायित्व परशुराम तिवारी एवं रितेश तिवारी शीतलपुर के संयुक्त सहयोग से संपन्न किया जाएगा।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि महासभा भवन के ऊपरी तले का निर्माण कार्य जल्द ही प्रारंभ कर दिया जाएगा। इसके लिए मदन मोहन तिवारी से आग्रह किया गया जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया विनोद तिवारी ने नीचे नवनिर्मित दो कमरों में प्लाई का दरवाजा लगवाने हेतु सहयोग देने का प्रस्ताव किया, इसे ध्वनि मत से स्वीकार कर लिया गया।

# डंपर से चकमा खाकर बाइक सवार महिला की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** अगरेर थाना क्षेत्र के मोकर के पास एक डंपर से चकमा खाकर बाइक सवार एक महिला की मौत हो गई। बताया जाता है कि मृतक महिला लक्ष्मीना देवी अपने पति उपेंद्र कुमार के साथ बाइक से जा रही थी। इसी दौरान ओवरटेक करने के चक्कर में एक डंपर से झटका लग गया जिस कारण महिला लक्ष्मीना देवी बाइक से गिर गई जिससे उसकी मौत हो गई।

**शपथ-पत्र**

मैं राजमुना देवी उम्र करीब 42 वर्ष पति- राज कुमार सिंह स्थायी निवासी ग्राम ईटवा, पो.- कोवाथ, थाना-दावथ, जिला-रोहतास, (बिहार) वर्तमान ग्राम+पो0+ थाना- डालमियानगर जिला रोहतास का निवासी हूं तथा शपथपूर्वक निम्न बयान करती हूं कि मैं एक भारतीय नागरिक हूं तथा उपरोक्त लिखित पत्ते का निवासी हूं और मेरा आधार सं.- 5610 2519 0455 है।

आधार और मतदाता पहचान पत्र और पैन कार्ड तथा बैंक खाता में मेरा नाम राजमुना देवी दर्ज है जबकि भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा डिहरी पॉलिसी सं.- 596247757 में मेरा नाम तारामुनी देवी दर्ज है।

राजमुना देवी और तारामुनी देवी दोनों नामों की एक ही व्यक्ति यानि मेरा ही नाम है और मैं उपरोक्त लिखित दोनों नामों से जानी एवं पहचानी जाती हूं ।

मैं पुनः घोषणा करता हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरे व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है।

शपथ पत्र सं. 7707 दिनांक 24.04.26

शपथकर्ता
राजमुना देवी

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा नोटिस**

**सं०– 6 ऑफ 2026–27/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू।**

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोकनिर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है।

**निविदा सं०–03–डीडीयू–व०मं०इंजी०–III–26–27 (i) कार्य का नाम एवं लोकेशन:** सहायक मंडल अभियंता/जपला के अधिन जपला में पंप सहित एक गहरे ट्यूबवेल की व्यवस्था और मौजुदा पाइप लाइन का प्रतिस्थपन।, **(ii) कार्य का अनुमानित लागत :** रू० 4459590.43, **(iii) धरोहर राशि:** रू० 89200.00, **(iv) ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय :** 15.05.2026 को 12:00 बजे तक, **(v) वेबसाईट पर ई-निविदा की विस्तृत जानकारी : www.ireps.gov.in**

**नोट: विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।**

**मंडल रेल प्रबन्धक,**
**पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय**

पीआर/0125/डीडीयू/ईएनजीजी/टी/26–27/32

**पूर्व मध्य रेल**

**ई. निविदा सूचना**

**ई–निविदा नोटिस सं०–05 ऑफ 2026–27/ खुला/ इंजीनियरिंग, डीडीयू**

मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारो से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है। **1. निविदा सं०–02–डीडीयू– मं०इंजी० – मुख्यालय – 26–27, कार्य का नाम एवं लोकेशन :** सहायक मंडल इंजीनियर/मुख्यालय/डीडीयू के अधीन स्टेशन बिल्डिंग, डब्ल्यूसीसी और एसबीआई सर्कुलेटिंग एरिया के पास गहरे ट्यूबवेल को पंप हाउस और ओवर हेड टैंक से जल आपूर्ति पाइपलाइन कनेक्शन के साथ बदलना। **कार्य का अनुमानित लागत :** ₹ 17661429.63, **धरोहर राशि :** ₹ 353200.00, **2. निविदा सं०–04–डीडीयू– मं०इंजी० – मुख्यालय – 26–27, कार्य का नाम एवं लोकेशन :** पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन–ईटीटीसी डीडीयू में खेल सुविधा में सुधार **कार्य का अनुमानित लागत :** ₹ 3120012.56, **धरोहर राशि :** ₹ 62400.00, **ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय:** 15.05.2026 को 12:00 बजे तक। **वेबसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी : www.ireps.gov.in**

**नोट:** विवाद की स्थिति में अंग्रजी पाठ मान्य होगा।

**मंडल रेल प्रबन्धक, पं० दीन दयाल उपाध्याय**

**पीआर/0126/डी०डी०यू०/ईएनजीजी/टी/26–27/40**

# 11 केवी मिनी फीडर की विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, सुरक्षित एवं निर्बाध बनाने के उद्देश्य से 11 केवी लाइन स्ट्रिंगिंग का महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में विद्युत शक्ति उपकेंद्र बेदा से निकलने वाले 11 केवी मिनी फीडर (सासाराम) को आवश्यक तकनीकी कार्य संपन्न करने के लिए अस्थायी रूप से विद्युत आपूर्ति बाधित की जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार डीएम कार्यालय का नया लाइन बनने हेतु 26 अप्रैल 2026 (रविवार) को सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित किया गया है। निर्धारित समयावधि के दौरान संबंधित फीडर से जुड़े क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति पूर्णतः बाधित रहेगी। कार्य पूर्ण होते ही विद्युत आपूर्ति को यथाशीघ्र बहाल कर दिया जाएगा। सहायक विद्युत अभियंता सासाराम (शहरी) रंजन कुमार ने बताया कि यह लाइन स्ट्रिंगिंग कार्य भविष्य में बेहतर वोल्टेज, कम ट्रिपिंग तथा निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे उपभोक्ताओं को दीर्घकालीन लाभ मिलेगा और बिजली व्यवस्था अधिक विश्वसनीय बनेगी।

# महिला आरक्षण एवं सृजन साथी अभियान को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** महिला आरक्षण एवं सृजन साथी अभियान को लेकर रोहतास जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय इंदिरा गांधी आश्रम में किया गया जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष जयप्रकाश पांडेय ने किया। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश के नेता शशि सिंह और अजय पासवान मुख्य रूप से उपस्थित हुए। बैठक के दौरान प्रदेश नेता शशि कुमार सिंह ने कहा कि 2023 में जो महिला आरक्षण बिल सर्वसम्मति के साथ पारित हुआ था सरकार उसको लागू करें जानबूझकर सरकार 2023 में परित महिला आरक्षण बिल को लागू नहीं कर रही है कांग्रेस पार्टी हमेशा से महिला आरक्षण बिल के पक्ष में है और हम लोग मांग करते हैं। सरकार महिला आरक्षण बिल को जल्द लागू करें वही अजय पासवान ने कहा कि सृजन साथी अभियान में रोहतास जिला के हर एक प्रखंड हर एक पंचायत हर एक बूथ पर सृजन साथी को जोड़कर कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने का काम रोहतास जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर हम लोग करेंगे वहीं कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष जयप्रकाश पांडेय ने कहा कि जिले में व्यापक भ्रष्टाचार अफसरशाही के विरुद्ध में जल्द ही रोहतास जिला में कांग्रेस पार्टी के द्वारा एक व्यापक आंदोलन होगा। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित पतंजलि मिश्रा, राधा प्रसाद सिंह, मनीष कुमार चौबे, मानस रंजन, मोहम्मद हसन खान, द्वारकाधीश दुबे उर्फ लल्लू दुबे, जोखन बिंद, मनोज कुमार सिंह, तौफीक अहमद मकरानी, सुमंत सिंह, जावेद अख्तर, शमीम अंसारी, दीपक कुशवाहा, सुखदेव राम, अरविंद सिंह, रोहित पासवान, श्री भगवान सिंह, राजेश्वर कुशवाहा, शत्रुघ्न पासवान, हीरा राम, पीयूष भारद्वाज, ज्ञानचंद ओझा, वशिष्ठ राम, पंकज कुमार, विंध्याचल पांडेय उर्फ बीर बाबा, उपेंद्र तिवारी, पप्पू पांडेय, संजय कुमार पाल, मोहम्मद आरिफ, हरेंद्र मिश्रा, राकेश कुमार मिश्रा सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल हुए।

# रजौली में नर्सिंग होम सह दवा दुकान पर छापेमारी, 16 किलो गांजा बरामद

## रजौली डीएसपी के नेतृत्व में की गई छापेमारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रजौली।** बाईपास स्थित एक नर्सिंग होम सह मेडिकल हॉल में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ का खुलासा किया है। शुक्रवार की रात करीब 9:30 बजे रजौली डीएसपी गुलशन कुमार के नेतृत्व में छापेमारी की गई, जिसमें 16 किलो गांजा बरामद किया गया। यह थोक लाइसेंस लेकर रिटेलिंग करता था ड्रग इंस्पेक्टर का पूरा आशीर्वाद प्राप्त था।

छापेमारी के दौरान मौके से नर्सिंग होम एवं संतोष मेडिकल हॉल के संचालक संतोष कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपी न केवल नर्सिंग होम और मेडिकल स्टोर का संचालन करता था, बल्कि रजौली दवा विक्रेता संघ का सचिव भी है। इस कार्रवाई के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। स्थानीय लोगों के बीच चर्चा है कि स्वास्थ्य सेवा से जुड़े व्यक्ति का इस तरह अवैध धंधे में संलिप्त होना गंभीर सवाल खड़े करता है।

पुलिस ने बरामद गांजा को जब्त कर लिया है और आरोपी से पूछताछ जारी है। अधिकारियों का कहना है कि इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भी पहचान की जा रही है और जल्द ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

डीएसपी गुलशन कुमार ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और इसमें संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

## शादी समारोह में हथियार लहराना पड़ा महंगा, वीडियो वायरल होते ही युवक धराया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कार्रवाई**

**हिलसा (नालंदा)।** हिलसा अनुमंडल के औंगारी में एक शादी समारोह के दौरान हथियार लहराना एक युवक को भारी पड़ गया। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और न्यायिक हिरासत में भेज दिया। जानकारी के अनुसार, जमुई जिले से आई बारात औंगारी में पहुंची थी, जहां शादी समारोह चल रहा था। इसी दौरान एक युवक ने भीड़ के बीच देसी कट्टा लहराया। किसी ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया, जो तेजी से वायरल हो गया। वीडियो सामने आते ही पुलिस हरकत में आई और मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित छापेमारी की। थानाध्यक्ष सोनू कुमार शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बारात की विदाई से पहले ही आरोपित को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देसी कट्टा और मोबाइल फोन बरामद किया गया। गिरफ्तार युवक की पहचान जमुई जिले के चंद्रदीप थाना क्षेत्र के अलीगंज निवासी विलास चौहान के पुत्र चंदन कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# नवादा पुलिस की कार्रवाई में 31 गिरफ्तार, शराब व गांजा बरामद, 82 का हजार जुर्माना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय, नवादा द्वारा जारी प्रेस-विज्ञप्ति के अनुसार जिले में चलाए गए विशेष अभियान के तहत पुलिस ने विभिन्न मामलों में कुल 31 लोगों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई अपराध नियंत्रण और विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हत्या के प्रयास के मामले में 7, एनडीपीएस एक्ट के तहत 1, एससी/एसटी एक्ट के तहत 1, अवैध खनन के मामले में 2, पॉक्सो एक्ट के तहत 2, मद्यनिषेध अधिनियम के तहत 4 तथा अन्य मामलों में 14 लोगों की गिरफ्तारी की गई है। इसके अलावा पुलिस ने शराब के खिलाफ अभियान चलाते हुए 100 लीटर देसी महुआ शराब और 3 लीटर विदेशी शराब बरामद की है। वाहन जांच अभियान के दौरान 285 वाहनों की जांच की गई, जिसमें नियम उल्लंघन करने वालों से कुल 82,000 रुपये जुर्माना वसूला गया। वहीं 2 वारंट का निष्पादन भी किया गया, जबकि कुर्की का कोई मामला सामने नहीं आया। अन्य उपलब्धियों के तहत पुलिस ने 2 अपहृत व्यक्तियों को बरामद किया तथा 1 अन्य मामले में सफलता प्राप्त की। साथ ही 1.424 किलोग्राम गांजा भी जब्त किया गया है, जो नशीले पदार्थों के खिलाफ पुलिस की सख्ती को दर्शाता है। महत्वपूर्ण कार्रवाई के अंतर्गत कोंच थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 3 लीटर विदेशी शराब बरामद करते हुए मामला दर्ज किया। हिसुआ थाना ने 10 लीटर महुआ शराब, अकबरपुर थाना ने 80 लीटर महुआ शराब तथा पकरीबरावां थाना ने 10 लीटर महुआ शराब जब्त की। सभी मामलों में बिहार मद्यनिषेध अधिनियम 2016 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। वहीं रजौली थाना क्षेत्र में गांजा तस्करी के आरोप में एक व्यक्ति को 1.424 किलोग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। नवादा पुलिस की यह व्यापक कार्रवाई अपराधियों के खिलाफ सख्त रुख को दर्शाती है और आम लोगों में सुरक्षा की भावना को मजबूत करती है।

### दुकानदार के साथ मारपीट

**वारिसलीगंज (नवादा)।** रंगदारी नहीं देने पर बदमाशों ने एक दुकानदार के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। दुकान के गल्ला में रहे 20 हजार रुपये लेकर चलते बना और जाते-जाते 30 हजार दो दिनों में देने की बात कही गयी। इस बाबत घायल दुकानदार थाना क्षेत्र के कोरमा गांव निवासी वशिष्ठ नारायण पांडेय के पुत्र मनोरंजन कुमार ने स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज करा पड़ोस गांव निवासी स्व धानो सिंह के पुत्र मुन्ना सिंह तथा उनके पुत्र चंदन कुमार को अभियुक्त बनाया है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया कि 23 अप्रैल 2026 को मैं नगर के पटेल नगर स्थित अपने दुकान पर बैठा था, तभी उक्त दोनों लोग दुकान पर आकर 50 हजार रंगदारी मांगने लगे। रंगदारी देने से मना करने पर लोहे के रॉड से प्रहार कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया।

# महिला विधेयक पास नहीं होने पर विपक्ष को ठहराया जिम्मेवार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**नवादा।** प्रेस वार्ता की मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा की पूर्व विधायक डॉ उषा विद्यार्थी ने संबोधित किया। डॉ उषा विद्यार्थी ने महिला आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस और विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि संसद में विपक्ष का आचरण देश की महिलाओं के हृदय में शूल की तरह चुभा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला शक्ति को समुचित स्थान और सम्मान दिया है, जबकि कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों की नारी विरोधी सोच के कारण नारी शक्ति वंदन संशोधन अधिनियम पारित नहीं हो सका। उन्होंने आरोप लगाया कि महिला आरक्षण के विरोध में मतदान के बाद विपक्षी नेताओं द्वारा तालियां बजाना, मेजें थपथपाना और हंसी उड़ाना महिलाओं का अपमान है। उन्होंने कहा कि विपक्ष की नकारात्मक सोच के कारण यह महत्वपूर्ण विधेयक पारित नहीं हो सका। संसद में विपक्ष का व्यवहार महिलाओं के सम्मान के खिलाफ रहा है और यह आचरण देश की महिलाओं के हृदय में शूल की तरह चुभा है। उन्होंने कहा कि उचित समय आने पर महिला शक्ति इसका लोकतांत्रिक तरीके से जवाब देगी। साथ ही विपक्ष पर समाज को बांटने और उत्तर-दक्षिण के बीच विभाजन पैदा करने का भी आरोप लगाया। पूर्णिया सांसद पप्पू यादव के महिलाओं के संबंध में दिए गए बयान पर उन्होंने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की टिप्पणियां न केवल महिलाओं का अपमान हैं, बल्कि समाज में भी गलत संदेश देती हैं। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में रहने वाले नेताओं को अपने शब्दों की मर्यादा का विशेष ध्यान रखना चाहिए। डॉ उषा विद्यार्थी ने आगे कहा कि पप्पू यादव की पत्नी भी सांसद हैं, ऐसे में उन्हें भी इस मुद्दे पर अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। उन्होंने कहा आज महिलाएं अपने दम पर हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और अपनी अलग पहचान बना रही हैं। इस तरह के बयान उनके संघर्ष और उपलब्धियों को कमतर आंकने का प्रयास हैं, जो बिल्कुल अस्वीकार्य है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि समाज में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और उनका सम्मान करना हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। इस मौके पर जिला महामंत्री नंद किशोर चौरसिया, मीडिया प्रभारी गुलशन कुमार, महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष वीणा वर्णनवाल एवं मंडल अध्यक्ष शिवरानी केशरी उपस्थित थीं।

# सेवानिवृत कर्मचारियों ने ली कांग्रेस की सदस्यता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**नवादा।** नवादा जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष प्रभाकर झा की अध्यक्षता में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम जी के द्वारा शिक्षा विभाग में प्रधानाध्यापक पद से सेवानिवृत सत्येंद्र कुशवाहा जी, रेलवे से इंजीनियर के पद से सेवानिवृत इंजीनियर उपेंद्र रजक एवं शिक्षा विभाग से सेवानिवृत रविंद्र चौरसिया जी को कांग्रेस का पटका और माला देकर सदस्यता दिलाई गई। सत्येंद्र कुशवाहा जी ने कहा कि देश व प्रदेश में जिस तरीके से भाजपा की सरकार आपसी भाईचारे के बीच नफरत बांटने की कोशिश सत्ता के लिए कर रहे है उससे ना ही देश का भला हो सकता है और ना ही राज्य का। अगर देश में कोई मोहब्बत की बात करते हैं वो हैं राहुल गांधी। इसलिए राहुल गांधी द्वारा ईमानदारी पूर्वक उठाए जा रहे जनहित में कदम और नवादा जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष प्रभाकर झा के द्वारा सड़कों पर आम जनमानस की आवाज से प्रेरित होकर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण किया हूं। उपेंद्र रजक ने कहा कि भाजपा पूंजीपतियों की सरकार है देश पर कर्ज बढ़ता जा रहा है लेकिन भाजपा सत्ता के नशे में चूर है। देश को जुमलेबाजों से बचाना है तो डबल इंजन की सरकार को उखाड़ फेंकना है। श्री रविंदर चौरसिया ने कहा कि भाजपा की सरकार में महंगाई चरम सीमा पर, बेरोजगारी दर सबसे अधिक है, केंद्र में ग़ैर जिम्मेवार सरकार है। मुझे गांधी जी की विचारधारा पसंद है। इसलिए मैंने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम व नवादा जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष प्रभाकर झा ने तीनों सेवानिवृत कर्मचारी को कांग्रेस कि सदस्यता ग्रहण करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। प्रभाकर झा ने ये भी कहा कि आनेवाले समय में नवादा में हर वर्ग के लोग बड़ी संख्या में कांग्रेस से जुड़ेंगे।

# गरही डैम में डूबने से दो युवकों की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** कौआकोल थाना के सीमावर्ती गरही थाना क्षेत्र स्थित गरही डैम में शनिवार को एक दर्दनाक हादसे में डूबने से दो युवकों की मौत हो गई। यह घटना शनिवार शाम उस समय हुई, जब नहाने के दौरान पहले एक युवक गहरे पानी में डूबने लगा और उसे बचाने गया दूसरा युवक भी डैम के गहरे पानी में समा गया। मृतकों की पहचान कौआकोल थाना क्षेत्र के देवनगढ़ पंचायत अंतर्गत 18 वर्षीय मो. अफजल अंसारी (पिता- मुन्नीवर अंसारी) तथा 21 वर्षीय मो. समीर अंसारी (पिताऽ सरफराज अंसारी) के रूप में हुई है। बताया जाता है कि दोनों युवक अपने पांच दोस्तों के साथ गरही डैम घूमने आए थे। घूमने के दौरान सभी युवक डैम में नहाने लगे। इसी बीच अफजल गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। अपने दोस्त को डूबता देख समीर उसे बचाने के लिए पानी में कूद पड़ा, लेकिन वह भी गहराई का अंदाजा नहीं लगा सका और दोनों डूब गए। मृतकों के साथ रहे मौजूद दोस्तों मो. शाहबाज, मो. आदिल और मो. अयान ने बताया कि घटना के बाद वे लोग पानी से बाहर निकलकर शोर मचाने लगे। शोर सुनकर वहां मौजूद नाविक एवं स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और खोजबीन शुरू की गई। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद नाविकों ने दोनों युवकों को पानी से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस द्वारा मृतकों के परिजनों को भी घटना की सूचना दे दी गई है। घटना के बाद इलाके में शोक का माहौल व्याप्त है।

# प्रो. उतम को मिला अमेरिका का एमिली डिकिंसन पुरस्कार

## प्रो. उतम के प्रथम कविता संग्रह स्त्रष्टा को अमेरिकी संस्था ने पसंद किया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा।** दिल्ली यूनिवर्सिटी के असिस्टेंट प्रोफ़ेसर उतम कुमार को अमेरिका की प्रसिद्ध कवियत्री एमिली डिकिंसन पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उन्हें मोमेंटो, सम्मान पत्र दिया गया है। उन्हें 250 डॉलर भी दिया जाएगा। सत्यवती इवनिंग कॉलेज में हिंदी विभाग के असिस्टेंट प्रोफ़ेसर उतम कुमार की कविता संग्रह स्त्रष्टा (कला पुरूष) को यह सम्मान दिया है। दरअसल, स्त्रष्टा एक कविता संग्रह है, जिसमें 17 कविताओं का संग्रह है। इसमें मौन, गांव की सांझ, नासमझना, जम से पड़ा झमेला, आत्मराग, गेंदा फूल, कला पुरुष और उधेड़बुन जैसी कविताओं का संग्रह है। स्त्रष्टा में प्रेम, प्रकृति, समाज, कल्पना और जीवन से जुड़ी कविताएं हैं। ये कविताएं लोगों को खुद से जोड़ती है। दिलचस्प कि प्रो उतम की यह पहली कविता संग्रह है, जिसे 21वी सदी की एमिली डिकिंसन पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। प्रो उतम का एकेडेमिक रिकॉर्ड बहुत शानदार रहा है। मैट्रिक की परीक्षा में जमुई जिला के टॉपर्स रहे हैं। वह तीसरे स्थान पर रहे थे। इंटरमीडिएट की पढ़ाई देवघर से किया, जिसमें भी बेहतर प्रदर्शन रहा। पटना यूनिवर्सिटी के पटना कॉलेज से हिंदी आनर्स किया, जिसमें तीसरे रैंक पर रहे। यही नहीं, दिल्ली यूनिवर्सिटी के हिंदू कॉलेज से एमए किया। जबकि इंदिरा गांधी नेशनल सेंटर फॉर आर्टस से पीजी डिप्लोमा इन इंडियन लिटरेचर किया। जबकि 2019 में यूजीसी नेट जेआरएफ किया। ऑल इंडिया में दूसरे स्थान पर रहे। सितंबर 2023 से सत्यवती इवनिंग कॉलेज में हिंदी विभाग में असिस्टेंट प्रोफसर के पद पर कार्यरत हैं। यही नहीं, नेशनल और इंटरनेशल सेमिनार में पेपर प्रस्तुत करते रहे हैं। फिलहाल, आधुनिक हिंदी कविता में मिथकीय चेतना विषय पर रिसर्च कर रहे हैं।

2014 में वह इंडियन इंस्टीच्यूट ऑफ मास काम्युनिकेशन इंट्रेंस टेस्ट हिंदी जर्नलिज्म में देश में दूसरे स्थान पर रहे हैं। सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ बिहार के स्टेट हिंदी क्वीज में प्रथम स्थान रहा। 2010 में उतम को एक दिन के लिए जमुई के जिला जनाध्यक्ष डिस्ट्रिक्ट पुलिस ऑफिसर के रूप में बिठाकर सम्मानित किया गया।

### क्या है प्रो उतम की पृष्ठभूमि

प्रो उतम जमुई जिला के गिद्धौर प्रखंड के गंगरा गांव के रहनेवाले हैं। उनके पिता का नाम दिवंगत उमाकांत सिंह हैं। वह पेशे से वकील थे। जबकि मां बच्चन रानी गृहिणी हैं। प्रो उतम के दादा राजेश्वरी प्रसाद सिंह जमुई जिले के प्रसिद्ध अधिवक्ता थे।

### कौन है एमिली डिकिंसन

एमिली डिकिंसन अमेरिका की प्रसिद्ध कवयित्री है। एमिली का जन्म मेसाचुसेट्स के एमहर्स्ट नामक स्थान में 1830 में हुआ था। 1886 में निधन हुआ। एमिली एकांतप्रिय थी। इसलिए उनकी शिक्षा सभी सुविधाएं होते हुए भी अधिक व्यापक नही हो सकी। वह घर छोड़कर कहीं बाहर जाना नही पसंद करती थी। उनकी जीवन काल में तीन चार कविताएं ही प्रकाशित हुई थी। साहित्यकारों से परिचय भी कम था। उनकी मृत्यु के बाद उनकी कविताओं की पांडूलिपियां उनकी बहन को मिली। कई रचनाएं नष्ट भी हो चुकी थी। लेकिन शेष रचनाएं 1890 में प्रकाशित हुई और वह लोकप्रिय हो गईं थी। उनकी कविताएं जीवन, प्रेम, प्रकृति, मृत्यु आदि विषयों पर लिखी गई है। पोएट्री सोसाइटी ऑफ अमेरिका द्वारा प्रतिवर्ष डिकिंसन की शैली से प्रेरित कविता के लिए पुरस्कार दिया जाता है।

# तापमान में वृद्धि से कृषि कार्य हो रहे प्रभावित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वारिसलीगंज (नवादा)।** पिछले एक सप्ताह से प्रखण्ड में तापमान बढ़ने के साथ गर्म हवा व लू के थपेड़ों से जन जीवन बेहाल होने लगा है। सुबह के 10 बजे के बाद गर्म हवा के कारण लोगो का घर से निकलना मुश्किल हो रहा है।जो शाम के 5 बजे तक चमड़ी को झुलसाती है। ऐसे में गेहूं की कटनी दौनी एवं मूंग बोआई कार्य करना किसानों के लिए परेशानी पैदा कर रहा है। कृषि कार्य के लिए नंगे पांव खेत तक पहुंचने में किसान परेशान हो रहे हैं। जबकि मूंग बोआई का पिक समय चल रहा है। किसानों के खेतों में खड़ी गेहूं की फसल 80 से 90 फीसदी कट चुकी है। शेष फसलो की कटनी दौनी में किसान हार्वेस्टर का प्रयोग कर जल्द अपनी फसल को घर लाने में जुटे हैं।

# एडीईओ परीक्षा में प्रतिनियुक्त जनगणना कर्मियों का प्रशिक्षण सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**नारदीगंज, नवादा।** इंटर विद्यालय नारदीगंज में एडीईओ परीक्षा में प्रतिनियुक्त जनगणना कर्मियों को आयोजित प्रशिक्षण शनिवार को सम्पन्न हो गया। मास्टर टेनर अवधेश कुमार के अलावा सहयोगी प्रशिक्षक में राकेश कुमार,पंकज कुमार और रवि रंजन कुमार ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षक ने कहा यह जनगणना कर्मियों का अंतिम बैच का प्रशिक्षण रहा। बीते 13 अप्रैल से 24 अप्रैल 2026 तक सात बैच में प्रशिक्षण दिया गया। इस बीच तकरीबन 70 जनगणना कर्मी एडीईओ परीक्षा में प्रतिनियुक्ति के वजह से प्रशिक्षण से वंचित रह गए थे, उन्हें प्रशिक्षण देकर जनगणना कार्य के लिए दक्ष बनाया गया, ताकि जनगणना करने में कोई परेशानी नहीं हो। प्रशिक्षक ने सभी जनगणना कर्मियों को मकान सूचीकरण के अंतर्गत नजरि नक्शा कैसे तैयार करें। जनगणना मकान की पहचान कैसे करें, परिवार के प्रकार समेत अन्य जनगणना से सभी महत्वपूर्ण बिदुओं को बारीकी से जानकारी साझा किए। इसके अलावा प्रशिक्षण में सभी जनगणना कर्मियों को क्षेत्र में जाने की तैयारियां, लोगों से बातचीत करने, मिलने के तौर तरीके की जानकारी दी गई। इसके अलावा क्षेत्र में काम करने में आने वाले कठिनाई और समाधान करने के बारें में विस्तार से गुरु बताये गये। सभी प्रगणक और पर्यवेक्षकों को समूह में बांट कर डेमो कराया गया। फील्ड प्रशिक्षण देकर पूर्ण रूपेण दक्ष बनाया। मौके पर जनगणना कर्मियों में पर्यवेक्षक विशाल चंद्र, इस्तियाक, प्रमोद कुमार, बिनोद कुमार, रवि रंजन कुमार, धनेश कुमार समेत अन्य प्रशिक्षण में शामिल हुए।

# भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ने महिला आरक्षण को लेकर विपक्ष और महागठबंधन पर बोला हमला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** सर्किट हाउस में भाजपा नालंदा जिला अध्यक्ष राजेश कुमार के नेतृत्व में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष अनामिका पासवान ने महिला आरक्षण को लेकर विपक्ष और महागठबंधन पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा देश की आधी आबादी से जुड़ा हुआ है और इसे लेकर किसी भी प्रकार की राजनीति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि देश में करीब 70 करोड़ महिलाओं की आबादी है, जिनके अधिकारों और राजनीतिक भागीदारी को सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है। अनामिका पासवान ने कहा कि केंद्र सरकार ने महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने के उद्देश्य से विशेष सत्र बुलाकर महिला आरक्षण बिल लाया, लेकिन दुर्भाग्यवश विपक्ष के विरोध के कारण यह बिल पास नहीं हो सका। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी दल नहीं चाहते कि महिलाएं आगे बढ़ें और राजनीति में अपनी मजबूत भागीदारी दर्ज करें।

उन्होंने आगे कहा कि इस मुद्दे को लेकर देश की महिलाएं आहत हैं, गुस्से में हैं और उनके अंदर आक्रोश है। जन आक्रोश मार्च के माध्यम से इस नाराजगी को सामने लाया जा रहा है और महिलाओं के अधिकारों के लिए आंदोलन लगातार जारी है। भाजपा नेत्री ने महागठबंधन पर भी निशाना साधते हुए कहा कि वे लोग जनसंख्या के आधार पर समाज को भ्रमित करने और लोगों को बरगलाने का काम कर रहे हैं, जबकि असली मुद्दा महिलाओं को उनका हक दिलाना है। अनामिका पासवान ने यह भी कहा कि यदि महिला आरक्षण बिल 2029 के चुनाव तक लागू हो जाता है तो यह देश की महिलाओं के लिए ऐतिहासिक कदम होगा, लेकिन अगर इसमें देरी हुई तो 2034 तक इंतजार करना पड़ सकता है, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण होगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि हर हाल में इस बिल को लागू किया जाना चाहिए, ताकि महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाया जा सके। उन्होंने प्रधानमंत्री के संकल्प का भी जिक्र करते हुए कहा कि उनका स्पष्ट कहना है कि महिलाओं को उनके अधिकार हर हाल में दिलाए जाएंगे और इसी दिशा में सरकार लगातार प्रयासरत है। भाजपा कार्यकर्ता भी जमीनी स्तर पर महिलाओं को जागरूक करने और उन्हें सशक्त बनाने के लिए अभियान चला रहे हैं।

अंत में अनामिका पासवान ने कहा कि महिला आरक्षण केवल एक कानून नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन की दिशा में एक बड़ा कदम है, जिसे हर हाल में सफल बनाना जरूरी है।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेश कुमार, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश्वर प्रसाद सिंह, जिला उपाध्यक्ष तेजस्विता राधा, साबो देवी, अरविंद पटेल, डा आशुतोष कुमार, जिला मंत्री रंजू कुमारी, अमरेश कुमार, अनूसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष मणिकांत पासवान, आई टी सेल जिला संयोजक अमित शान, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पहेली राज, सीता देवी, बबीता देवी, खुश्बू कुमारी, सुनीता देवी, गौरी देवी, अनिता कुमारी, मोनी कुमारी, शिवशंकर प्रसाद, नूरसराय उत्तरी मंडल अध्यक्ष पियूष कुमार, राजीव कुमार, आलोक रंजन, बब्लू कुमार, आदित्य कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

### विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ की बैठक

# एनएच-83 का निर्माण कार्य 80 प्रतिशत पूर्ण : डा. प्रेम कुमार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** गया जिले में सड़क अवसंरचना को सुदृढ़ एवं आधुनिक बनाने के उद्देश्य से अध्यक्ष बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने शनिवार को गयाजी जिला अतिथि गृह सभागार में पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की। बैठक में विभिन्न सड़कों एवं परियोजनाओं की प्रगति के साथ-साथ निविदा (टेंडर) की वर्तमान स्थिति पर भी गहन चर्चा की गई। बैठक के दौरान डॉ. प्रेम कुमार ने नेशनल हाईवे-83 (चकन से 80 गेट होते हुए सिकरिया मोड़ तक) के निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए बताया कि लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है और शेष कार्य शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा। टिकारी रोड के निर्माण कार्य को प्रगति पर बताते हुए उन्होंने कहा कि आगामी तीन माह में इसे पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। बारी रोड एवं डॉ. मेहरा रोड में अतिक्रमण की समस्या को प्रमुख बाधा बताते हुए उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शीघ्र अतिक्रमण हटाकर 7 मीटर तक चौड़ीकरण का कार्य पूरा किया जाए। गया पुलिस लाइन रोड के चौड़ीकरण के लिए टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है और कार्य प्रगति पर है। सुजाता बायपास रोड के निर्माण के लिए पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग से स्वीकृति हेतु पत्र भेजा जा चुका है। स्वीकृति मिलते ही कार्य प्रारंभ किया जाएगा। वहीं, आमस-दरभंगा ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे परियोजना को तीन पैकेज में क्रियान्वित किया जा रहा है जिसे अगले वर्ष मार्च तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बैठक में प्रस्तुत पथ निर्माण विभाग, रोड डिवीजन-1, गया के कार्यपालक अभियंता के पत्र के अनुसार विभिन्न योजनाओं की निविदा स्थिति की भी समीक्षा की गई। पुराना बाइपास (सुजाता बायपास) से संबंधित सड़क को चार लेन में उन्नयन के लिए निविदा प्रकाशित की जा चुकी है तथा वित्तीय बोली खोली जा चुकी है जो वर्तमान में स्वीकृति प्रक्रिया में है। इसी प्रकार गेवाल बीघा से दुर्गास्थान होते हुए एनएच-83 तक सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य की निविदा प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है और यह भी अनुमोदन की प्रक्रिया में है। डॉ. मेहरा से जी.बी. रोड तक (बारी रोड के माध्यम से) सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य में एकल बोलीदाता के कारण पूर्व निविदा रद्द कर पुनः निविदा की गई है तथा वित्तीय बोली खोली जा चुकी है, जो स्वीकृति के अधीन है। बोधगया एप्रोच रोड (डोमूहान से महाबोधि मंदिर) तथा गया-बोधगया रोड (घुघरीटांड़ से वर्मा मोड़) सहित कई अन्य महत्वपूर्ण सड़कों के उन्नयन कार्यों की निविदाएं प्रशासनिक स्वीकृति के अभाव में निरस्त कर दी गई हैं। इनमें खटका चक-नैली-दुबहल रोड तथा दलेलचक से गया-पटना मुख्य मार्ग (एनएच-82) तक की सड़कें भी शामिल हैं जिनके लिए शीघ्र स्वीकृति प्राप्त कर पुनः प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए गए। ग्रामीण क्षेत्रों में खनन एवं निर्माण सामग्री की कमी के कारण कार्य प्रभावित होने पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि संबंधित विभागों के समन्वय से इस समस्या का शीघ्र समाधान किया जाएगा, ताकि विकास कार्यों में किसी प्रकार की बाधा न आए।

## जिले में एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता, आपूर्ति व्यवस्था सामान्य

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अरवल।** जिलाधिकारी अमृषा बैंस के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक वस्तुओं की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु सतत अनुश्रवण एवं निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में यह सूचित किया जाता है कि अरवल जिले में एलपीजी गैस की उपलब्धता पूर्णतः सामान्य है। 25 अप्रैल, 2026 की स्थिति के अनुसार जिले में कुल 3578 एलपीजी गैस सिलिंडर उपलब्ध हैं। आमलोगों की किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही है। जिले के सभी 14 गैस एजेंसियों के पास पर्याप्त मात्रा में गैस सिलिंडर उपलब्ध है। आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों के त्वरित समाधान हेतु जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है जो 24 गुणे 7 संचालित है। उपभोक्ता निम्नलिखित दूरभाष संख्याओं पर संपर्क कर अपनी शिकायत/सुझाव दर्ज करा सकते हैं- 06337-228994, 06337-229494, 8235230817।

जिला प्रशासन द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि एलपीजी गैस की बुकिंग प्राप्त होने के उपरांत गैस एजेंसियों द्वारा उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी के माध्यम से उनके घर तक गैस सिलिंडर उपलब्ध कराया जा रहा है। उपभोक्ताओं को गैस एजेंसियों पर जाने की आवश्यकता नहीं है और वे घर बैठे ही बुकिंग कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त बुकिंग के लिए निर्धारित समय-सीमा निम्नवत है- शहरी क्षेत्र में 25 दिनों के उपरांत पुनः बुकिंग, ग्रामीण क्षेत्र में 45 दिनों के उपरांत पुनः बुकिंग। एलपीजी गैस की कालाबाजारी पर रोक लगाने हेतु जिला प्रशासन द्वारा नियमित रूप से निरीक्षण एवं छापेमारी की कार्रवाई की जा रही है, ताकि आपूर्ति व्यवस्था सुचारू बनी रहे और आम उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। जिला प्रशासन, अरवल द्वारा सभी उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि एलपीजी गैस की उपलब्धता को लेकर किसी प्रकार की चिंता न करें तथा अफवाहों पर ध्यान न दें। साथ ही अनावश्यक रूप से गैस एजेंसियों के समक्ष भीड़ न लगाएं, नियमानुसार बुकिंग करें एवं होम डिलीवरी सुविधा का लाभ उठाएं।

## टूटा बिजली पोल बना खतरा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड क्षेत्र के आंती-रफीगंज मुख्य पथ स्थित आंती पीपल मोड़ के पास विगत करीब 20 दिनों से एलटी लाइन का बिजली पोल टूटा हुआ है और तार उसी में लटका हुआ है। यह स्थिति कभी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। स्थानीय लोगों के अनुसार उक्त मार्ग से प्रतिदिन हजारों लोग वाहनों से आवागमन करते हैं जिससे हमेशा खतरा बना हुआ है।

## लेवी मांगने के मामले में फरार चल रहा नक्सली गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**टिकारी।** ईंट भट्ठा संचालक से लेवी मांगने के मामले में फरार चल रहे नक्सली को टिकारी थाना की पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। टिकारी थानाध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि टिकारी थाना कांड संख्या 63/18 में फरार चल रहा नक्सली बिंदेश्वरी पासवान उर्फ गोरा पासवान कई वर्ष से फरार चल रहा था। शुक्रवार की रात्रि पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर औरंगाबाद थाना की पुलिस की मदद से गोरा के घर औरंगाबाद जिला के बन्देया ग्राम से गिरफ्तार करने में सफलता पाई। जानकारी हो कि वर्ष 2018 में पुलिस द्वारा ईंट भट्ठा संचालक वजीरगंज थाना क्षेत्र के तरवां ग्राम निवासी राकेश कुमार से लेवी लेने के लिए आने वाले नक्सलियों को दबोचने का जाल बिछाया था जिसमें तीन नक्सलियों में शामिल एक नक्सली को पुलिस ने मौके से दबोचने में सफलता पाई थी। वहीं दो भागने में सफल हो गये थे जिसमें से एक बिंदेश्वरी उर्फ गोरा भी शामिल था। पुलिस ने नक्सली बिंदेश्वरी से पूछताछ कर न्यायालय को सुपुर्द कर दिया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## जिलाधिकारी ने की मुख्य चौक-चौराहों पर पेयजल की व्यवस्था

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**गयाजी।** जिले में अत्यधिक गर्मी को देखते हुए जिलाधिकारी, गया श्री शशांक शुभंकर द्वारा जिले के मुख्य चौक-चौराहों, भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पेयजल की व्यवस्था की गई है। वर्तमान में जिले के 425 सार्वजनिक स्थलों पर प्याऊ के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। साथ ही 09 आश्रय स्थल पर पेयजल की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही जिले में 36 पानी टैंकर के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की जा रही है।

## चिकित्सक के खाते से 6400 रुपये की साइबर ठगी

**फतेहपुर।** थाना क्षेत्र के धरहराकला पंचायत अंतर्गत रघवाचक गांव में शनिवार को साइबर ठगी का एक मामला सामने आया है। साइबर अपराधियों ने एक चिकित्सक के बैंक खाते से 64 सौ रुपये की निकासी कर ली। पीड़ित चिकित्सक ने साइबर क्राइम पोर्टल पर तुरंत शिकायत दर्ज कराई।

## महुआ शराब के साथ महिला गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** आंती थाना कांड संख्या 54/26 के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक महिला को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्राथमिक अभियुक्त शोसमी देवी (31 वर्ष), पति रंजीत चौधरी, निवासी ग्राम काबर, थाना-आंती, जिला-गया को 5 लीटर देशी महुआ शराब एवं शराब बनाने के उपकरण के साथ पकड़ा गया। गिरफ्तार महिला को विधिवत न्यायिक प्रक्रिया पूरी करते हुए न्यायालय में पेश करने के लिए भेज दिया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने शनिवार दोपहर करीब दो बजे जानकारी दी।

## शहादत दिवस मना, बालमुकुंद राही व चन्द्रदेव यादव को दी श्रद्धांजलि



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय शेख विगहा परिसर में शनिवार को अखिल हिंद फॉरवर्ड ब्लॉक (क्रांतिकारी) के मुख्य सिद्धांतकार बालमुकुंद राही एवं सहयोद्धा चन्द्रदेव यादव का 44वां शहादत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बाल कुमार यादव ने की। वक्ताओं ने कहा कि बालमुकुंद राही एक प्रमुख विचारक और बहुभाषाविद थे जिनकी हत्या साजिश के तहत कर दी गई थी। दोनों नेताओं की शहादत को संगठन ही नहीं, देश के लिए भी बड़ी क्षति बताया गया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने दोनों विभूतियों के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर पूर्व जिला पार्षद रामचन्द्र आजाद, मुखिया दिलीप कुमार, महादेव यादव, कामेश्वर यादव, रामबली पासवान, निर्भय कुमार, उपेन्द्र पासवान, रघुवीर पासवान सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## तंबाकू मुक्त बिहार विषय पर सेमिनार का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** बिहार इंस्टीट्यूट ऑफ इकोनॉमिक स्ट्डीज पटना के द्वारा इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी पटना के सभा भवन में उपेंद्र नारायण विद्यार्थी अध्यक्ष, बिहार यक्ष्मा संघ की अध्यक्षता में तंबाकू मुक्त बिहार विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार को विषय प्रवेश कराते हुए इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ प्यारेलाल ने कहा कि तंबाकू मुक्त बिहार बनाने के लिए हम कई जिलों में जिला प्रशासन के समन्वय से कार्य कर रहे हैं। इसमें हम काफी सफल हुए हैं क्योंकि आज तंबाकू के सेवन से विशेषकर युवाओं में फेफड़े का कैंसर, कुपोषित बच्चे का जन्म, अस्थमा की बीमारी, किडनी का कैंसर, दांतों का पीला होना, पैरों में कई तरह की बीमारी आदि हो रहा है और आगे भी इस तरह की कई बीमारी होने का खतरा उत्पन्न होने की संभावना है। इंस्टीट्यूट चाहती है कि सामाजिक संगठन, सरकार, पंचायत, हॉस्पिटल, शिक्षक, मीडिया आदि का एक मंच हो, तभी हम बिहार को तंबाकू मुक्त बिहार बना सकते हैं जिसका प्रयास हम कर रहे हैं। मुख्य अतिथि वाइटल स्टूडीज तंबाकू नियंत्रण दिल्ली के उप निदेशक डॉ अमित यादव ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया, फिनलैंड, मालदीप आदि देशों में 21वर्ष से कम उम्र के बच्चे न तो तंबाकू बेच सकते हैं और न ही खरीद सकते हैं। हालांकि इस तरह का प्रतिबंध भारत में भी सख्ती से लागू किया जाना चाहिए। तभी हम तंबाकू मुक्त समाज बना सकते हैं। उन्होंने बताया कि एक सर्वे के अनुसार तंबाकू की बिक्री से सरकार को करीब 200करोड़ रुपए का टैक्स आता है,जबकि तंबाकू के सेवन से उत्पन्न रोगों के उपचार में भारत सरकार 1341करोड़ के करीब खर्च करती है।

## गांधी विचार मंच की बैठक संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** गांधी विचार मंच, पटना के कार्य समिति की बैठक बिहार आर्थिक अध्ययन संस्थान के सभा कक्ष में मंच के अध्यक्ष प्रोफेसर मनोज कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्य समिति में बिहार में गांधी पुस्तक के लोकार्पण और अन्य व्यवस्था संबंधी विचार किया गया। सर्वप्रथम गांधी स्मृति यात्रा के संयोजक सह मंच के अध्यक्ष ने उत्तर प्रदेश राजस्थान और हरियाणा के प्रमुख स्थानों पर आयोजित कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 21 फरवरी से 3 मार्च तक यात्रा आयोजित हुई। यात्रा में चार लोग शामिल थे। यात्रा के दरमियान रहने और खाने में नहीं के बराबर खर्च हुआ। एक जगह को छोड़कर कहीं पर भी रहने में खर्च नहीं हुआ, लेकिन हम लोगों ने महसूस किया कि पूर्व तैयारी में कमी रही। लखनऊ, अलीगढ़, बनारस और प्रयागराज में बैठक तैयारी के साथ फिर करने की जरूरत है। चंद्रभूषण ने यात्रा के खर्च का विवरण प्रस्तुत किया। निर्णय लिया गया कि अब तक के सभी यात्राओं का विपत्र मंच के समक्ष प्रस्तुत किया जाए। 5 मई को बिहार संग्रहालय पटना में बिहार में गांधी पुस्तक के लोकार्पण संबंधी व्यवस्था पर चर्चा कर निर्णय लिया गया। निर्णय लिया गया कि बिहार और झारखंड में जहां-जहां यात्रा गई है वहां के लोगों को लोकार्पण का आमंत्रण भेजा जाए। सभी उपस्थित सदस्य अपने स्तर से आमंत्रण प्रेषित करें। प्रथम क्रम में बिहार के उन सभी स्थानों पर यात्रा आयोजित की जाए। प्रमोद शर्मा महामंत्री गांधी विचार मंच द्वारा व्यवस्था के संबंधी सुझाव दिया। बैठक में प्रोफेसर मनोज कुमार, प्रमोद शर्मा, सर्वोदय समाज के चंद्रभूषण, प्रोफेसर परमानंद सिंह पूर्व विभाग अध्यक्ष विश्वविद्यालय गांधी विचार विभाग तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय, डॉक्टर प्यारेलाल निदेशक बिहार आर्थिक अध्ययन संस्थान आदि सदस्य उपस्थित थे। खादी और भूदान की समस्या पर भी विचार किया गया और निर्णय लिया गया कि बिहार के खादी संस्थाओं का अध्ययन किया जाए। प्रमोद शर्मा इस संबंध में आवश्यक पहल करेंगे।

## धर्मपुर में स्कूल नहीं, बच्चों को तीन किलोमीटर पैदल चलना मजबूरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/गयाजी।** डोभी प्रखंड के घोराघाट पंचायत अंतर्गत धरमपुर गांव में सरकारी विद्यालय नहीं होने से बच्चों की पढ़ाई पर गहरा असर पड़ रहा है। गांव के बच्चों को शिक्षा के लिए दूसरे पंचायत का सहारा लेना पड़ता है जिससे उन्हें रोजाना लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। धरमपुर के कोनिया निवासी श्रवण कुमार ने बताया कि गांव में विद्यालय नहीं होने के कारण छोटे-छोटे बच्चों को घोराघाट, पचरतन और कोठवारा स्थित स्कूलों में पढ़ने जाना पड़ता है। यह सभी विद्यालय गांव से करीब 3 किलोमीटर की दूरी पर है जिससे खास कर छोटे बच्चे को काफी परेशानी होती है। ग्रामीणों का कहना है कि दूरी अधिक होने के कारण बच्चे नियमित रूप से स्कूल नहीं जा पाते हैं जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। बरसात और गर्मी के मौसम में यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है।

## कृषि अवशेष जलाने से गेहूं के खेतों में लग रही आग, प्रशासन मौन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गुरारू।** प्रखंड क्षेत्र के कई गांवों में पिछले एक माह के अन्दर सैकड़ों एकड़ भूमि में लगे गेहूं के फसल जल कर स्वाहा हो चुके हैं जिन किसानों का फसल जल चुका है वे कंगाल हो चुके हैं। गौरतलब है कि प्रतिवर्ष गेहूं के फसलों में ही आग क्यों लगती है? यह विचारणीय विषय है। इस संबंध में कई गांवों के दर्जनों किसानों ने बताया कि गेहूं फसल के बाद मूंग का फसल लगाया जाता है। वैसे किसान जिनके गेहूं का फसल पहले कट चुका होता है, वे मूंग की फसल को आगे लगाने की होड़ में गेहूं फसल के अवशेषों को जलाकर खेत को साफ करने की फिराक में लगे रहते हैं और इनके द्वारा फसल अवशेष साफ करने की नियत से अपने खेतों में आग लगा दिया जाता है। परिणाम यह होता है कि उस आग का लफार / चिंगारी बगल वाले किसानों के खेतों में चला जाता है और गर्मी के कारण वह आग दर्जनों किसानों के सैकड़ों एकड़ जमीन पर लगे गेहूं के फसल को मिनटों में जला कर राख कर देता है। अब प्रश्न यह उठता है कि इस घटनाक्रम के लिए आखिर दोषी कौन ? सरकार या लापरवाह किसान। हालांकि कृषि विभाग द्वारा पराली एवं कृषि अवशेष को जलाने पर मना करने के उपरान्त भी किसान मानने को तैयार नहीं है। सरकार को चाहिए कि स्थानीय पुलिस/प्रशासन को यह निर्देश दे कि जिस भी गेहूं के फसल में आग लगती है। सर्वप्रथम यह जांच पड़ताल करे कि इस जले हुए फसलों के अगल-बगल वाले खेतों में पूर्व से फसल अवशेष तो अन्य किसानों द्वारा नहीं जलाया गया है। अगर जला हुआ पाया जाए तो उस किसान के लिए अविलंब कानूनी कार्रवाई किए जाने की आवश्यकता है। तब ही इस लापरवाही एवं फसल जलने की प्रक्रिया को रोका जा सकता है। इस संबंध में महुआईन गांव के किसान मनोज सिंह ने बताया कि हमारे गांव के बगल वाला गांव तिनेरी के किसानों द्वारा गेहूं कटाई के बाद अपने खेतों में आग लगा दिया गया जिसका लफार / चिनगारी हमारे गांव के खेतों में भी आ गया। खैर! यह रहा कि हम गांव के किसान अपने खेतों की ओर हीं थे और तत्काल चिनगारी को बुझा कर फसल को जलने से बचा सके अन्यथा हमारे गांव में भी सैकड़ों एकड़ भूमि पर लगे गेहूं का फसल जल कर स्वाहा हो गया होता और हमलोग मुंहताज हो जाते।

बिहार सरकार

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14.

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)-2026/04 दिनांक- 25.04.2026

**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा (ITICAT)-2026**
**Industrial Training Institute Competitive Admission Test (I.T.I.C.A.T.)-2026**

**Online आवेदन-पत्र भरने से सम्बन्धित आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा-2026 से सम्बन्धित सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)- 2026/01 एवं 2026/02 दिनांक- 15.03.2026 एवं 2026/03 दिनांक- 10.04.2026 के अनुसार ITICAT-2026 की परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये Online आवेदन आमन्त्रण की अंतिम तिथि 25.04.2026 निर्धारित है। **छात्रहित में ITICAT-2026 से सम्बन्धित महत्वपूर्ण तिथियाँ निम्नवत् विस्तारित किया जाता है;**

(i) Online Registration Closing Date : **27.04.2026 (10.00 PM)**
(ii) Last date of payment through Net Banking/ Debit Card/ Credit Card/ UPI after submission of the Online Application Form of Registered Candidate : **27.04.2026(11.59 PM)**
(iii) Online Editing of Application Form : **29.04.2026 to 30.04.2026**
(iv) Uploading of Online Admit Card : **10.05.2026**
(v) Proposed Date of Examination : **17.05.2026**

(2) दिनांक 27.04.2026 तक पूर्णरूपेण भरे गये आवेदन में यदि किसी अभ्यर्थी के आवेदन के डाटा में कोई त्रुटि रह जाती है तो वे अपने भरे हुए Data को दिये गये उपरोक्त कार्यक्रम अनुसार Edit कर त्रुटि सुधार कर सकते हैं। इसके बाद त्रुटि सुधार का मौका नहीं दिया जायेगा।
(3) उपरोक्त के अतिरिक्त पूर्व प्रकाशित विज्ञापनों की अन्य सभी सूचनाएँ / शर्त्तें यथावत रहेंगी।
(4) सभी सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि परीक्षा से सम्बन्धित अद्यतन जानकारी हेतु पर्षद के website **bceceboard.bihar.gov.in** के सम्पर्क में रहें।

परीक्षा नियंत्रक

बिहार सरकार

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14.

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

**डिप्लोमा प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [पार्श्विक प्रवेश] – 2026**
**D.E.C.E. (L.E.)-2026**

विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(डी.ई.सी.ई.[LE])-2026/03 दिनांक- 25.04.2026

**नामांकन से सम्बन्धित आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण एवं डिप्लोमा प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (पार्श्विक प्रवेश) [DECE(LE)]-2026 से सम्बन्धित सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(डी.ई.सी.ई.(एल.ई.)- 2026/01 एवं 2026/02 दिनांक- 18.03.2026 के अनुसार DECE(LE)-2026 की परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये Online आवेदन आमन्त्रण की अंतिम तिथि 23.04.2026 निर्धारित था। **छात्रहित एवं अपरिहार्य कारणों से DECE(LE)-2026 से सम्बन्धित महत्वपूर्ण तिथियाँ निम्नवत् विस्तारित एवं परिवर्त्तित किया जाता है;**

तद्नुसार Online Registration Closing Date 27.04.2026 तक विस्तारित की जाती है एवं परीक्षा की तिथि Preponed करते हुए दिनांक 17.05.2026 निर्धारित किया जाता है। DECE(LE)-2026 की महत्वपूर्ण तिथियाँ निम्नवत् है;

(i) Online Registration Closing Date : **27.04.2026 (10.00 PM)**
(ii) Last date of payment through Net Banking/ Debit Card/ Credit Card/ UPI after submission of the Online Application Form of Registered Candidate : **27.04.2026 (11.59 PM)**
(iii) Online Editing of Application Form : **29.04.2026 to 30.04.2026**
(iv) Uploading of Online Admit Card : **11.05.2026**
(v) Proposed Date of Examination : **17.05.2026**

(2) दिनांक 27.04.2026 तक पूर्णरूपेण भरे गये आवेदन में यदि किसी अभ्यर्थी के आवेदन के डाटा में कोई त्रुटि रह जाती है तो वे अपने भरे हुए Data को दिये गये उपरोक्त कार्यक्रम अनुसार Edit कर त्रुटि सुधार कर सकते हैं। इसके बाद त्रुटि सुधार का मौका नहीं दिया जायेगा।
(3) उपरोक्त के अतिरिक्त पूर्व प्रकाशित विज्ञापन की अन्य सभी सूचनाएँ / शर्त्तें यथावत रहेंगी।
(4) सभी सम्बन्धित को निदेश दिया जाता है कि परीक्षा से सम्बन्धित अद्यतन जानकारी हेतु पर्षद के website **bceceboard.bihar.gov.in** के सम्पर्क में रहें।

परीक्षा नियंत्रक

संपादकीय

# इसके नतीजे दूरगामी होंगे

देश में यह अपने ढंग का शायद पहला मामला है, जब याचिकाकर्ता ने सुनवाई करने वाले जज की निष्ठा पर ही सवाल खड़े करते हुए उन्हें केस से हटने को कहा और जज ने याचिकाकर्ता की याचिका को खारिज करते हुए तर्क दिया कि अदालत का कक्ष धारणाओं का मंच नहीं हो सकता। अगर कोर्ट बिना किसी ठोस कारण के इस मामले से हटती है तो इससे उन आरोपों को महत्व मिल जाएगा, जिनका कोई आधार नहीं है। इसका सीधा अर्थ है कि केजरीवाल मामले की सुनवाई वही जज करेंगी। हालांकि इस पूरे प्रकरण में याचिकाकर्ता की मंशा और अदालत के आदेश को लेकर कई तरह के सवाल उठ रहे हैं, जिनके दूरगामी परिणाम होंगे। पूरा मामला दिल्ली हाई कोर्ट की जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा से जुड़ा है। जस्टिस शर्मा पूर्व में दिल्ली में आप सरकार के दौरान हुए कथित शराब घोटाले के मामले की सुनवाई कर रही हैं। जिनमें एक प्रमुख आरोपी दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी हैं। केजरीवाल अपने मामले की पैरवी खुद कर रहे हैं। इसी दौरान अपने बयान में उन्होंने मामले की सुनवाई कर रही जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की निष्ठा पर न केवल सवाल उठाए बल्कि सीधे तौर पर उन्हें सुनवाई से हटने को कहा। केजरीवाल का कहना था कि जस्टिस शर्मा के आरएसएस से सम्बन्ध हैं तथा उनके रिश्तेदार न्याय व्यवस्था से जुड़े लाभकारी पदों पर हैं। ऐसे में निष्पक्ष न्याय होने की संभावना नहीं है। हालांकि केजरीवाल के आरोप राजनीति से प्रेरित ज्यादा हैं, फिर भी उसमे आंशिक सच्चाई है। आम तौर पर जब भी किसी जज का केस से प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष सम्बन्ध होता है या फिर होने की संभावन लगती है तो वो स्वयं केस से अलग हो जाते हैं। ऐसे में माना जा रहा था कि शायद जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा भी ऐसा ही कर सकती हैं। लेकिन उन्होंने साफ तौर पर कहा कि मामले की सुनवाई वे ही करेंगी। क्योंकि अगर यह अदालत बिना किसी ठोस कारण के इस मामले से हटती है, तो इससे उन आरोपों को महत्व मिल जाएगा जिनका कोई आधार नहीं है। अपने आदेश में उन्होंने यह भी कहा कि याचिकाओं में दिए गए तर्क अटकलों पर आधारित थे। अगर मैं इन्हें स्वीकार कर लूं, तो यह एक चिंताजनक मिसाल स्थापित करेगा। मैंने अपने सामने आए सभी सवालों पर निडर होकर फ़ैसला किया है। इस अदालत का चोगा आरोपों और इशारों के बोझ से दबाया नहीं जा सकता। यह अदालत जब भी ज़रूरत होगी, अपने लिए खड़ी होगी, भले ही यह मुश्किल क्यों न लगे। इस मामले से हटना समझदारी नहीं बल्कि ड्यूटी से मुंह मोड़ना और सरेंडर करने जैसा होगा। प्रथम दृष्ट्या जस्टिस शर्मा की बात सही लगती है, क्योंकि ऐसे तो कोई भी व्यक्ति किसी भी जज को सुनवाई से हटने के लिए ऐसे मनगढ़ंत आरोप लगा सकता है। खासकर राजनेताओंसे जुड़े मामलों में। और जज इसी तरह दबाव में केस से हटते रहे तो पूरी न्याय प्रणाली ही गड़बड़ा जाएगी। हालांकि यह फैसला देकर जस्टिस स्वर्णकांता ने अपने लिए भी सवालों का घेरा खुद खड़ा कर लिया है। क्योंकि अगर वो शराब घोटाले में केजरीवाल को दोषी पाती हैं तो वो यह कह सकते हैं कि कोर्ट ने बदले की भावना से यह फैसला दिया। अगर केजरीवाल निर्दोष करार करार दिए जाते हैं तो कहा जा सकता है कि कोर्ट मानसिक दबाव में आ गई। ऐसे में अदालत के लिए यह तलवार की धार पर चलने जैसा है। वैसे कोई कोर्ट नियम कायदों, तथ्यों, दस्तावेजों और तर्कों के आधार पर ही निर्णय देती है। इस मामले में भी सही निष्पक्ष न्याय ही अदालत की प्रतिष्ठा और विश्वसनीयता को कायम रख सकेगा।.

# बसपा की सोशल इंजीनियरिंग खोलेगी सत्ता की राह

**मायावती ने इस बार अपने पत्ते बेहद सावधानी से खोले हैं। उन्होंने 2027 के लिए उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया में एक नया और तकनीकी मोड़ दिया है, जिसे 'एसआईआर' (मतदाता सूची पुनरीक्षण) अभियान से जोड़ा गया है। आम तौर पर पार्टियां चुनाव से ऐन पहले टिकट बांटती हैं, लेकिन बसपा ने पहले ही करीब 40-50 सीटों पर संभावित उम्मीदवारों को हरी झंडी दे दी थी। हालांकि, अब इस रणनीति में अचानक बदलाव किया गया है। मायावती ने अब उन नेताओं को तवज्जो देने का फैसला किया है जिन्होंने एसआईआर अभियान के दौरान बूथ स्तर पर सक्रियता दिखाई। पार्टी का मानना है कि चुनाव सिर्फ रैलियों से नहीं, बल्कि वोटर लिस्ट में अपने समर्थकों के नाम सुरक्षित रखने से जीते जाते हैं। मायावती ने करीब 15 हजार बूथ कमेटियों से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। इस रिपोर्ट का मकसद यह समझना है कि कहां उनके वोट बैंक में सेंध लगी है और कहां साजिश के तहत समर्थकों के नाम काटे गए।**

**संजय सक्सेना**

उत्तर प्रदेश की सियासी बिसात पर 2027 के विधानसभा चुनाव की आहट अभी से सुनाई देने लगी है। जहां समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव 'पीडीए' के नारे के साथ मिशन-2027 का बिगुल फूंक चुके हैं और सत्तारूढ़ भाजपा सत्ता की हैट्रिक लगाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पूरी ताकत झोंक रही है, वहीं बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती ने भी अपनी खामोश लेकिन बेहद मारक रणनीति पर काम शुरू कर दिया है। उत्तर प्रदेश की राजनीति जो पिछले कुछ समय से दो ध्रुवीय होती दिख रही थी, उसे मायावती एक बार फिर त्रिकोणीय बनाने की कवायद में जुट गई हैं। इस बार उनकी रणनीति सिर्फ नारों तक सीमित नहीं है, बल्कि वह जमीनी स्तर पर डेटा और 'सोशल इंजीनियरिंग' के घातक मिश्रण के साथ मैदान में उतर रही हैं। मायावती के लिए यह चुनाव केवल सत्ता का संघर्ष नहीं है, बल्कि पार्टी के अस्तित्व को बचाए रखने और दलित राजनीति की धुरी को फिर से अपने पाले में लाने की बड़ी चुनौती है।



मायावती ने इस बार अपने पत्ते बेहद सावधानी से खोले हैं। उन्होंने 2027 के लिए उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया में एक नया और तकनीकी मोड़ दिया है, जिसे 'एसआईआर' (मतदाता सूची पुनरीक्षण) अभियान से जोड़ा गया है। आमतौर पर पार्टियां चुनाव से ऐन पहले टिकट बांटती हैं, लेकिन बसपा ने पहले ही करीब 40-50 सीटों पर संभावित उम्मीदवारों को हरी झंडी दे दी थी। हालांकि, अब इस रणनीति में अचानक बदलाव किया गया है। मायावती ने अब उन नेताओं को तवज्जो देने का फैसला किया है जिन्होंने एसआईआर अभियान के दौरान बूथ स्तर पर सक्रियता दिखाई। पार्टी का मानना है कि चुनाव सिर्फ रैलियों से नहीं, बल्कि वोटर लिस्ट में अपने समर्थकों के नाम सुरक्षित रखने से जीते जाते हैं। मायावती ने करीब 15 हजार बूथ कमेटियों से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। इस रिपोर्ट का मकसद यह समझना है कि कहां उनके वोट बैंक में सेंध लगी है और कहां साजिश के तहत समर्थकों के नाम काटे गए। जो पदाधिकारी इन कटे हुए नामों को दोबारा जुड़वाने और बूथ को मजबूत करने के मोर्चे पर सफल रहे हैं, उन्हीं की दावेदारी अब टिकट के लिए पुख्ता मानी जाएगी।

बसपा की इस नई रणनीति के केंद्र में वह 'सोशल इंजीनियरिंग' है, जिसने 2007 में पार्टी को पूर्ण बहुमत की सरकार तक पहुंचाया था। मायावती एक बार फिर 'दलित-ब्राह्मण-मुस्लिम' गठजोड़ को जीवित करने की कोशिश कर रही हैं। उत्तर प्रदेश के बदलते सियासी समीकरणों के बीच मायावती यह समझ चुकी हैं कि केवल एक वर्ग के भरोसे सत्ता की कुर्सी तक नहीं पहुंचा जा सकता। इसीलिए उन्होंने हर विधानसभा सीट पर चार-चार दावेदारों का पैनल तैयार करवाया है। इन दावेदारों को उनकी जातीय पकड़ और स्थानीय समीकरणों के आधार पर परखा जा रहा है। मायावती ने मंडल और जोनल कोऑर्डिनेटरों को साफ निर्देश दिए हैं कि वे जातियों के गणित की सटीक रिपोर्ट दें। अगर किसी सीट पर दलित वोटों के साथ मुस्लिम या ब्राह्मण मतदाता निर्णायक भूमिका में हैं, तो वहां उसी समाज के मजबूत चेहरे को तलाशा जा रहा है। यह प्रक्रिया काफी गहरी है, जिसमें पहले क्षेत्र प्रभारी बनाया जाता है और फिर उसकी सक्रियता के आधार पर उसे प्रत्याशी घोषित किया जाता है।

मायावती का दिल्ली से लखनऊ और फिर लखनऊ से दिल्ली का दौरा भी इसी रणनीति का हिस्सा है। खासकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश, जहां बसपा का आधार हमेशा से मजबूत रहा है, वहां के समीकरणों को दुरुस्त करने की जिम्मेदारी मायावती ने खुद संभाली है। बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल का कहना है कि पार्टी इस बार किसी बड़े दल से गठबंधन के बजाय अपने दम पर चुनाव लड़ेगी। पार्टी का मानना है कि गठबंधन से उनके वोट दूसरे दलों को ट्रांसफर हो जाते हैं, लेकिन दूसरे दलों के वोट बसपा को नहीं मिलते। ऐसे में अपने पारंपरिक वोट बैंक को सहेजकर रखना और उसमें दूसरे वर्गों को जोड़ना ही सबसे सुरक्षित रास्ता है। मायावती अब उन बूथों पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं जहां पिछले चुनावों में बसपा का प्रदर्शन गिरा था। वह खुद जिलों से आने वाली एक-एक रिपोर्ट की समीक्षा कर रही हैं और इस बात पर जोर दे रही हैं कि जिन मतदाताओं के नाम सूची से कट गए हैं, उन्हें दोबारा हर हाल में जुड़वाया जाए।

इस पूरे अभियान का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा वह संदेश है जो मायावती अपने कार्यकर्ताओं को दे रही हैं। वह लगातार बैठकों में इस बात का जिक्र कर रही हैं कि बसपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय के सिद्धांत पर काम करती है। समाजवादी पार्टी और भाजपा के बीच चल रही तकरार के बीच मायावती खुद को एक गंभीर और अनुशासित विकल्प के तौर पर पेश कर रही हैं। वह जानती हैं कि 2027 में सत्ता तक पहुंचने का रास्ता उन छोटी जातियों और समुदायों से होकर गुजरता है जो फिलहाल मुख्यधारा की राजनीति में उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। यही वजह है कि उनके टिकट वितरण में इस बार जातियों की केमिस्ट्री पर बहुत ज्यादा जोर दिया जा रहा है। एसआईआर अभियान से हुए नफे-नुकसान का आकलन कर उम्मीदवारों के चयन की यह पद्धति उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक नया प्रयोग है, जो यह दर्शाता है कि मायावती अब पुरानी शैली को आधुनिक चुनावी प्रबंधन के साथ जोड़ रही हैं।

हालांकि, राह इतनी आसान भी नहीं है। उत्तर प्रदेश में दलित वोटों के लिए भाजपा और सपा दोनों ने ही बड़ी सेंधमारी की है। चंद्रशेखर आजाद जैसे नए युवा चेहरों ने भी दलित राजनीति में अपनी जगह बनाई है। ऐसे में मायावती का पुराना 'सोशल इंजीनियरिंग' फॉर्मूला कितना कारगर होगा, यह बड़ा सवाल है। लेकिन मायावती का इतिहास रहा है कि वह जब भी खामोश होती हैं, तो किसी बड़े सियासी धमाके की तैयारी में होती हैं। उनके पास अपना एक समर्पित कैडर है जो आज भी उनके एक इशारे पर लामबंद हो जाता है। 2007 के करिश्मे को 2027 में दोहराने के लिए उन्होंने संगठन के ढांचे में बड़े बदलाव किए हैं और नए चेहरों को मौका दिया जा रहा है। ब्राह्मण और मुस्लिम उम्मीदवारों को बड़े पैमाने पर मैदान में उतारने की तैयारी यह संकेत देती है कि बसपा इस बार किसी भी हाल में चुनावी मुकाबले को दोतरफा नहीं होने देगी।

बहरहाल, 2027 का चुनाव बसपा के लिए करो या मरो की स्थिति जैसा है। मायावती की यह सूक्ष्म रणनीति, जिसमें बूथ लेवल की रिपोर्टिंग से लेकर जातीय समीकरणों का जटिल जाल बुना गया है, विपक्षी खेमों में हलचल पैदा करने के लिए काफी है। क्या मायावती फिर से वही पुराना जादू चला पाएंगी? क्या एसआईआर अभियान के जरिए तैयार की गई उम्मीदवारों की नई फौज बसपा की नैया पार लगा पाएगी? ये ऐसे सवाल हैं जिनका जवाब आने वाले समय की रैलियों और चुनावी माहौल में मिलेगा। फिलहाल तो हाथी अपनी मदमस्त चाल से अपनी मंजिल की ओर बढ़ता दिख रहा है, और मायावती की सोशल इंजीनियरिंग एक बार फिर यूपी की सियासत का सबसे चर्चित अध्याय बनने की ओर अग्रसर है। लखनऊ से लेकर दिल्ली तक जो बैठकों का दौर चल रहा है, उसका एक ही लक्ष्य है सत्ता के शिखर पर बसपा का दोबारा परचम लहराना।

अध्यात्म

## दूसरों के सुख-दुख को समझेंगे तो आपसी रिश्ते मजबूत होंगे

एक छोटे से गांव में दो भाइयों दोनों के बीच गहरा प्रेम था। बड़ा भाई शादीशुदा था और उसका एक छोटा भाई अविवाहित था। दोनों साथ मिलकर खेती करते थे। एक दिन उनकी फसल पककर तैयार हो गई। दोनों भाइयों ने पूरे दिन मेहनत की और फसल काटी। जब तक काम पूरा हुआ, तब तक रात हो चुकी थी। दोनों ने अपनी-अपनी फसल के ढेर अलग-अलग बना लिए थे, लेकिन रात के अंधेरे में उन दोनों के ढेरों को घर ले जाना संभव नहीं था। इसलिए दोनों भाइयों ने फैसला किया कि वे रात में खेत पर ही रुककर फसल की रखवाली करेंगे और सुबह मजदूर बुलाकर फसल को घर ले जाएंगे। रात गहराने लगी और कुछ समय बाद दोनों भाइयों को भूख लगने लगी। उन्होंने तय किया कि एक-एक करके घर जाकर खाना खाकर वापस आ जाएंगे। पहले बड़ा भाई घर चला गया और छोटा भाई खेत पर ही रखवाली कर रहा था। अकेले बैठकर छोटे भाई के मन में विचार आया- 'मेरे बड़े भाई के पास परिवार है, पत्नी है, बेटा है। उसकी जिम्मेदारियां मुझसे ज्यादा हैं। मुझे तो अकेले ही रहना है, इसलिए मुझे कम अनाज की जरूरत है।' यह सोचकर उसने अपने ढेर में से थोड़ा अनाज उठाकर बड़े भाई के ढेर में डाल दिया। कुछ देर बाद बड़ा भाई वापस लौटा और छोटे भाई को खाने के लिए घर भेज दिया। जब छोटा भाई चला गया, तो बड़े भाई के मन में विचार आया- 'मेरा तो परिवार है जो मेरा ध्यान रखता है, लेकिन मेरा छोटा भाई अकेला है। उसका भविष्य सुरक्षित होना चाहिए। उसे ज्यादा अनाज की जरूरत है।' यह सोचकर उसने भी अपने ढेर से थोड़ा अनाज उठाकर छोटे भाई के ढेर में डाल दिया। सुबह जब दोनों ने देखा, तो उनके ढेर बराबर ही थे। दोनों को यह समझ नहीं आया कि ऐसा कैसे हुआ, लेकिन धीरे-धीरे उन्हें एक-दूसरे के प्रेम और त्याग का एहसास हुआ। उस दिन उनके बीच का रिश्ता और भी गहरा हो गया।

**सीखः** आज हर व्यक्ति अपने बारे में ज्यादा सोचता है, लेकिन जो लोग दूसरों के सुख-दुख को समझते हैं, उनके आपसी रिश्ते मजबूत होते हैं। जब आप दूसरों के लिए सोचते हैं, तो बदले में आपको सम्मान और प्रेम मिलता है। दोनों भाइयों ने बिना किसी स्वार्थ के एक-दूसरे के लिए त्याग किया। यही सच्चा प्रेम है। जीवन में यदि हम बिना किसी अपेक्षा के दूसरों के लिए कुछ करते हैं, तो मन को सच्ची शांति मिलती है।

# काली बैंक के अंधेरे से 'धोड़ी बैंक' के उजाले तक

**झाबुआ के पथरीले रास्तों और आदिवासी अंचलों में एक समय ऐसा था जब सूरज ढलने के बाद केवल रात का अंधेरा ही नहीं, बल्कि कर्ज का काला साया भी गहरा जाता था। यहाँ गरीबी केवल फटे हुए कपड़ों या खाली थाली का नाम नहीं थी, बल्कि यह एक ऐसी नियति बन चुकी थी जिससे निकलना नामुमकिन लगता था। लेकिन आज, उसी झाबुआ की माटी से एक ऐसी गूँज सुनाई दे रही है जिसने 'काली बैंक' के शोषणकारी तंत्र को उखाड़ फेंका है। यह कहानी है 'धोड़ी बैंक' (सफेद बैंक) की और उन 6,000 से अधिक महिलाओं की, जिन्होंने संगठित होकर गरीबी के खिलाफ युद्ध छेड़ दिया है और रू. 2.5 करोड़ के वित्तीय साम्राज्य की नींव रखी है।**

**निलेश देसाई**

अस्सी के दशक में झाबुआ के ग्रामीण अंचलों में सूदखोरी की व्यवस्था को स्थानीय भाषा में 'काली बैंक' कहा जाता था। नाम के अनुरूप ही इसका काम भी काला और डरावना था। आदिवासी समाज में जब किसी को बीमारी, शादी-ब्याह या खेती के लिए बीज-खाद की तत्काल आवश्यकता होती, तो उनके पास इन साहूकारों के पास जाने के अलावा कोई विकल्प नहीं था।

यहाँ ऋण देने का गणित शोषण की पराकाष्ठा था। अगर कोई 100 रुपये कर्ज मांगता, तो उसे हाथ में केवल 90 रुपये मिलते थे–10 रुपये अग्रिम ब्याज के रूप में पहले ही काट लिए जाते थे। लेकिन उसे लौटाने 110 रुपये पड़ते थे। वसूली का आलम यह था कि साहूकार सुबह 5 बजे ही दरवाजे पर दस्तक दे देते थे। पैसे न होने पर मवेशी, बर्तन या पुश्तैनी जमीन तक गिरवी रख ली जाती थी। यह व्यवस्था गरीबी को कम करने के बजाय उसे एक अंतहीन चक्रव्यूह में बदल देती थी, जहाँ पिता का कर्ज बेटे के कंधों पर विरासत में मिलता था।

इस घुटन भरे माहौल में बदलाव की पहली किरण 1980 के दशक के उत्तरार्ध (1987) में दिखाई दी। जुनाखेड़ा गांव में एक छोटी सी चौपाल सजी, जहाँ ग्रामीणों ने अपनी नियति को बदलने का ऐतिहासिक फैसला किया। उन्होंने तय किया कि वे साहूकारों के सामने हाथ फैलाने के बजाय अपना खुद का 'ग्राम कोष' बनाएंगे।

यही 'ग्राम कोष' आगे चलकर 'धोड़ी बैंक' (सफेद बैंक) कहलाया। इसकी शुरुआत महज़ रू. 2,000 के सामूहिक अंशदान से हुई थी। सिद्धांत सरल थाः 'गांव का पैसा, गांव के लोगों के लिए और गांव के ही नियंत्रण में।' यहाँ ब्याज दरें कम थीं, प्रक्रिया पारदर्शी थी और सबसे बड़ी बात–इसमें कर्जदार का सम्मान था। धीरे-धीरे यह मॉडल आसपास के गांवों में फैल गया और भविष्य की 'महिला शक्ति' की मजबूत नींव बना। धोड़ी बैंक ने रास्ता दिखाया, लेकिन उसे एक राष्ट्रव्यापी मिसाल बनाने का श्रेय झाबुआ की ग्रामीण महिलाओं को जाता है। समय के साथ पुरुषों द्वारा शुरू की गई इस पहल की कमान महिलाओं ने थामी और जन्म हुआ 'महिला शक्ति संघ' का। 1987 में बोया गया वह छोटा सा बीज आज एक विशाल वटवृक्ष बन चुका है-

1. आज इस संगठन से 40 से अधिक गांवों की 6,000 से ज्यादा महिलाएं सीधे तौर पर जुड़ी हैं।

2. वर्तमान में इस समूह द्वारा लगभग 2.5 करोड़ की राशि ऋण के रूप में वितरित की जा चुकी है।

3. सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह 2.5 करोड़ केवल सरकारी अनुदान नहीं है, बल्कि यह उन महिलाओं की अपनी मेहनत की कमाई और चंद रुपयों की छोटी-छोटी बचतों का परिणाम है। यह अब एक आत्मनिर्भर ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार बन चुका है।



इस 2.5 करोड़ के वितरण ने गांवों में स्वरोजगार की ऐसी बाढ़ ला दी है कि महिलाएं अब केवल गृहणी नहीं, बल्कि कुशल प्रबंधक और उद्यमी बन चुकी हैं।

केस स्टडी 1ः पलायन को मात देती कमला बाई-काचबी गांव की कमला बाई की कहानी बदलाव का सबसे बड़ा उदाहरण है। कुछ साल पहले तक, कमला बाई और उनका परिवार पेट पालने के लिए हर साल गुजरात पलायन करता था। वहाँ वे बंधुआ मजदूरी जैसी कठिन स्थितियों में काम करते थे। लेकिन महिला शक्ति संघ से जुड़ने के बाद उन्होंने रू. 15,000 का ऋण लिया और अपने छोटे से खेत में उन्नत सब्जी की खेती शुरू की। आज कमला बाई का पलायन पूरी तरह रुक चुका है। वे कहती हैं, 'पहले कर्ज का नाम सुनकर डर लगता था क्योंकि वह हमें डुबोता था, लेकिन आज का कर्ज हमें आगे बढ़ाता है। अब हम साहूकार के घर नहीं, बल्कि बैंक और बाजार खुद जाते हैं।'

केस स्टडी 2ः मीना बाई के सपनों की उड़ान- मीना बाई कभी दूसरों के खेतों में मजदूरी कर बमुश्किल दो वक्त की रोटी जुटा पाती थीं। संघ के सहयोग से उन्होंने ऋण लेकर एक सिलाई मशीन खरीदी और प्रशिक्षण लिया। आज वे न केवल गांव के कपड़े सिलती हैं, बल्कि सरकारी स्कूलों के यूनिफॉर्म तैयार करने का ठेका भी लेती हैं। महीने की 8,000 से 10,000 की आय ने उनके जीवन की दिशा बदल दी है। उनकी बेटी अब शहर के कॉलेज में पढ़ रही है–एक ऐसा सपना जो 'काली बैंक' के दौर में देखना भी असंभव था।

महिला शक्ति संघ का प्रभाव केवल बैंक बैलेंस या तिजोरियों तक सीमित नहीं रहा। इन महिलाओं ने ग्रामीण समाज की जड़ों में जमी कुरीतियों पर भी कड़ा प्रहार किया हैः

1. फिजूलखर्ची पर लगामः शादियों और मृत्यु भोज जैसे सामाजिक आयोजनों में होने वाले अनावश्यक खर्चों को कम करने के लिए संघ ने सामूहिक निर्णय लिए हैं। इससे परिवारों पर कर्ज का बोझ कम हुआ है।

अड़जी-पड़जी परंपराः खेती में एक-दूसरे की मदद करने की प्राचीन परंपरा 'अड़जी-पड़जी' को फिर से जीवित किया गया है। इससे मजदूरों पर होने वाला खर्च बचता है और गांवों में आपसी भाईचारा बढ़ता है। पारिवारिक समृद्धिः इन सामूहिक प्रयासों और बचतों के कारण प्रत्येक परिवार अब सालाना 20,000 से 30,000 की अतिरिक्त बचत कर पा रहा है।

2. घरेलू हिंसा और विवादः गांव के छोटे-मोटे झगड़े या घरेलू विवाद अब पुलिस स्टेशन या अदालतों में जाने के बजाय संघ की बैठकों में महिलाओं द्वारा आपसी सहमति से सुलझाए जाते हैं। झाबुआ की यह गौरवगाथा महज एक वित्तीय मॉडल की सफलता नहीं है, बल्कि यह आत्मसम्मान की वापसी की कहानी है। 1987 में एक छोटी सी बैठक से शुरू हुआ यह कारवां आज 6,000 महिलाओं की वह ताकत बन चुका है, जिसने गरीबी को नियति मानने से इनकार कर दिया।2.5 करोड़ का वित्तीय लेनदेन यह साबित करता है कि यदि ग्रामीण महिलाओं को सही मंच, पारदर्शी व्यवस्था और संसाधन मिलें, तो वे किसी भी बड़े कॉरपोरेट हाउस की तरह प्रबंधन कर सकती हैं। 'काली बैंक' की बेड़ियों को तोड़कर 'धोड़ी बैंक' के माध्यम से महिला शक्ति ने यह सिद्ध कर दिया है कि गरीबी का स्थायी इलाज केवल बाहरी मदद नहीं, बल्कि सामुदायिक एकजुटता और अटूट इच्छाशक्ति है। आज झाबुआ की ये महिलाएं केवल अपने घर की अर्थव्यवस्था नहीं चला रहीं, बल्कि वे महात्मा गांधी के 'ग्राम स्वराज' के उस सपने को धरातल पर उतार रही हैं जहाँ गांव अपने निर्णयों के लिए स्वतंत्र और आर्थिक रूप से पूर्णतः सक्षम है। यह आंदोलन देश के अन्य पिछड़े अंचलों के लिए एक 'प्रकाश स्तंभ' है, जो यह संदेश देता है कि जब महिलाएं संगठित होती हैं, तो वे केवल अपना भविष्य नहीं, बल्कि पूरे समाज का भूगोल और इतिहास बदल देती हैं। झाबुआ की इन 'शक्ति पुंजों' को हमारा नमन।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज किस्मत आपको एक बड़ा संकेत दे रही है। प्रॉपर्टी से जुड़ा अटका काम अचानक सुलझ सकता है और समाज में आपकी पहचान चमक सकती है।

**वृषभ**
आज का दिन आपके लिए मौके लेकर आया है। कोई नई खरीदारी दिल खुश कर देगी और परिवार में रिश्ते पहले से मजबूत होंगे।

**मिथुन**
भागदौड़ भरा दिन है, लेकिन राहत की बात कि मदद खुद चलकर आएगी। खर्चों पर कंट्रोल रखना जरूरी है, नहीं तो बजट बिगड़ सकता है।

**कर्क**
आज का दिन परीक्षा ले सकता है, लेकिन आप संभाल लेंगे। काम में फोकस बढ़ेगा और बॉस की नजर में आपकी वैल्यू भी। दिल में सहयोग की भावना रहेगी।

**सिंह**
आज आत्मविश्वास आपका सबसे बड़ा हथियार है, लेकिन मन में चल रही उलझनें आपको थोड़ा परेशान कर सकती हैं। प्लानिंग के साथ काम करेंगे तो जीत आपकी होगी।

**कन्या**
आज सेहत पर बिल्कुल भी लापरवाही मत कीजिए। पेट से जुड़ी परेशानी आपको परेशान कर सकती है। नौकरी की तलाश खत्म हो सकती है।

**तुला**
सुबह की शुरुआत ही खुशखबरी लेकर आएगी। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और घर का माहौल खुशनुमा रहेगा। पुराने झगड़े खत्म होंगे।

**वृश्चिक**
आज धैर्य ही आपकी असली ताकत है। मीठी वाणी से आप हर मुश्किल आसान कर सकते हैं। प्रॉपर्टी मामले में भाइयों से बात आगे बढ़ेगी।

**धनु**
आज रिश्तों में पारदर्शिता जरूरी है। जीवनसाथी से कुछ भी छुपाना भारी पड़ सकता है। डूबा हुआ पैसा वापस मिलने की उम्मीद है। राजनीति या नए काम में हाथ आजमाने का मन बनेगा।

**मकर**
आज नौकरी वालों के लिए खुशखबरी है। नया पद या प्रमोशन मिल सकता है। लक्ष्य पर फोकस रखेंगे तो सफलता तय है। प्लानिंग के साथ काम करेंगे तो हर काम समय पर पूरा होगा।

**कुंभ**
आज का दिन आपको मुस्कुराने की वजह देगा। समस्याओं का हल मिलेगा और आर्थिक स्थिति सुधरेगी। नौकरी की तलाश खत्म हो सकती है।

**मीन**
आज थोड़ा संभलकर चलना होगा। खर्चे बढ़ सकते हैं, इसलिए कंट्रोल जरूरी है। आपके काम आपको नई पहचान दिलाएंगे। बच्चे आपकी तरफ उम्मीद भरी नजरों से देखेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### शोकाकुल परिजनों को सांत्वना देने पहुंचे ज्ञानु

**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र अधीन करजान गांव निवासी भाजपा नेता घनश्याम सिंह मंटू के माता जी के निधन के उपरान्त शोकाकुल परिजनों को सांत्वना देने शनिवार की शाम बाढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानु पहुंचे। इस मौके पर उनके साथ विजय सिंह



चौहान, जे पी सिंह, कपिल सिंह, सदन सिंह ,भोला सिंह, शर्मेंद्र सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। ज्ञानु ने बताया कि मालती देवी धर्मपरायण महिला थी। और सामाजिक कार्यों में भी रुचि रखती थी। उनका निधन परिवार के लिए ही नहीं बल्कि समाज के लिए भी अपूर्णीय क्षति है। ज्ञात हो कि पूर्व विधायक लगातार बाढ़ विधानसभा क्षेत्र की जनता के सुख दुःख में शामिल होते रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार की संध्या करजान पहुंच कर भाजपा नेता के शोकाकुल परिजनों को सांत्वना दी।

### धनरूआ राजद प्रखंड अध्यक्ष सड़क दुर्घटना में घायल

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ प्रखंड के राजद अध्यक्ष संजय कुमार यादव सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। घायल संजय कुमार यादव को आसपास के लोगों के सहयोग से निजी अस्पताल में ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर विशेष इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया ।घटना के संबंध में बताया जाता है कि राजद के प्रखंड अध्यक्ष धनरूआ अपने गांव दुभारा से बुलेट से मसौढ़ी आ रहे थे, इस दौरान पटना गया राजकीय सड़क मार्ग पर धनरूआ थाना के किशितपुर गांव के पास तेज रफ्तार से जा रही अज्ञात वाहन ने जोरदार धक्का मार दिया, जिससे वह घायल हो गए, घायल संजय कुमार यादव को आसपास के लोगों के सहयोग से निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद पटना रेफर किया गया है जहां उनकी स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है।

### शराब बिक्री मामले में एक महिला शराब कारोबारी के घर छापेमारी, 22 लीटर शराब जब्त

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लहसूना थाना क्षेत्र के उस्मानचक गांव में एक महिला के द्वारा शराब बिक्री करने के मामले में लहसूना पुलिस ने छापेमारी की, जहां पर दो गैलन में रखा हुआ 22 लीटर देसी शराब को जप्त किया गया है। लासुना थानाध्यक्ष खुशबू खातून ने बताया कि पिछले कई दिनों से उसे उसमानचक गांव में एक महिला के द्वारा शराब बिक्री करने की सूचना मिल रही थी, सूचना को सत्यापन करते हुए टीम गठित कर छापेमारी की गई, हालांकि पुलिस को देखते हुए महिला भागने में सफल रही जिसमें मुनिया देवी पति साजन मांझी पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए कार्रवाई की जा रही है, घर की तलाशी लेने पर दो गैलेन में रखा हुआ 22 लीटर देसी शराब को जप्त किया गया है। छापेमारी के दौरान गांव के आसपास की कई लोग जुटे लेकिन साक्षी कोई नहीं बन पाया मामले की जांच की जा रही है।

### करेंट से बिजली मिस्त्री घायल

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चोंदीपर मोहल्ला में शनिवार को लगभग 10 बजे ट्रांसफार्मर ठीक करते समय एक बिजली मिस्त्री को करंट लग गया, जिससे वह नीचे झाड़ी में गिर गया। स्थानीय लोगों ने उसे उठाकर बाढ़ के अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया जहां प्राथमिक चिकित्सा के बाद घायल को पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिजली मिस्त्री ट्रांसफार्मर के लाइन को काटने के लिए विभाग के कर्मचारियों को कहा था। संयोग से जिस ट्रांसफार्मर को उसे ठीक करना था उस पर न चढ़कर दूसरी ट्रांसफार्मर पर चढ़ गया जिसमें करंट प्रवाहित हो रहा था। उसके बाद जैसे ही बिजली के तार में हाथ लगाया झटका खाकर नीचे गिर गया। बताया जा रहा है कि उसका हाथ बुरी तरह से झुलस गया है। फिलहाल प्राथमिक चिकित्सा के बाद उसे पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया गया है। घायल 35 वर्षीय चंदन कुमार बाढ़ के काजी चक मोहल्ला का रहने वाला बताया जाता है।

### सड़क हादसे में युवक घायल

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में 31 वर्षीय युवक जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहा है। युवक को माता के पिछले हिस्से में गंभीर चोटें लगी है जिसका बाढ़ में इलाज चल रहा है स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि 112 पुलिस युवक को बेहोशी की हालत में लाकर भर्ती करवा दिया लेकिन ना तो उसका नाम पता चल रहा है और ना ही उसके परिजनों को जानकारी दी गई है लेकिन पुलिस ने उसे कहां से उठाकर लाया। यह भी पता नहीं कुछ लोग रेल से गिरने की बात कर रहे हैं तो कुछ लोग सड़क पर हादसा ग्रस्त होने के बाद फिलहाल युवक की हालत नाजुक है। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि युवक असम का रहने वाला है समय रहते यदि युवक को बेहतर इलाज नहीं मिला तो उसकी जिंदगी खतरे में है।

### रेलवे स्टेशन पर गर्मी में यात्री रहे परेशान

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेलवे स्टेशन पर शनिवार के दिन यात्रियों की काफी भीड़ देखने को मिला बाढ़ और पंडारक स्टेशन के बीच सुबह 10:45 से लेकर 1: 30 मिनट तक डाउन रेलवे लाइन मेंटेनेंस के लिए मेगा ब्लॉक लिया गया था जिसके चलते कई ट्रेनें बाढ़ ,अथमल गोला और बख्तियारपुर रेलवे स्टेशन पर खड़ी रही इस दौरान बाढ़ रेलवे प्लेटफार्म पर पेयजल बंद होने के चलते यात्री काफी परेशान रहे और पानी के लिए जहां-जहां भटकते दिखे रेलवे स्टेशन पर पानी की सुविधा सही तरीके से नहीं होने के चलते यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा मेगा ब्लॉक हटाने के बाद यातायात व्यवस्था धीरे-धीरे ठीक हुई।

### युवा और अनुभवी नेतृत्व से बिहार को मिलेगी तरक्की



**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी विश्वास मत हासिल करने पर मनेर में खुशी व्यक्त कर रहे है समाजसेवी राजीव रंजन और गुड्डू ने विश्वास में हासिल करने पर बधाई दी है एवं उन्होंने कहा कि सरकार युवा के हाथ में आई है इसलिए अब रोजगार की संभावना काफी दिखेगी। सम्राट सरकार नई ऊर्जा के साथ विकास के पथ पर अग्रसर होगा।उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि डबल इंजन की सरकार राज्य में बुनियादी ढांचे, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगी। राजीव रंजन गुड्डू ने कहा कि सम्राट चौधरी जैसे युवा और अनुभवी नेतृत्व से बिहार के युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।

### जमालपुर किऊल रेलखंड पर 7 घंटे का मेगा ब्लॉक आज, कई ट्रेने रद्द

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जमालपुर-किऊल रेलखंड पर सबवे निर्माण कार्य को लेकर रविवार को बड़ा ट्रैफिक और पावर ब्लॉक लिया जाएगा। यह ब्लॉक अभयपुर और कजरा के बीच स्थित लेवल क्रॉसिंग गेट संख्या 26 एवं 27 को हटाकर आरसीसी बॉक्स के जरिए सबवे निर्माण के लिए लिया जा रहा है। सुबह 7:30 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक प्रस्तावित इस ब्लॉक के कारण कई ट्रेनों के परिचालन पर असर पड़ेगा। करीब 7 घंटों तक मेगा ब्लॉक रहेगा।पूर्व रेलवे मालदा मंडल के डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता ने दी है। उन्होंने बताया कि मेगा ब्लॉक 26 अप्रैल को 7:30 बजे से 14:30 बजे तक ब्लॉक लिया जाएगा, तथा लेवल क्रॉसिंग हटाकर सबवे निर्माण के लिए आरसीसी बॉक्स स्थापित किया जाएगा। इस मेगा ब्लॉक से पहले अंतिम ट्रेन नंबर 12368 विक्रमशिला एक्सप्रेस व 13401 भागलपुर-दानापुर इंटरसिटी का परिचालन होगा, तथा ब्लॉक के बाद पहली ट्रेन नंबर 13334 पटना-दुमका एक्सप्रेस व 15658 ब्रह्मपुत्र मेल का परिचालन शुरू किया जाएगा। वहीं देरी से चल रही अन्य ट्रेनों को भी आवश्यकता अनुसार नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह कार्य यात्री सुरक्षा और सुगम यातायात के लिए अत्यंत जरूरी है। सबवे निर्माण के बाद लेवल क्रॉसिंग की समस्या समाप्त होगी और सड़क एवं रेल दोनों यातायात को राहत मिलेगी।

## बैशाखी पितृपक्ष में उमड़ा आस्था का सैलाब, नेपाल और भूटान से आए पिंडदानी, पुनपुन के पावन तट पर किया पूर्वजों का पिंडदान

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बैशाखी पितृपक्ष के दौरान मोक्षदायिनी पुनपुन नदी के तट पर शनिवार को आस्था का अनूठा संगम देखने को मिला। जहाँ तकरीबन 300 विदेशी पिंडदानीयों का.हुजूम उमड पडा,जो अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए नेपाल और भूटान से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मसौढ़ी के पुनपुन घाट पहुंचे और विधि-विधान से पिंडदान किया।पिंडदान के लिए आए श्रद्धालुओं ने सबसे पहले पुनपुन नदी में स्नान किया, फिर वेदियों पर बैठकर पंडों के मंत्रोच्चार के बीच जौ, तिल, चावल और कुश से बने पिंड अर्पित किए। मान्यता है कि पुनपुन में पिंडदान करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। नेपाल से आए पिंडदानी ने कहा की हमारे शास्त्रों में लिखा है कि गया से पहले पुनपुन में पिंडदान जरूरी है।



इसलिए परिवार के साथ नेपाल से आए हैं। यहां आकर मन को बहुत शांति मिली। पूर्वजों का आशीर्वाद मिला।वहीं एक भूटान से आई महिला श्रद्धालु ने कहा की पहली बार भारत आए हैं। पिताजी की इच्छा थी कि पुनपुन में पिंडदान करें। आज उनकी इच्छा पूरी हुई। व्यवस्था बहुत अच्छी है।पुनपुन पंडा समाज के सचिव राकेश उर्फ रिंकू बाबा ने बताया कि इस साल पितृपक्ष में विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ी है। नेपाल, भूटान के अलावा मॉरीशस से भी लोग ऑनलाइन संकल्प लेकर पिंडदान करवा रहे हैं।यह बैशाख पिंडदान 14 मई चलेगा। इसके अलावा उन्होंने बताया की पुनपुन को 'आद्य गया' कहा जाता है। यहां पिंडदान के बाद ही गया में फल्गु नदी तट पर पिंडदान का महत्व है। 16 दिनों तक यहां श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है।वहीं प्रशासन की ओर से घाट पर सुरक्षा, साफ-सफाई और टेंट की व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं ने बताया कि बिहार की धार्मिक परंपरा और आतिथ्य सत्कार से वे अभिभूत हैं।

### घर में घुसकर महिला के साथ मारपीट मामले में तीन लोगों पर मुकदमा

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी थाना क्षेत्र के तारेगना चकिया गांव में बीते शुक्रवार की देर शाम को घर में घुसकर मारपीट कर महिला से अश्लील हरकत करने के मामले में तीन लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई । दिए गए आवेदन के आलोक में लिखा गया है कि शाम को घर में हम खाना बना रहे थे हमारे पति शत्रुघ्न सिंह टोटो चलाते हैं ,जब वह शाम घर लौट रहे थे, तो गली में मुकेश सिंह पिता विनोद सिंह, विकास कुमार पिता विनोद सिंह और संजीव कुमार तिनो गली में शराब पि रहे थे,जब टोटो लेकर गली मे आये तो उसी विवाद करने लगा, और फिर मारपीट करने लगा, जब हम छुड़ाने गये तो मेरे साथ मारपीट करते हुए अशलील हरकत की और मंगलसूत्र छीन लिया।

# अपराध की योजना बना रहे दो युवक हथियार के साथ गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कादिरगंज पुलिस ने नेतौल हाई स्कूल मैदान से अपराध की योजना बना रहे दो युवकों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है, मौके से एक देसी कट्टा, एक जिंदा कारतूस और एक बाईक को भी जप्त किया है। गिरफ्तार किए गए अपराधियों में गुड्डू कुमार (उम्र 28 वर्ष) पिता राजदेव प्रसाद एवं सूरज कुमार (उम्र 22 वर्ष) पिता अरुण प्रसाद दोनों ग्राम हसनपुर के निवासी हैं। थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि शुक्रवार की देर रात को जब पुलिस पार्टी इमलिया मोड़ के पास छापेमारी कर रही थी जहाँ गुप्त सूचना के आधार पर जानकारी मिली कि नेतौल हाई स्कूल के मैदान में दो युवक हथियार के साथ बैठा हुआ है, सूचना को सत्यापन करते हुए पूरी टीम जब पहुंची तो पुलिस को देखकर दोनों अपराधी भागने लगे जिसे पुलिस बल ने खदेड कर पकड़ा, जहां तलाशी के दरमियान सूरज कुमार के पास में एक देसी कट्टा बरामद की गई और गुड्डू कुमार के पॉकेट में एक थ्री नॉट थ्री का एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। वही एक बाइक भी जप्त की गई है। जिसका कोई डॉक्यूमेंट नहीं दिया गया है। सूरज कुमार का अपराधिक इतिहास भी रहा है, जो जहानाबाद के पाली थाना कांड संख्या 71/ 25 के तहत खगडिया तेतरिया के रौशन उर्फ रंजीत के साथ मिल कर नेतौल में आपसी बाद में कुछ युवकों के साथ मारपीट की घटना की थी,उस दौरान पुलिस ने 40 कारतूस जप्त किए गए थे। बहरहाल इस ऑपरेशन में थानाध्यक्ष रौशन कुमार के अलावा परी.पु.नि. अंकित कुमार,पु.अ.नि. मोतीलाल ठाकुर, स.अ.नी विरेन्द्र लकड़ा के साथ दीपू राजीव श्रीवास्तव आदि शामिल रहे।



## बीएसएफ जवान का ब्रेनहैमरेज से निधन, परिवार में शोक



**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखण्ड के माधोपुर के रहने वाले व बीएसएफ के जवान अशोक ठाकुर की ब्रेन हेमरेज के कारण आकस्मिक निधन हो गया। मृतक जवान का पार्थिव शरीर शनिवार को उनके पैतृक गांव पहुँचा। जवान अशोक ठाकुर का पार्थिव शरीर गांव पहुँचते ही पूरे परिवार वालो के बीच शोक का माहौल बन गया। वही गांव में लोगो की भीड़ जवान के पार्थिव शरीर के दर्शन के लिए जुटी रही। जवान अशोक ठाकुर जलपाइगुड़ी में तैनात थे। बताया जाता है कि मनेर के माधोपुर निवासी राजेंद्र ठाकुर के पुत्र अशोक ठाकुर बीएसएफ के जवान थे। जोकि न्यू जलपाईगुड़ी में 18 बीएन बीएसएफ के ड्यूटी पर तैनात थे, तभी अचानक उन्हें ब्रेन हेमरेज हुआ। उन्हें तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई गई, लेकिन डॉक्टरों के तमाम प्रयासों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। उनके पार्थिव शरीर को पूरे सम्मान के साथ उनके पैतृक घर शनिवार सुबह लाया गया है। उसके बाद हल्दी छपरा संगम तट पर उनका अंतिम संस्कार पूरे राष्ट्रीय सम्मान के साथ किया गया। जिसमें वहां से आए बीएसएफ की टुकड़ी ने उन्हें सलामी दी। मालूम हो कि अशोक ठाकुर के बड़े भाई भी सीमा सुरक्षा बल में ही कार्यरत थे और कुछ समय पूर्व एक दर्दनाक हादसे लैंडस्लाइड (भूस्खलन) की चपेट में आने से उनकी मृत्यु हुई थी।

## बेखौफ बदमाश: बाइक सवार एमआर से मोबाइल झपटा, हथियार दिखाकर हुए फरार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी में अपराधियों ने एक बार फिर पुलिसिया इकबाल को चुनौती दी है. शुक्रवार की सुबह अनुमंडल चौराहा और हॉस्पिटल मोड़ के बीच एन एच-83 पर बाइक सवार दो बदमाशों ने एक मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव ( एमआर) का मोबाइल झपट लिया और शोर मचाने पर हथियार लहराते हुए फरार हो गए. पीड़ित की पहचान जहानाबाद जिले के हुलासगंज थाना अंतर्गत विशुनपुरा निवासी सत्येन्द्र शर्मा के पुत्र नीतीश कुमार के रूप में हुई है.जानकारी के अनुसार नीतीश अपनी बाइक से पटना जा रहे थे. इसी दौरान पीछे से आए एक बाइक पर सवार दो बदमाशों ने झपट्टा मारकर उनका मोबाइल छीन लिया और नदवां की ओर भागने लगे.इसके बाद नीतीश ने हिम्मत दिखाते हुए काफी दूर तक बदमाशों का पीछा किया और शोर मचाया. लेकिन बदमाशों ने बीच सड़क पर हथियार (पिस्तौल) निकाल कर उन्हें जान से मारने की धमकी दी. हथियार देख नीतीश सहम गए और वे वापस लौट आए.बाद में नीतीश कुमार रोते हुए मसौढ़ी थाना पहुंचे और अपनी आपबीती पुलिस से सुनाई.उन्होंने बताया कि वे पटना जाने के क्रम में इस रास्ते का नियमित उपयोग करते हैं.हैरानी की बात यह है कि महज डेढ़ महीने पहले भी इसी रास्ते पर बदमाशों ने उनकी जेब से मोबाइल छीन लिया था. बार-बार निशाना बनने और मेहनत की कमाई लुट जाने के गम में पीड़ित थाने में फूट-फूट कर रोने लगा. नीतीश कुमार ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है.

यातायात नियमों की अनदेखी

### गाड़ियों की छत पर सफर कर रहे यात्री, प्रशासन बेखबर

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी-कादिरगंज मुख्य मार्ग पर यातायात नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। ऑटो, टेंपो और निजी बसों की छतों पर बैठकर लोग सफर करने को मजबूर हैं। जान जोखिम में डालकर हो रही इस यात्रा पर पुलिस-प्रशासन की नजर नहीं पड़ रही। सुबह और शाम के वक्त सबसे ज्यादा भीड़ होती है। सीटें फुल होने के बाद चालक ज्यादा कमाई के लालच में यात्रियों को गाड़ी की छत पर बैठा लेते हैं। 20-30 किलोमीटर की दूरी भी लोग छत पर लटककर तय कर रहे हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि छत पर सफर के दौरान कई बार लोग गिरकर घायल हो चुके हैं। बिजली के तार, पेड़ की डालियों और अचानक ब्रेक से हादसे का खतरा हमेशा बना रहता है। सामाजिक कार्यकर्ताओ ने बताया की ये सीधे मौत को दावत देना है।

## लड़की ने शादी से पहले प्रेमी संग रचायी शादी, दोनों के परिजन पहुंचे थाना

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्णिया की एक युवती जिसकी शादी आगामी 14 मई को होनी थी लेकिन उसने इसके पहले अपने प्रेमी मसौढ़ी थाना के नदौल मठ जीवनचक निवासी राजीव रंजन कुमार से शादी रचा ली. फिलहाल दोनों जीवनचक में रह रहे है.इधर युवती के परिजन इससे आहत होकर मसौढ़ी थाना पहुंच पुलिस से आपबीती सुनाई. पुलिस के पहल पर शनिवार को दोनों प्रेमी युगल जो अब शादी के बंधन मे बंध चुके है, थाना पर परिजनों व पंचायत के मुखिया व सरपंच मनोज कुमार के संग पहुंचे. परिजनों के सामने पुलिस युवती से बात की, युवती स्पष्ट कह दी कि उसने राजीव के साथ शादी रचा ली है और रहेगे इसी के साथ. चुकी दोनो बालिग है, इस बजह से पुलिस भी उनकी बातों को नही काट सकी. थाना में एक घंटे तक मान मनोबल का दौर चलता रहा,अंततः युवती राजीव रंजन के साथ उसके घर चली गयी. जानकारी के अनुसार पूर्णिया सरपंच टोला निपानिया निवासी प्रदीप कुमार की पुत्री प्रियंका कुमारी व नदौल मठ जीवनचक निवासी राजकुमार प्रसाद की पुत्र राजीव रंजन कुमार जहानाबाद के एक कालेज में वर्ष 2019 मे ही बीएड एक साथ कर रहे थे.जहां दोनों के बीच प्रेम संबंध स्थापित हो गया.इसीबीच प्रियंका का शिक्षक में नौकरी लग गयी और फिलहाल वह पूर्णिया मे ही किसी विधालय में पदस्थापित है. इधर प्रियंका के परिजनों ने उसकी शादी कही तय कर दी और आगामी 14 मई को उसकी शादी होनी थी. इसके लिये उसके घर में शादी की तैयारी चल रही थी. इसीबीच प्रियंका अपने घर से निकल राजीव रंजन के पास पहुंची और दोनों शादी रचा लिये और राजीव के घर प्रियंका रहने लगी. इसबीच प्रियंका के परिजन ढूंढते हुये मसौढ़ी पहुंचे और प्रियंका को मनाने का प्रयास किये लेकिन वह नही मानी. हालांकि बाद मे प्रियंका के पिता ने एक प्रस्ताव दिया और राजीव रंजन के परिजनों से बोला कि फिलहाल प्रियंका को हमे दे दे और आगामी 14 मई को आपलोग बारात लेकर हमारे घर पहुंचे और सौहार्दपूर्ण वातावरण मे हमलोग एक दूसरे से बजाप्ता मंडप में शादी करा देगे. इससे मेरी प्रतिष्ठा बच जायेगी. प्रियंका के पिता का प्रस्ताव राजीव रंजन के परिजनों ने ठुकरा दिया और कहा कि वहां जाने के बाद हमलोगो के साथ कोई अनहोनी हो सकती है.

## गर्मी से बढ़ी अस्पताल में मरीजों की संख्या

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडलीय अस्पताल में शनिवार को मरीजों की संख्या अत्यधिक देखी गयी। अस्पताल इमरजेंसी वार्ड से लेकर ओपीडी तक मरीजों से खचाखच भरा हुआ था। अचानक बढ़ी मरीजों की संख्या को देखते हुए जब इस संबंध में जब अस्पताल के डॉक्टर डॉ. अरविंद कुमार झा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि ऐसे तो बाढ़ एक बड़ा अनुमंडल है हर दिन एक्सीडेंटल या फिर ओपीडी में कई लोग इलाज कराने के लिए आते हैं। लेकिन अभी गर्मी का मौसम है इसलिए ज्यादातर मरीज जो उल्टी, दस्त या फिर डीहाइड्रेशन के शिकार हो जाते हैं वो आ रहे हैं। इस समय उनकी संख्या ज्यादा रहती है। उन्होंने बताया कि गर्मी के दिनों में जिस तरह से तापमान में वृद्धि हो रही है लोगों को बहुत सावधानी रखने की जरूरत है । एकदम जरूरी काम हो तभी घर से निकलना चाहिए। लोगों को पानी का सेवन ज्यादा से ज्यादा करना चाहिए, घर में ओआरएस घोल का इस्तेमाल करें। इसके साथ ही ताजा खाना खाए, बासी खाने से परहेज रखें। तभी गर्मी के मौसम में फैलने वाली जो बीमारियां है उससे बचाव हो सकता है।

## अग्नि सुरक्षा जागरूकता को लेकर मसौढी, धनरूआ, पुनपुन मे मॉक ड्रिल कर फायर सेफ्टी के बताये गुर

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बढ़ते आगजनी की घटनाओं को देखते हुए अग्निशमन विभाग के द्वारा मसौढी अनुमंडल के विभिन्न प्रखंडों के अंतर्गत फायर सेफ्टी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जगह-जगह पर मॉक ड्रिल और नुक्कड़ नाटक के जरिए लोगों को आग से बचाव की जानकारियां दी जा रही है।इसके अलावा अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से ग्रामीणों को आपदा से बचाव एवं सावधानी के विभिन्न उपायों की जानकारी दी गई। साथ ही उढफफायरमैन लिफ्ट तथा क्रॉलिंग जैसी महत्वपूर्ण जीवन रक्षक तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया।इसके अतिरिक्त इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के दिशा-निदेर्शों के आलोक में गैस एजेंसियों एवं भंडारण स्थलों पर गैस से लगने वाली आग की घटनाओं से बचाव हेतु ह्लक्या करें एवं क्या न करेंह्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। यह कार्यक्रम परी० जिला अग्निशमन पदाधिकारी मंजीत सिंह एवं अनुमंडल अग्निशमन कार्यालय के समस्त पदाधिकारियों/कर्मियों की उपस्थिति में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।अग्निशमन सेवा सप्ताह के समापन अवसर पर आमजन से अपील की गई कि वे अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक रहें एवं सुरक्षित समाज के निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाएं।



# संत डोमिनिक सेवियोज हाई स्कूल वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित







**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** संत डोमिनिक सेवियोज हाई स्कूल अवस्थित जे. पी. गौल्स्टेन सभागार में सत्र 2025-26 के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों की शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट उपलब्धियों का सम्मान किया गया। यह समारोह विद्यालय के सभागार में बड़े उत्साह और उमंग के साथ आयोजित किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के बैण्ड की मार्च पास्ट उपरांत दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके पश्चात निदेशक श्री जी.जे. गौल्स्टेन द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। अपने संबोधन में निदेशक ने छात्रों की मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रयास की सराहना करते हुए उन्हें जीवन में उच्च लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। समारोह में डा. बी. के. चौधरी, विभागाध्यक्ष, श्वसन एवं फेफडा रोग विभाग, पटना मेडिकल कॉलेज मुख्य अतिथि के रुप में मौजूद थे तथा येशुवादी पुजारी श्री इग्नेशियस अब्राहम सम्मानित अतिथि के रूप मे उपस्थित थे। श्रीमती सुजैन अब्राहम, वरीय अध्यापिका संत माइकल हाई स्कूल विशिष्ट अतिथि थीं। समारोह का मुख्य आकर्षण अकादमिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान करना रहा। शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए ट्रॉफियाँ एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने वातावरण को और भी जीवंत बना दिया। समूह नृत्य एवं संगीतमय प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया और सभी ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना की। मुख्य अतिथि ने पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी तथा सभी छात्रों को दृढ़ संकल्प और ईमानदारी के साथ अपने लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु प्रेरित किया। उन्होंने विद्यालय द्वारा प्रदान की जा रही समग्र शिक्षा की भी सराहना की। अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती ग्लेण्डा गौल्स्टेन ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ समारोह का समापन किया, जिसमें सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। यह समारोह छात्रों के लिए प्रेरणादायक साबित हुआ और उन्हें भविष्य में और अधिक उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### चोरी की बाइक के साथ युवक गिरफ्तार

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रक्सौल अनुमंडल के पलनवा थाना क्षेत्र में पुलिस ने चोरी की एक बाइक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान सुनील कुमार के रूप में हुई है, जो बस्ती सेमरा गांव का निवासी बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, नियमित जांच के दौरान एक संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोका गया। जांच के क्रम में जब बाइक के इंजन और चेसिस नंबर का मिलान मशीन के माध्यम से किया गया, तो दोनों नंबर अलग-अलग पाए गए। इससे बाइक के चोरी का मामला सामने आया। इसके बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया और आरोपी सुनील कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी हुई है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि बाइक कहां से चोरी की गई थी तथा इस मामले में और कौन-कौन लोग शामिल हो सकते हैं।



### देसी शराब व दो बाइक के साथ तस्कर गिरफ्तार

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के कोलासी गांव में पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए शनिवार को सिजुआ नदी के समीप से करीब 100 लीटर देसी चुलाई शराब बरामद की है। इस संबंध में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष महेश कुमार ने बताया कि इस दौरान मौके से दो बाइक और शराब बनाने वाली मशीन भी जब्त की गई है। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान उक्त गांव निवासी स्व. राज मंगल राय के पुत्र रंजीत कुमार के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने मौके पर चल रही अवैध शराब भट्ठी को भी पूरी तरह नष्ट कर दिया है। छापेमारी के दौरान कुछ अन्य तस्कर मौके से फरार हो गए, जिनकी पहचान पुलिस ने कर ली है। पुलिस के अनुसार फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस कार्रवाई से इलाके में अवैध शराब कारोबार पर बड़ी चोट पहुंची है और आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कानूनी प्रक्रिया की जा रही है।



### एकमा में दो मंदिरों में चोरी

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा थाना क्षेत्र के फुचटी कला गांव स्थित दो मंदिरों में अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद इलाके में धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को लेकर लोगों में चिंता बढ़ गई है। बताया गया है कि गांव के शिव मंदिर से चोरों ने घंटा, घड़ी और दान पात्र चुरा लिया। वहीं राम-जानकी मंदिर को भी निशाना बनाते हुए पुजारी का मोबाइल, घड़ी तथा करीब पांच हजार रुपये नकद सहित लगभग 15 हजार रुपये मूल्य की संपत्ति गायब कर दी गई। मंदिर के पुजारी संजय मिश्रा ने एकमा थाना में लिखित आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आसपास के क्षेत्रों में छानबीन की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही घटना का खुलासा कर लिया जाएगा।

### आत्महत्या का प्रयास कर रही महिला की समाजसेवी ने बचायी जान

**हिलसा (नालंदा)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पारिवारिक कलह से परेशान एक महिला द्वारा आत्महत्या का प्रयास किए जाने का मामला सामने आया है। हालांकि मौके पर मौजूद एक समाजसेवी की सतर्कता और साहस से महिला की जान बच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हिलसा नगर परिषद क्षेत्र के देवनगर मोहल्ला निवासी मंटू कुमार की पत्नी कांती देवी बीते शाम पारिवारिक विवाद से तंग आकर हिलसा रेलवे स्टेशन पहुंच गई थी। बताया जाता है कि वह इस्लामपुर-हटिया ट्रेन का इंतजार कर रही थी। जैसे ही ट्रेन स्टेशन पर आने वाली थी, महिला अचानक पटरी पर जाकर लेट गई। इसी दौरान स्टेशन पर मौजूद राममूर्ति नगर निवासी समाजसेवी मदन प्रसाद शर्मा की नजर महिला पर पड़ी। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए उन्होंने बिना देर किए दौड़कर महिला को पकड़ लिया और पटरी से हटाकर उसकी जान बचा ली। उनके इस साहसिक कदम से एक बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने समाजसेवी की सराहना की। वहीं महिला को समझा-बुझाकर परिजनों के हवाले कर दिया गया है।

### फोन कर युवक को घर से बुलाया, लापता

**चांदन(बांका)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सिलजोरी पंचायत के कसय गांव के एक युवक रहस्यमय ढंग से गायब हो जाने की मामला सामने आया है।जानकारी के अनुसार कसय गांव निवासी प्रभात कुमार उम्र 21 वर्ष पिता ओंकार यादव बीते 19 अप्रैल 2026 को देर शाम से लापता है।लापता युवक के फोन नंबर पर किसी अज्ञात लोग ने फोन कर घर से बाहर बुलाया और युवक लापता हो गया।लापता युवक के मां ने बताई किसी ने फोन करके बेटे को मजदूरी करने जमुई जाने को लेकर बात सुनी गई थी।काफी खोजबीन के बाद युवक का कहीं पता न चलने पर चांदन थाना में पिड़ित मां कैली देवी ने लापता पुत्र की खोजबीन की लिए आवेदन देकर गुहार लगाई है।इस संबंध में थानाध्यक्ष श्रीकांत भारती ने बताया लापता युवक की खोजबीन की जा रही है।

### सर्पदंश से युवक की मौत

**चांदन (बांका)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बिरनियां पंचायत के भलुवाई गांव में आज शनिवार अहले सर्पदंश से एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार शिवा कुमार पिता बिरेंद्र राय सा०भलुवाई गांव निवासी आज प्रातःकाल शौच के लिए खेत की और जाने के दौरान रास्ते में एक सर्प ने दंश लिया। सुचना मिलते ही स्वजनों ने आनन-फानन में इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चांदन पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांत मृत घोषित कर दिया।स्वजनों ने मृतक युवक के शव को एक तांत्रिक के पास झाड़-फूंक के लिए ले गया। घटना की सुचना स्वजनों ने किसी भी प्रकार के स्थानीय थाना को नहीं दिया है।

आधे घंटे तक लिफ्ट में फंसी महिला, मची अफरा तफरी।

### काफी मशक्कत के बाद विद्युत विभाग की टीम ने महिला को लिफ्ट से निकला।

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जमालपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या दो पर उसे समय अफरा तफरी का माहौल बन गया जब ग्रेड वन का दर्जा प्राप्त मॉडल स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या दो स्थित लिफ्ट में तकनीकी खराबी के कारण एक महिला आधे घंटे तक फंसी रही। लिफ्ट में फंसी महिला द्वारा घबराहट में शोर सराभाग करने के बाद आसपास के यात्रियों को इस बात की भनक लगी और उन लोगों ने तत्काल इसकी सूचना स्टेशन प्रबंधन को दी। स्टेशन प्रबंधन द्वारा उद्घोषणा विद्युत विभाग के अधिकारियों को इस संबंध में जानकारी दी और विभाग के अधिकारियों द्वारा आधे घंटे की रेस्क्यू के बाद उक्त महिला को सुरक्षित बाहर निकल गया। महिला यात्री के लिफ्ट में फंसे होने की सूचना के बाद स्टेशन अधीक्षक दीपक कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए विद्युत विभाग के अधिकारियों को माइकिंग कर इसकी सूचना दी। जिसके विद्युत विभाग के वरीय अनुभाग अभियंता शशि कुमार के निर्देश पर टीम ने लिफ्ट के समीप पहुंचकर रेस्क्यू करके महिला को निकाला गया। इधर एसएससी शशि कुमार ने बताया कि लिफ्ट को सुचारू रूप से संचालित करने में 380 वोल्ट की आवश्यकता होती है। तकनीकी कर्म से अगर वोल्टेज की कमी हो जाने पर अचानक बंद हो जाता है। आधे घंटे तक महिला रेल यात्री के फंसे होने के बाद पूरी तरह से वोल्टेज मिलने पर चालू हो गया है।

# भाजपा महिला मोर्चा ने निकाली जन आक्रोश महिला पद यात्रा

## यह पदयात्रा एक सभा नहीं नारी सम्मान,अधिकार,स्वाभिमान की आवाज हैः राधामोहन



**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी के महिला मोर्चा द्वारा शनिवार को जन आक्रोश महिला पदयात्रा निकाला गया। बाद में राजेन्द्र नगर भवन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री सह सांसद राधामोहन सिंह ने कहा का कि यह जन आक्रोश महिला सम्मेलन केवल एक सभा नहीं है, बल्कि यह नारी सम्मान, अधिकार और स्वाभिमान की आवाज है। यह वह आवाज है, जिसे लंबे समय से दबाने की कोशिश की गई, लेकिन आज यह आवाज पूरे जोश और ताकत के साथ उठ रही है। देश की करोड़ों महिलाओं की नजर संसद पर थी। देश की नारी शक्ति देख रही थी। मुझे भी यह देखकर बहुत दुख हुआ कि जब ये नारी हित का प्रस्ताव गिरा, तो कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी, सपा , जैसी परिवारवादी पार्टियां, खुशी से तालियां बजा रही थीं । महिलाओं से उनके अधिकार छिनकर ये लोग मेजें थपथपा रहे थे। उन्होंने जो किया वो केवल टेबल पर थाप नहीं थी, वो नारी के स्वाभिमान पर उसके आत्मसम्मान पर चोट थी और नारी सब भूल जाती है। अपना अपमान कभी नहीं भूलती । इसलिए संसद में कांग्रेस और उसके सहयोग के उन सबके व्यवहार की कसक हर नारी के मन में हमेशा रहेगी। देश की नारी जब भी अपने क्षेत्र में इन नेताओं को देखेगी, तो वो याद करेगी कि इन्हीं लोगों ने, इन्हीं लोगों ने, संसद में महिला आरक्षण को रोकने का जश्न मनाया था। कल संसद में नारी शक्ति वंदन संशोधन का जिन दलों ने विरोध किया है। वो ये भूल रहे हैं, कि 21वीं सदी की नारी देश की हर घटना पर नजर रख रही है। वो उनकी की मंशा भाप रही है और सच्चाई भी भली भांति जान चुकी है। इसलिए महिला आरक्षण विरोध करके जो पाप विपक्ष ने किया है, इसकी उन्हें सजा जरूर मिलेगी । इन दलों ने संविधान निमार्ताओं की भावनाओं का भी अपमान किया है और जनता द्वारा इसकी सजा से भी वो बच नहीं पाएंगे। सदन में नारी शक्ति वंदन संशोधन किसी से भी कुछ छिनने का नहीं था। नारी शक्ति वंदन संशोधन हर किसी को कुछ ना कुछ देने का था, देने के लिए संशोधन का था । ये 40 साल से लटके हुए नारी के हक को , 2029 के अगले लोकसभा चुनाव से उसका हक देने का संशोधन था। कार्यक्रम का संचालन महिला मोर्चा की महामंत्री रंजना श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार,उप महापौर डॉ लालबाबू प्रसाद, जिलाध्यक्ष पवन राज, उपाध्यक्ष मीना मिश्रा जी, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष नीता शर्मा जी, महामंत्री ऊषा गुप्ता जी, डॉ हेना चन्द्रा जी, उपाध्यक्ष संध्या वर्मा एवं नीलम देवी, प्रदेश नेत्री संगीता चित्रांश,पुतुल पाठक, जिला सह मीडिया प्रभारी सुधीर कुमार गुप्ता सहित बड़ी संख्या में महिला शामिल थे ।

## शहरी क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति ठीक से नहीं होने से जनता आक्रोशित

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहरी क्षेत्र के आधा दर्जन से ऊपर वार्ड में बिजली आपूर्ति सही से नहीं होने पर जनता जनप्रतिनिधि में विभाग के प्रति काफी आक्रोश देखा जा रहा है। बिजली आपूर्ति ठीक से नहीं होने से परेशान जनता जनप्रतिनिधि की एक आवश्यक बैठक नक्की नगर केशो पुर जमालपुर में हुई। अध्यक्षता करते वार्ड पार्षद राकेश तिवारी ने कहा कि जब से बिहार में नई सरकार बनी है तब से बिजली आपूर्ति ठीक से नहीं हो पा रहा है। 24 घंटे में 17 से 18 घंटे ही बिजली मिल रही है। प्रत्येक दिन संध्या के समय ही बिजली गुल हो जा रही है जिससे बच्चों के पठन-पाठन पर भी बुरा असर पड़ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत माता चौक से फुलका स्थित कुल 8 वार्ड में बिजली आपूर्ति की अत्यंत ही खराब स्थिति है। प्रत्येक दिन 5 से 6 घंटा बिजली गुल होने को लेकर जब विभागीय पदाधिकारी से जनता जानना चाहती है तो उनका कहना होता है कि राज्य सरकार बिजली की आपूर्ति ही सही तरीके से नहीं दे रहा इसलिए मैं कटौती की जा रही है। बैठक में उपस्थित जनता जनप्रतिनिधि में बिजली विभाग को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि 48 घंटे के अंदर बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार नहीं होती है तो जनता सड़क पर उतारने के लिए बाध्य होगी। बैठक में दिनेश मंडल,उत्तम गुप्ता, नवल किशोर,मदन कुमार, मनोज कुमार,प्रदीप सिंह, दीपक सिंह सहित कई मस्जिद थे।



## चौकीदार की दबंगई गांव की एक महिला से मारपीट व अश्लील हरकत का आरोप

**कोटवा (पूर्वी चंपारण) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के जमुनिया जसौली गांव के जगती में एक महिला ने गांव के चौकीदार पर मारपीट कर घायल करने और अश्लील हरकत करने का गंभीर आरोप लगाया है। इस संबंध में पीड़िता सीमा देवी ने कोटवा थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। दिए गए आवेदन में सीमा देवी ने आरोप लगाया है कि गांव के चौकीदार शिवनाथ राय ने उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाने की कोशिश की।विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट की, जिससे वह घायल हो गई। पीड़िता के अनुसार, शोर सुनकर बचाने पहुंचे उसके पति अशोक यादव के साथ भी आरोपी चौकीदार ने मारपीट की। घटना के बाद परिजनों ने किसी तरह बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। वहीं, पीड़िता ने थाने में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में थानाध्यक्ष करण सिंह ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है।

## सीमावर्ती गांव अगरवा बना तस्करी का हॉटस्पॉट, सात किलो अफीम बरामद

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखण्ड क्षेत्र का अगरवा गांव इन दिनों नॉरकोटिक्स और खाद तस्करी के बड़े अड्डे के रूप में सुर्खियों में है। लगातार हो रही छापेमारी में पुलिस को सफलता भी मिल रही है, जिससे इलाके में हड़कंप मचा हुआ है।शुक्रवार देर शाम डीएसपी उदय शंकर के नेतृत्व में अगरवा गांव में सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने 7 किलोग्राम अफीम जैसा मादक पदार्थ बरामद किया। हालांकि, छापेमारी के दौरान तस्कर मौके से फरार हो गया।जानकारी के अनुसार, नेपाल बॉर्डर के पास स्थित अगरवा गांव में सुबोध कुमार के घर के पीछे अफीम छिपाकर रखा गया था। पुलिस ने प्लास्टिक की 7 अलग-अलग पॉलिथीन में पैक कुल 7 किलोग्राम अफीम बरामद किया। बरामद मादक पदार्थ की जब्ती सूची प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी इस्तेखार दानिश की उपस्थिति में तैयार की गई।मामले में जितना पुलिस ने अगरवा गांव के हरिकिशोर राय, शिवनाथ राय और रामाज्ञा राय पर संदेह जताते हुए प्राथमिकी दर्ज की है। बरामद अफीम की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 84 लाख रुपये बताई जा रही है।इस छापेमारी अभियान में डीएसपी के साथ इंस्पेक्टर धनंजय कुमार निर्दोष, एसएसबी अठमोहान के इंस्पेक्टर शिवनारायण, जितना थानाध्यक्ष सुधीर कुमार, घोड़ासहन थानाध्यक्ष अमरजीत कुमार और झरोखर थानाध्यक्ष असलम अंसारी अपने-अपने सशस्त्र बलों के साथ शामिल थे।गौरतलब है कि महज पांच दिन पहले भी अगरवा गांव से 104.7 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया था, जिसमें चार तस्करों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। वहीं, सीमा क्षेत्र में खाद तस्करी के खिलाफ भी लगातार बड़ी कार्रवाई की जा रही है।लगातार हो रही छापेमारी और बरामदगी के कारण अगरवा गांव क्षेत्र में चर्चा का केंद्र बना हुआ है, जिससे पुलिस की सख्ती और तस्करों की सक्रियता दोनों ही उजागर हो रही हैं।




## महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा दानापुर में 'सृजन' प्रेक्षागृह का किया गया उद्घाटन

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** छत्रसाल सिंह, महाप्रबंधक, पूर्व मध्य रेल ने दानापुर स्थित सीनियर सेकेंड्री रेलवे स्कूल में, नवसृजित 'सृजन' प्रेक्षागृह का उद्घाटन किया गया । इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती सुनीता सिंह एवं संगठन की अन्य सदस्याएं भी उपस्थित थीं। यह प्रेक्षागृह वर्ल्ड क्लास लाइट और साउंड सुविधाओं वाला मल्टी पर्पस ऑडिटोरियम हॉल के साथ दो सौ (200) दर्शकों के बैठने की क्षमता, छएऊ वीडियो वॉल, कुशन वाली सीट के साथ पुशबैक सीटिंग चेयर आदि सुविधाओं से सुसज्जित है तथा पूर्णतः वातानुकूलित है। इसके स्टेज की चौड़ाई 34 फीट है, जो कि मोटर से संचालित होनेवाले पर्दों से सुसज्जित है। महाप्रबंधक महोदय द्वारा मधुविहार रेल कॉलोनी का निरीक्षण भी किया गया एवं कॉलोनीवासी रेलकर्मियों के परिवारों से वार्ता किये एवं आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही महाप्रबंधक द्वारा दानापुर रेलवे कॉलोनी में टाईप -5 श्रेणी के 5 यूनिट क्वार्टर के निर्माण का शिलान्यास भी किया गया । छत्रसाल सिंह, महाप्रबंधक, पूर्व मध्य रेल द्वारा नवनिर्मित मंडल भंडार डिपो, दानापुर का उद्घाटन किया गया तथा डिपो के प्रागंण में वृक्षारोपण किया गया । इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक श्री विनोद कुमार सहित मुख्यालय एवं मंडल के अधिकारीगण भी उपस्थित थे ।



## नशा का सेवन करने रेल कॉलोनी में जुटे पांच युवक गिरफ्तार

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जमालपुर पुलिस ने रेल कॉलोनी रामपुर से ब्राउन शुगर का नाश करने जुटे पांच युवक को पुलिस ने संदिग्ध अवस्था में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार सभी युवक जमालपुर थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाके के बताए गए हैं। थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि रामपुर कॉलोनी के क्वार्टर नंबर 269 के समीप कुछ युवक संदिग्ध अवस्था में जुटे हैं। सूचना पर पुलिस पहुंच कर पांचो युवक हिरासत में लेकर पूछताछ किया तो पता चला कि सभी युवक आए दिन ब्राउन शुगर जैसे नशे का सेवन करने को लेकर एकत्रित हुए थे। हालांकि गिरफ्तार किए गए युवक में राहुल कुमार बड़ी दरियापुर, सनी कुमार गोस्वामी डीह जमालपुर, अंशु कुमार सदर बाजार, विक्की कुमार वलीपुर के बताए गए हैं। सभी गिरफ्तार संदिग्ध युवकों के विरुद्ध धारा 170 के तहत कार्रवाई करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। इधर जमालपुर पुलिस के इस कार्रवाई से शहर के चौक चौराहे चाय पान की दुकान में मिल रहे ब्राउन शुगर जैसे अवैध कारोबारी के बीच पुलिस का डर दिख रहा है।

## जिले के स्वास्थ्य केंद्रों में मनाया गया विश्व मलेरिया दिवस

### पीएसपी चिरैया,संग्रामपुर, मधुबन एवं चकिया स्वास्थ्य केंद्रों पर लोगों को किया गया जागरूक





**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विश्व मलेरिया दिवस के मौके पर जिले के स्वास्थ्य केंद्रों,समुदायों मे आम व्यक्तियों को सीएचओ व स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा जागरूक करते हुए विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया। इस सम्बन्ध में जिले के सिविल सर्जन डॉ दिलीप कुमार ने कहा की मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से यह रोग होता है जिसका समय पर ईलाज आवश्यक है, समय पर ईलाज नहीं करवाने से यह भी एक जानलेवा बीमारी बन सकता है। वहीं डीभीडीसीओ डॉ शरत चंद्र शर्मा ने बताया की मलेरिया से संक्रमित व्यक्ति को मच्छर के काटने के 6 से 8 दिन के बाद लक्षण दिखाई देते हैं। इसमें तेज बुखार, थकान, सिर दर्द, पेट में दर्द, चक्कर आना, बेहोशी आना, एनीमिया, मांसपेशियों के दर्द, उल्टियां होने जैसे लक्षण दिखाई देते हैं।उन्होंने बताया कि जिले के सभी पीएचसी में मलेरिया की जांच व इलाज की सुविधाएं उपलब्ध है। इससे घबराने की जरूरत नहीं है।

**विश्व मलेरिया दिवस पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन**

जिला मलेरिया ऑफिस मोतिहारी सहित चिरैया प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अम्बरीया मे सीएचओ अनुष्का भारती, चमही मे फूल कुमारी,इजरा संग्रामपुर में सीएचओ भीखाराम की अध्यक्षता में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ।मौके पर छात्रों व आम लोगों को मलेरिया व एईएस से बचाव की जानकारी दी गई। लोगों को मलेरिया के लक्षण व इससे बचाव की जानकारी दी गई।

भीबीडीएस रविंद्र कुमार,धर्मेंद्र कुमार,राकेश कुमार, ने बताया कि स्वच्छता व सावधानियों को बरत कर हम सभी लोग मलेरिया से बच सकते हैं। घरों, खुले स्थानों इत्यादि के आसपास गंदगी होने के कारण वहां मच्छर पनपते हैं। इसके बाद वह इंसानों को काटकर उन्हें मलेरिया से संक्रमित कर देते हैं। इसलिए मलेरिया से बचाव के लिए आवश्यक है कि अपने घर के पास साफ सफाई रखें व मच्छर पनपने वाले स्रोतों को नष्ट करें।मच्छरदानी और मच्छररोधी क्रीम का इस्तेमाल करें व पूरी बांह के कपड़े पहनें ।

## फिल्म 'सरकारी मीडियम' की शूटिंग जारी, स्थानीय कलाकारों को लेकर बन रही है फिल्म







**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोतिहारी के बी डी वर्ल्ड स्कूल में हिंदी फीचर फिल्म सरकारी मीडियम की शूटिंग हुई। इस दौरान स्कूल के बाल कलाकारों सहित अन्य कलाकार शूटिंग में हिस्सा लिया। राज सागर फिल्म्स के बैनर तले बन रही इस फिल्म की शूटिंग का आज 8वां दिन था। इस फिल्म की शूटिंग 17 मार्च से पूर्वी चम्पारण जिले के विभिन्न स्थानों पर हो रही है। पूरी फिल्म की शूटिंग पूर्वी चंपारण में ही होगी। शूटिंग का काम मई के पहले हफ्ते में पूरी हो जाएगी। फिल्म के निर्देशक राज सागर ने कहा कि मोतिहारी में फिल्म शूटिंग करने का अबतक का अनुभव उत्साहजनक और शानदार रहा है, और वे आने वाले समय में भी फिल्म की शूटिंग के लिए बिहार को प्राथमिकता देंगे। उन्होंने कहा कि शूटिंग के दौरान बिहार राज्य फिल्म विकास एवं वित्त निगम, कला एवं संस्कृति विभाग और जिला के स्थानीय प्रशासन का पूरा सहयोग मिल रहा है। मोतिहारी के कला एवं संस्कृति पदाधिकारी सह फिल्म निमार्ताओं की सुविधा के लिए गठित जिला समन्वयन समिति के सचिव श्री फहद ने कहा कि मोतिहारी जिला प्रशासन प्रशासनिक स्तर पर फिल्म निर्माण के लिए हर सुविधा देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि फिल्म निमार्ताओं के लिए शूटिंग की अनुमति को आसान बनाने के लिए सिंगल विंडो क्लियरेंस लागू किया गया है, जिससे फिल्म शूटिंग के लिए अलग-अलग जगहों में आवेदन की जरूरत नहीं पड़ती है। उन्होंने कहा कि निमार्ताओं की सुविधा के लिए बिहार के स्थानीय कलाकारों और वेंडर का डेटा बेस तैयार किया जा रहा है। बिहार का कोई भी कलाकार या वेंडर बिहार राज्य फिल्म विकास एवं वित्त निगम की साइट पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकता है। फिल्म के डायरेक्टर ऑफ फोटोग्राफी नरेश चंद्र ने कहा कि बिहार में फिल्म निर्माण के लिए अनुकूल माहौल है और यहां के लोग काफी सहयोगी हैं। उन्होंने बिहार के व्यंजनों, खासकर चम्पारण मटन की तारीफ की। फिल्म सरकारी मीडियम में बिहार के स्थानीय कलाकारों को काम का मौका मिला है। फिल्म के लिए कलाकारों का चयन ओपन ऑडिशन से किया गया था, जिसमें पटना के किलकारी संस्था के बाल कलाकार आयुष और अन्य कलाकारों का चयन किया गया है। फिल्म में मुख्य भूमिका में कुमार कन्हैया सिंह, डॉक्टर तृष्या श्री, प्रिंस गुप्ता, आयुष पाण्डेय, कमल घिमेरे, रविकांत, गौतम गुलाल और सुकन्या पंडित हैं। फिल्म के आर्ट डायरेक्टर रामू राय और एक्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर व क्रिएटिव डायरेक्टर अनिल कमल चौहान हैं तथा फिल्म के प्रोड्यूसर कुमार कन्हैया सिंह और भरत पटेल हैं। फिल्म के निर्देशक राज सागर बिहार के मोतिहारी के निवासी हैं और पिछले एक दशक से ज्यादा समय से मुंबई के फिल्म उद्योग में सक्रिय हैं। वह कई वीडियो एलबम और शॉर्ट फिल्म में बतौर निर्देशक काम कर चुके हैं। सरकारी मीडियम बतौर निर्देशक उनकी पहली फीचर फिल्म है। उन्होंने कहा कि फिल्म की कहानी बिहार से जुड़ी हुई।

# 'त्याग व समर्पण की अद्वितीय प्रतीक हैं मां जानकी'

**नबिटा संवाददाता**

**दरभंगा**। जानकी नवमी के पावन अवसर पर विद्यापति सेवा संस्थान के तत्वावधान में शनिवार को "जगत जननी जानकी पूजनोत्सव सह मैथिली दिवस समारोह" का भव्य आयोजन किया गया। संस्थान के प्रधान कार्यालय स्थित मिथिला भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन दरभंगा के सांसद एवं लोकसभा में भाजपा के सचेतक डॉ. गोपाल जी ठाकुर, बेनीपुर विधायक प्रो. विनय कुमार चौधरी, केवटी विधायक डॉ. मुरारी मोहन झा, दरभंगा ग्रामीण विधायक ईश्वर मंडल, कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. लक्ष्मी निवास पांडेय, पूर्व कुलपति प्रो. शशिनाथ झा सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। सांसद डॉ. गोपाल ठाकुर ने मिथिला की समृद्ध संस्कृति, भाषा और




परंपराओं के संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि मां जानकी का जन्म मिथिला में होना पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने पुनौरा धाम में भव्य मंदिर निर्माण की शुरुआत को ऐतिहासिक बताते हुए इसे मिथिला के सम्मान से जोड़ा। वहीं विधायक विनय कुमार चौधरी ने रामनवमी की तरह जानकी नवमी को भी व्यापक स्तर पर मनाने की आवश्यकता जताई।

केवटी विधायक डॉ. मुरारी मोहन झा ने मां जानकी को नारी सशक्तिकरण का सशक्त उदाहरण बताया, जबकि विधायक ईश्वर मंडल ने जानकी नवमी को राष्ट्रीय पर्व घोषित करने की दिशा में प्रयास करने का संकल्प लिया। कुलपति प्रो. लक्ष्मी निवास पांडेय ने मां जानकी को त्याग, धैर्य और समर्पण की प्रतीक बताते हुए कहा कि उनका जीवन आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। पूर्व कुलपति पं. देवनारायण झा एवं प्रो. शशिनाथ झा ने मां जानकी के चरित्र को मिथिला की सांस्कृतिक धरोहर बताते हुए उनके आदर्शों को वर्तमान समाज में अपनाने पर बल दिया। कार्यक्रम में डॉ. चन्द्रमणि झा की पुस्तक 'द लीडरः नरेंद्र डी. मोदी' का विमोचन भी किया गया। सांस्कृतिक सत्र में गीत-संगीत एवं काव्य पाठ के माध्यम से कलाकारों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। वहीं आयोजित जानकी सम्मेलन में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतिभाओं को "जानकी सम्मान" एवं "मैथिली गौरव सम्मान" से सम्मानित किया गया। इससे पूर्व प्रातःकालीन बेला में मां सीता की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा कर विधिवत पूजा-अर्चना की गई। समारोह का समापन समाज में सुख, शांति और समृद्धि की कामना के साथ हुआ।

# मुजफ्फरपुर में पटना हाईकोर्ट के न्यायाधीश का स्वागत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर**। पटना हाईकोर्ट के माननीय न्यायाधीश सह निरीक्षी न्यायाधीश, मुजफ्फरपुर, राजेश कुमार वर्मा के मुजफ्फरपुर आगमन पर अधिवक्ताओं द्वारा उनका गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर अधिवक्ता अशोक कुमार एवं अधिवक्ता अमित प्रकाश श्रीवास्तव ने उन्हें अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान न्यायाधीश श्री वर्मा ने उपस्थित अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए उन्हें विधि व्यवसाय से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने न्यायिक प्रक्रिया की गरिमा बनाए रखने तथा न्याय व्यवस्था को सुदृढ़ करने में अधिवक्ताओं की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। अपने संबोधन में उन्होंने मुजफ्फरपुर आगमन पर प्रसन्नता



व्यक्त करते हुए कहा कि यहां के अधिवक्ताओं का सहयोग और समर्पण न्यायिक प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने में सहायक है। इस अवसर पर अधिवक्ता संजय ओझा, अधिवक्ता सुनील श्रीवास्तव एवं अधिवक्ता सुबोध कुमार सहित कई अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# जनगणना में औरंगाबाद की शानदार भागीदारी, 95 हजार से अधिक लोगों ने की स्व-गणना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। भारत की जनगणना–2027 के अंतर्गत औरंगाबाद जिले ने जागरूक नागरिक भागीदारी का एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। अब तक 95 हजार से अधिक औरंगाबाद वासियों ने स्व-गणना में भाग लेकर जिले को विकास और सटीक आंकड़ों की दिशा में मजबूत कदम दिलाया है। प्रशासनिक अधिकारियों ने इसे केवल एक संख्या नहीं, बल्कि नागरिक जिम्मेदारी, जागरूकता और बेहतर भविष्य की दिशा में बढ़ता हुआ महत्वपूर्ण प्रयास बताया है। जनगणना किसी भी जिले, राज्य और देश की विकास योजनाओं की आधारशिला होती है, क्योंकि इसी के आधार पर शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, आवास, सड़क, पेयजल और अन्य बुनियादी सुविधाओं की योजनाएं तैयार की जाती हैं। जिला प्रशासन ने कहा कि स्व-गणना के माध्यम से नागरिक स्वयं अपनी सामाजिक, आर्थिक और पारिवारिक




जानकारी सही रूप में दर्ज कर सकते हैं, जिससे आंकड़ों की शुद्धता और पारदर्शिता सुनिश्चित होती है। यही सटीक आंकड़े भविष्य की सरकारी योजनाओं को प्रभावी और जनहितकारी बनाने में मदद करते हैं। प्रशासन ने सभी जिला वासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस महत्वपूर्ण अभियान से जुड़ें और जनगणना–2027 को सफल बनाएं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि प्रत्येक नागरिक की सहभागिता ही जिले के समग्र विकास की वास्तविक ताकत है।

उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति ने अभी तक स्व-गणना नहीं की है, तो वह शीघ्र इस प्रक्रिया में भाग लेकर अपना नागरिक कर्तव्य निभाए। यह केवल सरकारी प्रक्रिया नहीं, बल्कि अपने जिले और आने वाली पीढ़ियों के बेहतर भविष्य के निर्माण में सीधा योगदान है। जिला प्रशासन द्वारा लगातार जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, ताकि हर परिवार तक जनगणना का महत्व पहुंच सके। अधिकारियों का मानना है कि औरंगाबाद की यह सक्रिय भागीदारी आने वाले समय में जिले को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध होगी। 95 हजार से अधिक लोगों की सहभागिता ने यह साबित कर दिया है कि औरंगाबाद जागरूक भी है और अपने भविष्य के प्रति जिम्मेदार भी। जनगणना–2027 में यह भागीदारी जिले के लिए गर्व का विषय बन गई है।

# सहरसा व पूर्णिया कोर्ट से आनंद विहार के लिए स्पेशल ट्रेनें चलेंगी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर**। यात्रियों की बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए समस्तीपुर मंडल प्रशासन ने सहरसा एवं पूर्णिया कोर्ट से आनंद विहार के लिए विशेष ट्रेनों के परिचालन का निर्णय लिया है। मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) ज्योति प्रकाश मिश्रा ने शनिवार को इसकी जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि गाड़ी संख्या 05575/05576 सहरसा–आनंद विहार–सहरसा स्पेशल ट्रेन सुपौल, झंझारपुर, सकरी, जनकपुर रोड, सीतामढ़ी, रक्सौल और नरकटियागंज के रास्ते संचालित होगी। गाड़ी संख्या 05575 सहरसा–आनंद विहार स्पेशल 28 अप्रैल से 14 जुलाई 2026 तक प्रत्येक मंगलवार को सहरसा से



रात 8:00 बजे प्रस्थान कर विभिन्न स्टेशनों पर रुकते हुए गुरुवार को 01:05 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 05576 आनंद विहार–सहरसा स्पेशल 30 अप्रैल से 16 जुलाई 2026 तक प्रत्येक गुरुवार को आनंद विहार से सुबह 05:15 बजे खुलकर शुक्रवार को 10:30 बजे सहरसा पहुंचेगी। इस ट्रेन में तृतीय वातानुकूलित इकोनॉमी के 8, शयनयान के 10 तथा साधारण श्रेणी के 2 कोच लगाए जाएंगे।

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 05579/05580 पूर्णिया कोर्ट–आनंद विहार–पूर्णिया कोर्ट स्पेशल ट्रेन भी सहरसा, सुपौल, निर्मली, झंझारपुर, सकरी, जनकपुर रोड, सीतामढ़ी, रक्सौल और नरकटियागंज मार्ग से चलेगी। गाड़ी संख्या 05579 पूर्णिया कोर्ट–आनंद विहार स्पेशल 26 अप्रैल से 12 जुलाई 2026 तक प्रत्येक शुक्रवार एवं रविवार को पूर्णिया कोर्ट से शाम 4:30 बजे खुलकर तीसरे दिन 01:05 बजे आनंद विहार पहुंचेगी।

वहीं वापसी में गाड़ी संख्या 05580 आनंद विहार–पूर्णिया कोर्ट स्पेशल 28 अप्रैल से 14 जुलाई 2026 तक प्रत्येक रविवार एवं मंगलवार को आनंद विहार से सुबह 05:15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 13:45 बजे पूर्णिया कोर्ट पहुंचेगी। डीआरएम ने बताया कि इन ट्रेनों में भी यात्रियों की सुविधा के लिए 8 तृतीय एसी इकोनॉमी, 10 शयनयान तथा 2 साधारण श्रेणी के कोच उपलब्ध रहेंगे। इन विशेष ट्रेनों के परिचालन से यात्रियों को काफी राहत मिलने की उम्मीद है।

# सरकारी राशि से बन रहे सार्वजनिक शौचालय पर विवाद , ग्रामीणों में आक्रोश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर (औरंगाबाद)**। प्रखंड क्षेत्र के बनिया पंचायत के कुशहा गांव में एक सार्वजनिक शौचालय के निर्माण को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। आरोप है कि पंचायत समिति सदस्य द्वारा सरकारी योजना का दुरुपयोग करते हुए शौचालय का निर्माण अपने ही घर के पास कराया जा रहा है, जबकि ग्रामीणों का कहना है कि इसकी वास्तविक जरूरत कुशहा मोड़ पर है। मामले में ग्रामीण प्रेम शंकर मनमौजी, ओमप्रकाश, सुनील यादव, बृजकिशोर सिंह, धीरेंद्र सिंह, बृजनंदन यादव एवं मिंटू कुमार सहित अन्य लोगों ने विरोध जताया है। ग्रामीणों का स्पष्ट कहना है कि सार्वजनिक शौचालय किसी एक व्यक्ति के घर के पास नहीं, बल्कि ऐसी जगह बनना चाहिए जहां पूरे गांव के लोगों को सुविधा मिल सके। यह सरासर गलत है। सार्वजनिक सुविधा का निजी उपयोग किया जा



रहा है, जिसे हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। ग्रामीणों ने कहा कि कुशहा मोड़ पर रोज़ाना सैकड़ों स्कूली छात्र छात्राएं महिला आते-जाते हैं, वहां शौचालय की सख्त जरूरत है। लेकिन यहां अपने घर के पास बनवाया जा रहा है। इस पूरे मामले को लेकर ग्रामीणों ने डीडीसी से मुलाकात की और हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौंपा। साथ ही इसकी प्रतिलिपि संबंधित अधिकारियों को भी दी गई है। ग्रामीणों ने मांग की है कि निर्माण कार्य को तत्काल रोका जाए और शौचालय का निर्माण सही स्थान पुनः सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कुशहा मोड़ पर कराया जाए।

# समस्या की स्थिति में संबंधित गैस एजेंसी या जिला नियंत्रण कक्ष से करें संपर्क

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। विभिन्न गैस एजेंसियों के माध्यम से एलपीजी गैस आपूर्ति एवं वितरण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार जिले में गैस आपूर्ति सामान्य रूप से संचालित हो रही है। औसत दैनिक मांग के अनुरूप गैस की डिलीवरी की जा रही है तथा लंबित बुकिंग का निष्पादन लगातार किया जा रहा है। जिले में कुल 37 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 6629 सिलेंडर की मांग के विरुद्ध लगभग 7003 सिलेंडर की डिलीवरी की जा रही है। साथ ही जिला में पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त उपलब्धत है। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा सभी गैस एजेंसियों को उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराने, लंबित बुकिंग का शीघ्र निष्पादन करने तथा वितरण में पारदर्शिता बनाए रखने का निर्देश दिया गया है। साथ ही कृत्रिम कमी उत्पन्न नहीं होने देने का भी निर्देश दिया गया है। संबंधित प्रखंडों के



पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में गैस वितरण व्यवस्था की निगरानी करने तथा किसी भी समस्या की सूचना तत्काल जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है।

25 अप्रैल तक जिला में कुल नए 209 पीएनजी कनेक्शन लगाए जा चुके है। अभी तक औरंगाबाद जिला में 6 व्यवसायिक संस्थानों में पीएनजी कनेक्शन लिया जा चुका है जिसमे शाश्वत रेस्टोरेंट, हर्षा किचन, सरस्वती इन, मधुपर्क, होटल स्काई व्यू प्रमुख है। जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 06186-295027 क्रियाशील है, जिस पर आमजन अपनी समस्या या शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

जिले के कुल 37 गैस एजेंसियों में से 06 संवेदनशील गैस एजेंसियों पर पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। नियंत्रण कक्ष में दिनांक 25 अप्रैल को प्राप्त कुल 16 शिकायतों में से 14 का निष्पादन कर दिया गया है, जबकि 02 प्रक्रियाधीन है। कालाबाजारी एवं जमाखोरी की रोकथाम हेतु सतत निगरानी की जा रही है। इस संबंध में औचक निरीक्षण किया जा रहा है तथा अब तक कोई वाद दर्ज नहीं किया गया है। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि किसी भी समस्या की स्थिति में संबंधित गैस एजेंसी अथवा जिला नियंत्रण कक्ष से संपर्क करें।

# भूमि विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट, 18 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर (औरंगाबाद)**। मदनपुर थाना क्षेत्र के शिवगंज चौधरी मुहल्ले में जमीनी विवाद को लेकर एक ही सामुदाय के दो पक्षों के बीच मारपीट हुई जिसमें दोनों पक्षों से अठारह लोगों घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में कराया। जहां चिकित्सकों ने इलाज किया गया। दोनों पक्षों से एक दुसरे के विरुद्ध थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई और कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच पूर्व से जमीनी विवाद चल रहा है। शुक्रवार को पानी को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद दोनों पक्षों में लाठी डंडों से मारपीट हुई जिसमें कुछ लोग घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शिवगंज चौधरी मुहल्ला पहुंचे। घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र




मदनपुर में भर्ती करवाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज़ किया गया। मामले में दोनों पक्षों की ओर से प्राप्त आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। जेल भेजे गए में प्रथम पक्ष से सुशील कुमार, रौशन कुमार, दिनेश चौधरी, उपेन्द्र चौधरी, रंन्नु चौधरी, मिथुन उर्फ ओमप्रकाश चौधरी, विमलेश चौधरी, अर्जुन चौधरी, गुड्डू चौधरी, मुन्ना चौधरी, मुन्नी देवी, इंदल चौधरी जबकि दुसरे पक्ष से गोविंद चौधरी, महेंद्र चौधरी, राजेन्द्र चौधरी, संजय चौधरी एवं जयराम चौधरी शामिल हैं। इस कार्रवाई में पीएसआई सुरेन्द्र कुमार, एसआई रोहित कुमार, एसआई ऐश्वर्या प्रिया सहित अन्य पुलिस अधिकारी शामिल थे।

# सारण में दो सड़क हादसों में किशोर व वृद्ध की मौत

**छपरा/नबिटा सं**। बिहार के सारण जिले में शनिवार को दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक किशोर और एक वृद्ध की मौत हो गई। दोनों घटनाओं के बाद इलाके में शोक का माहौल है, वहीं पुलिस मामलों की जांच में जुट गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पहली घटना दरियापुर थाना क्षेत्र के केवटयिया रामपुर गांव के समीप हुई, जहां अनियंत्रित अज्ञात वाहन की चपेट में आने से केवटिया गांव निवासी भूषण राय के 12 वर्षीय पुत्र अमित कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। दूसरी घटना मांझी थाना क्षेत्र के डुमरी गांव की है। यहां 75 वर्षीय देवनाथ राय सड़क पार कर रहे थे, तभी एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल अवस्था में उन्हें सदर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटनाओं की सूचना मिलते ही संबंधित थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने दोनों मामलों में अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कर अज्ञात वाहनों की पहचान और चालक की गिरफ्तारी के लिए जांच शुरू कर दी है।

# शराब के साथ दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा (औरंगाबाद)**। ओबरा थाना क्षेत्र के हेमजा मुर्गी फार्म से पुलिस ने भारी मात्रा में देसी शराब के साथ दो व्यक्ति हेमजा गांव निवासी रोहित कुमार एवं विजय सिंह को गिरफ्तार किया है। थाना अध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि मुर्गी फार्म में अवैध शराब रहकर बिक्री किया जा रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की गई तो 400 एम एल के तीन उजाला प्लास्टिक का बोतल साथ में 69 पाउच देसी शराब 200 एम एल का बरामद किया गया है। सभी को जब्त तक करते हुए थाने लाकर एक प्राथमिकी दर्ज करते हुए दोनों लोगों को जेल भेज दिया गया है।

# मध्य विद्यालय धनगाई में नहीं हैं संस्कृत व अंग्रेजी के शिक्षक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। जिले के बारुण प्रखंड के मध्य विद्यालय धनगाई का भवन अत्यंत जर्जर स्थिति में है। बता दें कि विद्यालय में कुल पांच कमरे हैं जिनमें से तीन की स्थिति बहुत खराब है। वहीं खपड़ैल भवन की छत से बारिश के दिनों में पानी टपकता है। विद्यालय के जर्जर भवन रहने से छात्रों की परेशाली बढ़ जाती है। वहीं विद्यालय में संस्कृत व अंग्रेजी के शिक्षक नहीं है जिससे छात्रों को उक्त विषयों की जानकारी नहीं मिलती है। बता दें कि विद्यालय में पांच से अधिक छात्र-छात्राएं नामांकित हैं परंतु केवल दो कमरों में कक्षाएं संचालित की जा रही है। शिक्षकों ने बताया कि एक कमरे में कक्षा एक और दो, दूसरे में कक्षा तीन और चार और तीसरे में कक्षा पांच और छह को पढ़ाई होती है नियमित रूप से 41० छात्र-छात्राएं प्रतिदिन विद्यालय आते हैं परंतु इतनी बड़ी संख्या में छात्रों को बैठाकर पढ़ाई कराना एक चुनौती है। अधिक छात्रों की उपस्थिति के कारण बच्चे बरामदें में भी शिक्षा ग्रहण करने को मजबूर हैं। कक्षा सात की छात्राएं पिंकी कुमार, स्वीटी कुमारी ने बताया कि में विद्यालय में हिंदी, संस्कृत और अंग्रेजी के शिक्षक नहीं है जिसमें शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है।

# फोरलेन की मांग के बीच बदहाल हुआ नेशनल हाईवे 139, जान जोखिम में डाल सफर कर रहे लोग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)**। बिहार-झारखंड के सीमावर्ती क्षेत्र संडा से औरंगाबाद को जोड़ने वाले नेशनल हाईवे 139 की स्थिति इन दिनों बेहद जर्जर हो चुकी है। एक तरफ जहां इस सड़क को फोरलेन बनाने की मांग लंबे समय से चल रही है, वहीं दूसरी ओर वर्तमान सड़क की मरम्मत न होने से यात्रियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं।जगह-जगह सड़क टूटकर गड्ढों में तब्दील हो चुकी है, जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि इस रूट पर ओवरलोड ट्रकों का दबाव सबसे अधिक है। क्षमता से अधिक भार लेकर चलने वाले इन भारी वाहनों के कारण सड़क की ऊपरी सतह पूरी तरह उखड़ गई है। कई जगहों पर सड़क ऊबड़-खाबड़ हो गई है, जिससे चलते समय वाहन अनियंत्रित हो जाते हैं। सड़क की इस बदहाली का सबसे बुरा असर दो पहिया वाहनों और छोटी कारों पर पड़ रहा है। ऊबड़-खाबड़ रास्तों और अचानक आने वाले गहरे गड्ढों के कारण बाइक सवार संतुलन खोकर गिर रहे हैं। रात के अंधेरे में स्थिति और भी भयावह हो जाती है। छोटी गाड़ियों के सस्पेंशन और टायर भी इस बदहाल सड़क की भेंट चढ़ रहे हैं। क्षेत्र के विकास और ट्रैफिक के बढ़ते दबाव को देखते हुए इस हाईवे को फोरलेन में बदलने की योजना पर चर्चा तो होती है, लेकिन जमीन पर काम शुरू होने में देरी हो रही है। ग्रामीणों और नियमित यात्रियों की मांग है कि फोरलेन दूर की कौड़ी साबित हो रही है, कम से कम मौजूदा सड़क की गुणवत्तापूर्ण मरम्मत कराई जाए ताकि लोगों का सफर सुरक्षित हो सके।

# श्रद्धांजलि सभा में याद की गई शांति देवी की संघर्षगाथा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। प्रखंड के टनकुपि गांव में स्वर्गीय शांति देवी की द्वितीय पुण्यतिथि उनके पैतृक आवास पर श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित भव्य स्मृति सभा में क्षेत्र के कई गणमान्य लोग, जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रशिक्षक राम इकबाल सिंह ने की, जबकि संचालन भी उन्होंने ही किया। सभा की शुरुआत शांति देवी के पुत्र, कम्युनिस्ट पार्टी के आंचल सचिव एवं मल्हारा पंचायत के पूर्व मुखिया चंद्रशेखर सिंह द्वारा अतिथियों के स्वागत से हुई। इस दौरान उन्होंने स्थानीय विधायक अमरेंद्र कुशवाहा को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला मंत्री नारायण सिंह सहित पूर्व प्रमुख नागेश्वर यादव, राज्य कार्यकारिणी सदस्य सह व्यापार मंडल अध्यक्ष सुरेश प्रसाद यादव, शिक्षक अरुण कुमार रंजन, पूर्व प्रमुख विजय यादव, शिक्षक नागेश्वर राम, सरपंच प्रतिनिधि श्याम किशोर यादव, युवा नेता दीपक कुमार, सहायक मंत्री अरुण कुमार रंजन, पूर्व सरपंच केशव यादव, रामनरेश सिंह, मनोज यादव, कामेश्वर यादव, कुसुम राजवंशी, जनार्दन यादव और रामदेव राजवंशी समेत अन्य वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने अपने संबोधन में स्वर्गीय शांति देवी के संघर्षमय जीवन, त्याग और सिद्धांतों को विस्तार से याद किया। उन्होंने कहा कि कम उम्र में ही पति स्वर्गीय सुखदेव सिंह के निधन के बाद परिवार पर आए संकट के बावजूद शांति देवी ने अदम्य साहस और दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ परिवार की जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। उन्होंने न केवल अपने बच्चों का पालन-पोषण किया, बल्कि उन्हें उच्च शिक्षा दिलाकर समाज में सम्मानजनक स्थान दिलाया।

# अवैध बालू खनन पर विभाग सख्त, दो टैक्ट्रर जब्त

**नबिटा संवाददाता**

**औरंगाबाद**। प्रशासन द्वारा लगातार चलाए जा रहे अभियान के तहत औरंगाबाद खनन विभाग की टीम ने दाउदनगर पुलिस के सहयोग से बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान अवैध रूप से बालू लादकर ले जा रहे दो ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया। जबकि अन्य फरार हो गए। यह कार्रवाई थाना क्षेत्र के केरा सहित अन्य क्षेत्रों में की गई। दरअसल, अवैध खनन की शिकायत पर विभाग ने बालू लदे दो ट्रैक्टर को जब्त किया है। इस मामले में खान निरीक्षक प्रत्यूष कुमार के द्वारा संबंधित थाने में ट्रैक्टर और उसके स्वामी के विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है। वैसे, विभाग सोन और पुनपुन नदी सहित अन्य नदी क्षेत्रों के बालू घाटों पर अवैध खनन को लेकर चौकस है। हालांकि अवैध खनन से सरकार को करोड़ो रूपये राजस्व की क्षति हो रही है। सख्ती के बावजूद रात्रि में अवैध कारोबारी नदियों से बालू खनन करके प्रति ट्रेलर 3



हजार से लेकर 4 हजार में बेच रहे हैं। टेंडर होने के बावजाद बालू माफिया अपने मंसूबों को अंजाम दे रहे है। खान निरीक्षक प्रत्यूष कुमार ने बताया कि खनिज विकास पदाधिकारी हरेश कुमार के निर्देशानुसार अवैध खनन के विरुद्ध लगातार छापेमारी चल रही है। किसी भी सूरत में अवैध कारोबारियों को बक्सा नहीं जाएगा। अवैध खनन के साथ-साथ बालू घाटों के की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। शिकायत मिलने पर कार्रवाई तय है।

**सिंडिकेट बनाकर हो रहा है अवैध उत्खनन :**

विदित हो कि बालू माफिया सिंडिकेट बनाकर नदी से बालू का अवैध उत्खनन कर बिक्री कर रहे हैं। बालू माफिया उसके लिए टीम बना लिया है। एक टीम नदी से बालू का उठाव करता है। दूसरा टीम ग्राहक ढूंढते रहता है। तीसरी टीम नदी से लेकर ग्राहक तक बालू पहुंचाने का काम करता है और चौथी टीम पुलिस एवं खनन विभाग पर नजर बनाए रखता है, जैसे ही भनक मिलती है, बालू के आगे-आगे चल रही टीम के सदस्यों को सूचित कर देता है, तभी गंतव्य स्थान तक पहुंचता है। बालू बिक्री कर बालू माफिया टीम के सभी सदस्यों को कुछ न कुछ राशि का भुगतान करता है और अवैध उत्खनन का धंधा पूरे जिले में फैलाए हुए है। रात्रि के समय बालू माफिया खनन कर उसे ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और अन्य वाहनों से विभिन्न स्थानों पर सप्लाई किया जाता है। पुनपुन नदी क्षेत्र में कई जगहों पर बालू की अवैध डंपिंग भी की गई है।

# महिला आरक्षण बिल को लेकर पीएम का फूंका पुतला

## कांग्रेस ने वर्तमान सरकार पर इसे लागू करने में देरी का लगाया आरोप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बेगूसराय।** शनिवार को जिला कांग्रेस कमिटी के कार्यकर्ताओं द्वारा महिला आरक्षण बिल को लेकर मोदी सरकार के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पुतला दहन किया गया। जिसका नेतृत्व जिलाध्यक्ष शिव प्रकाश गरीब दास ने किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष शिव प्रकाश गरीब दास ने कहा कि कांग्रेस पार्टी महिलाओं के सशक्तिकरण और उनके राजनीतिक भागीदारी की हमेशा से पक्षधर रही है। लोकसभा में वर्ष 2023 में महिला आरक्षण विधेयक को सर्वसम्मति से पारित किया जा चुका है लेकिन वर्तमान सरकार इसे लागू करने में जानबूझकर देरी कर रही है और इसे चुनावी मुद्दा बनाकर जनता को गुमराह कर रही है। इस दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का स्पष्ट मानना है कि यदि सरकार वास्तव में महिलाओं को अधिकार देना चाहती है, तो बिना किसी परिसीमन और बहानेबाजी के वर्तमान लोकसभा और विधानसभाओं में तुरंत प्रभाव से महिला आरक्षण लागू करते हुए पचास प्रतिशत आरक्षण लागू करें। केवल कानून बनाकर उसे ठंडे बस्ते में डाल देना देश की आधी आबादी के साथ अन्याय है और मोदी सरकार अपना जनाधार खिसकने के कारण जानबूझकर महिला आरक्षण विधेयक पर राजनीतिक साजिश के तहत चुनावी मुद्दा बनाने में लगी हुई है। कांग्रेस पार्टी ने देश का सबसे पहला महिला राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, लोक सभा अध्यक्ष, मुख्य न्यायाधीश सहित अन्य प्रमुख पद पर महिलाओं को बैठाकर उनको सम्मान और अधिकार देने का कार्य किया है। कार्यक्रम में मौजूद कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष अभय कुमार सिंह सार्जन ने मोदी सरकार के इस दोहरे चरित्र की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि महिला सम्मान के नाम पर हो रही राजनीति को बंद करने की मांग की।इस मौके पर जिला कांग्रेस कमिटी के वरिष्ठ नेता लखन पासवान, चुनचुन राय, रामानंद सिंह, कृष्णनंदन राय, युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव अवनीश कुमार, छात्र नेता निशांत सिंह, राहुल कुमार, सुबोध कुमार, राजदेव पासवान, सुबोध सिंह, राजीव सिंह, अनिल सिंह,संजय सम्राट, अशोक सिंह, मो मतीन, रणजीत कुमार, राकेश सिंह, ओम कुमार,राजा कुमार, पैक्स अध्यक्ष राहुल कुमार, प्रिंस कुमार, गोपाल कुमार,जीडी कालेज अध्यक्ष रविश कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# डिप्लोमा प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की तिथि में हुआ विस्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार राज्य के विभिन्न पॉलिटेकनिक संस्थानों में अभियंत्रण डिप्लोमा स्तर के विभिन्न पाठ्यक्रमों के द्वितीय वर्ष में प्रवेश हेतु बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद द्वारा आयोजित की जाने वाली डिप्लोमा प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (पारिर्वक प्रवेश)-2026 की परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये ऑनलाइन आवेदन आमन्त्रण की अंतिम तिथि 23 अप्रैल निर्धारित था। छात्रहित एवं अपरिहार्य कारणों से सम्बन्धित महत्वपूर्ण तिथियों विस्तारित एवं परिवर्तित किया गया है। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 27 अप्रैल तक विस्तारित की गयी है एवं परीक्षा आयोजन की तिथि पूर्व निर्धारित करते हुए 17 मई किया गया है। पर्षद के वेबसाइट पर उपलब्ध डिप्लोमा प्रवेश प्रतियोगी परीक्षा (लेटरल एंट्री)-2026 के प्रोस्पेक्टस में अभ्यर्थियों के लिए योग्यता/अर्हता सम्बन्धी विस्तृत विवरण एवं आवश्यक निर्देश अंकित है। ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया/विशेष जानकारी के लिए विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी. (डी.ई.सी.ई. (एल.ई.)-2026/01 दिनांक- 18.03.2026 पर्षद के वेबसाईट पर उपलब्ध है। चूंकि ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की अतिम तिथि 27 अप्रैल ही है। अतः अभ्यर्थी अन्तिम तिथि का इन्तजार न करें ताकि किसी कारणों से अवरोध होने पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/एप्लिकेशन फॉर्म भरने से वे चूक न जायें। इसके उपरान्त कोई तिथि विस्तार नहीं होगी।

# औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की तिथि में हुआ विस्तार

**पटना (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार राज्य के सभी सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद द्वारा आयोजित की जाने वाली औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा-2026 की परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये ऑनलाइन आवेदन आमन्त्रण की अंतिम तिथि 25 अप्रैल निर्धारित है। छात्रहित में इसे 27 अप्रैल तक विस्तारित किया गया है। परीक्षा का आयोजन दिनांक 17 मई को किया जायेगा। पर्षद के वेबसाइट पर उपलब्ध औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा-2026 की प्रोस्पेक्टस में अभ्यर्थियों के लिए योग्यता/अर्हता सम्बन्धी विस्तृत विवरण एवं आवश्यक निर्देश अंकित है। ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया विशेष जानकारी के लिए विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी. (आई.टी.आई.सी.ए.टी.)-2026/01 दिनांक 15.03.2026 पर्षद के वेबसाईट पर उपलब्ध है। चूँकि ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 27 अप्रैल ही है। अतः अभ्यर्थी अन्तिम तिथि का इन्तजार न करें ताकि किसी कारणों से अवरोध होने पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/एप्लिकेशन फॉर्म भरने से वे चूक न जायें। इसके उपरान्त कोई तिथि विस्तार नहीं होगी।

# बखरी गौशाला भेजी गई भूसे से भरी पिकअप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड के नावकोठी पंचायत में गौसेवा की एक प्रेरणादायक मिशाल सामने आई है। पंचायत के मुखिया राष्ट्रपति कुमार उर्फ बिट्टु के नेतृत्व में बखरी गौशाला में गायों के चारा हेतु एक पिकअप भूसा भेजा गया। यह कार्य स्थानीय ग्रामीणों, मित्रों एवं अभिभावकों के सामूहिक सहयोग से संभव हो सका, जिसने समाज में सेवा और सहयोग की भावना को और मजबूत किया।मुखिया राष्ट्रपति कुमार बिट्टू ने बताया कि गौशाला में रह रही गायों के लिए चारे की आवश्यकता को देखते हुए यह पहल की गई है। उन्होंने कहा कि ल्लमेरे सभी मित्रों एवं अभिभावकों के सहयोग से हमलोगों ने एक पिकअप भूसा बखरी गौशाला भेजने का कार्य किया है। जरूरत के अनुसार आगे भी इस तरह का सहयोग जारी रखने का प्रयास रहेगा। उन्होंने इस कार्य में आर्थिक एवं नैतिक सहयोग देने वाले सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। भूसा से लदे पिकअप वाहन को बखरी अनुमंडल पदाधिकारी सह गौशाला समिति के अध्यक्ष सन्नी कुमार सौरभ को विधिवत सुपुर्द किया गया। इस दौरान मुखिया ने कहा कि ल्लगाय हमारी माता के समान है और उनकी सेवा करना हम सभी का परम कर्तव्य है। जब भी मुझे गौमाता की सेवा का अवसर मिलेगा, मैं पूरी निष्ठा के साथ तत्पर रहूंगा। मुझे शुरू से ही गौ सेवा में तत्पर रहा हूं एवं किसानों से ताल्लुकात रखता आ रहा हूं। इसलिए मुझे ऐसा पुनीत कार्य करने और करवाने में भी काफी मन लगता है। इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।जिनमें उपमुखिया विजय कुमार सहनी, भाजपा के वरिष्ठ नेता विश्वनाथ दास, पूर्व शिक्षक रामस्वरूप साह, वार्ड सदस्य महेश महतो, अनमोल सिंह, कृष्णनंदन जयसवाल, मोहम्मद खान सलमान, सुधीर रजक, शत्रुधन कुमार, सुधीर कुमार, गौतम कुमार, रीशु कुमार, गौतम राज उर्फ बब्बु, नीतीश जयसवाल, सोनू कुमार, कन्हैया कुमार, पिंटू कुमार सहित अन्य लोग शामिल थे।ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के प्रयास न केवल गौशालाओं को सहयोग प्रदान करते हैं बल्कि समाज में सेवा, सहयोग और संवेदनशीलता का संदेश भी दिलवाता है।

# अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी में मेधावी छात्र सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** शहीद मेजर अरविंद बजाला पाठशाला, पीरनगर गम्हरिया (निःशुल्क पाठशाला) में सोमवार को अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों को घर में बेहतर शैक्षणिक माहौल उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित करना तथा बच्चों में शिक्षा के प्रति जागरूक बढ़ाना था। कार्यक्रम की शुरुआत में पाठशाला के शिक्षक अमन कुमार ने अभिभावकों का स्वागत करते हुए कहा कि बच्चे की पहली पाठशाला उसका घर होता है एव माता-पिता उसके प्रथम शिक्षक होते हैं। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों के वर्ग कार्य, गृह कार्य और शिक्षकों की टिप्पणियों को नियमित रूप से जांचें तथा जहां बच्चा कमजोर है, वहां उसे आगे बढ़ाने में शिक्षकों का सहयोग करें। वहीं पाठशाला के प्रधानाचार्य चंदन कुमार ने भी अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना अभिभावकों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि बच्चों को प्रतिदिन घर पर स्वाध्याय के लिए समय देना चाहिए, जिससे उनका शैक्षणिक विकास और बेहतर हो सके। इस दौरान अभिभावकों ने भी बच्चों की कॉपियों का अवलोकन किया और शिक्षकों से उनके प्रदर्शन पर चर्चा की।

कार्यक्रम का एक आकर्षक पहलू छात्रों की सफलता का सम्मान समारोह रहा। पाठशाला परिसर में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में सभी सफल छात्र-छात्राओं को उनके अंक पत्र प्रदान किए गए। साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। जिससे बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

सम्मानित होने वाले छात्रों में आरती कुमारी (82.80%), ब्यूटी कुमारी (83.20%), कामिनी कुमारी (78.40%) एवं पुष्पम कुमारी (60.80%) शामिल रहीं। इन विद्यार्थियों की उपलब्धि पर अभिभावकों ने गर्व व्यक्त किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामनाएं की। इस अवसर पर पाठशाला के सभी शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। प्राचार्य चंदन कुमार ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित करते हुए निरंतर मेहनत और अनुशासन का संदेश दिया। पाठशाला प्रबंधन सह अध्यक्ष अमन कुमार ने बताया कि इस तरह के आयोजन छात्रों के मनोबल को बढ़ाने और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने में सहायक सिद्ध होता है।

## नगद सहित लाखों की चोरी

**नगरनौसा (नालंदा)।** नगरनौसा प्रखंड अंतर्गत चंडी थाना क्षेत्र के चिस्तीपुर गांव में वीते रात्रि एक बंद घर का निशाना बना अज्ञात चोरों ने नगद सहित लाखों के समान का चोरी कर लिया।इस सम्बंध में पीड़िता गृह स्वामी मुलनजय लाल अभिलाषी ने चंडी थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ घर मे चोरी करने को लेकर प्राथमिकी हेतु आवेदन दिया है। अपने दिए आवेदन में पीड़िता ने कहा कि हमारे पड़ोसी किशोर प्रसाद ने फोन कर सूचना दिया कि अपके घर के मुख्य दरवाजा का ताला टूटा हुआ है सूचना मिलने पर जब घर पहुंचा तो देखा कि घर से दस हजार नगद, साढ़े तीन भर का सोने का चैन, सोने का चार अंगूठी, पटना के घर सहित गांव के घर के कागजात, आधार कार्ड, एटीएम कार्ड, गाड़ी का ऑनर बुक, कसां का वर्तन की चोरी कर लिया। थानाध्यक्ष अखिलेश झा ने बताया कि मामले की जांच की जस ाही है।

# पद्मश्री चंदना माता के आदर्श सदैव रहेंगे स्मरणीय : दीपक जैन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** राजगृह स्थित वीरायतन सहित कई जनकल्याणकारी संस्थाओं की संस्थापिका प्रख्यात जैन साध्वी पद्मश्री चंदना माता के जिनेंद्र लोक गमन से जैन समाज मर्माहत है। विश्व विख्यात इस साध्वी की समाधि के उपरांत जैन समाज में शोक की लहर है। बिहार प्रांतीय जैन युवा जागृति के अध्यक्ष-सह-भगवान महावीर प्रथम साधना स्थली, पावापुरी के महामंत्री दीपक जैन एवं साधना स्थली के अध्यक्ष अरूण कुमार जैन ने साध्वी पद्मश्री चंदना माता के जिनेंद्र लोक गमन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि श्री चंदना माता की धर्म प्रभावना से प्रेरित होकर न केवल देश, बल्कि विदेशों में भी श्रद्धालुओं ने अहिंसा सत्य एवं संयम का मार्ग अपनाया। उनका आध्यात्मिक जीवन तप, त्याग, साधना एवं सेवा को समर्पित था। उनके जीवन चरित्र एवं उपदेशों ने समाज को एक नई ऊर्जा व दिशा दी। दीपक जैन ने कहा कि उनके अनुकरणीय आदर्श सदैव स्मरणीय रहेंगे। उन्होंने दिवंगत चंदना माता के निधन को न केवल जैन समाज, बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए उनके प्रति भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## नदी में डूबने से बालक की मौत

**बखरी।** बेगूसराय जिले के बखरी थाना क्षेत्र अंतर्गत उदयपुर गांव में शनिवार दोपहर एक दर्दनाक हादसे में 13 वर्षीय बालक की डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बालक अपने भाई के साथ गांव के बहियार स्थित पाटोजान चौर में जानवर धोने गया था। इसी दौरान वह अचानक फिसलकर गहरे पानी में चला गया। जब तक उसका भाई और आसपास के लोग कुछ समझ पाते, तब तक उसकी डूबने से मौके पर ही मौत हो चुकी थी। भाई के शोर मचाने पर ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और बालक को पानी से बाहर निकाला, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। मृतक की पहचान समस्तीपुर जिले के विभूतिपुर थाना क्षेत्र के करख बदिया गांव निवासी घनश्याम महतो के पुत्र अजीत कुमार उर्फ रोहित कुमार के रूप में हुई है। वह उदयपुर गांव में अपने नाना-नानी के यहां रहकर पढ़ाई कर रहा था। हाल ही में उसने आठवीं कक्षा उत्तीर्ण की थी और पढ़ाई में काफी मेधावी बताया जा रहा था। बताया जा रहा है कि गांव में शादी का माहौल था। स्थानीय जनप्रतिनिधियों से जुड़े परिवार में शादी समारोह होने के कारण मृतक का परिवार भी उसमें शामिल था। मृतक की मां भी इस अवसर पर गांव आई हुई थीं। हादसे के बाद शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गए। पूरे गांव में शोक और गम का माहौल है। बच्चे के अंतिम दर्शन के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।सूचना मिलने पर स्थानीय जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। उन्होंने प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की है। वहीं, बखरी थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

# भाकपा अंचल परिषद की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** भाकपा अंचल परिषद की बैठक शनिवार को रजाकपुर पंचायत में हुई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व मुखिया गणेश महतों ने की। उपस्थित सदस्यों ने नावकोठी पंचायत के पूर्व मुखिया तथा पार्टी के कद्दावर एवं जुझारू नेता अजय कुमार सहनी के निधन उपरांत दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। अंचल प्रभारी संजीव कुमार सिंह ने कहा कि आम लोगों के समक्ष रसोई गैस की काफी किल्लत है। आम लोगों को गैस सिलेंडर के लिए 45 दिन इंतजार करना होता है, जबकि एक गैस सिलेंडर 45 दिनों तक नहीं चल पाता है। आंगनवाड़ी केन्द्र तथा स्कूलों में मीड डे मील, कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में भोजन तैयार करने के लिए जलावन का सहारा लेना पड़ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने उज्ज्वला योजना के तहत महिलाओं को धुंए से होने वाली बीमारी से मुक्ति दिलाने का संकल्प लिया था। लेकिन आज इसकी बयान बाजी कहां गई है महिला फिर से जलावन पर ही भोजन बनाने के लिए मजबूर है। डीजल, पेट्रोल की किल्लत है। किसानों को पंप सेट के लिए डीजल के लिए भाग दौड़ करनी पड़ रही है। आम लोगों की समस्या को एकत्र कर समाधान हेतु जनांदोलन की रूप रेखा तय की गई। जन कोष संग्रह के लिए तिथि तय की गई। साथ ही साथ दिवंगत नेता अजय कुमार सहनी का संकल्प सभा तथा श्रद्धांजलि समारोह 30 अप्रैल को नावकोठी में दिवंगत के आवास पर ही मनाने का निर्णय लिया गया। इसमें जिला के नेता की भी शिरकत करने की बात कही गई। मौके पर अंचल मंत्री चंद्र भूषण चौधरी, सहायक अंचल मंत्री जितेंद्र कुमार, रौशन कुमार, जिला परिषद प्रतिनिधि राजेन्द्र शर्मा, राम विनोद सिंह उर्फ टुन्नी सिंह, राजेन्द्र ठाकुर, टुनटुन पोद्दार, राजकुमार सिंह, महेन्द्र महतो, संजय कुमार आदि ने भी अपने अपने विचार दिए।

# गांवों का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू हुए सांसद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**शिवाजीनगर।** समस्तीपुर की सांसद शांभवी चौधरी ने शनिवार को शिवाजीनगर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा किया और ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू हुईं। इस दौरान उनका मुख्य पड़ाव करियन गांव रहा, जहां उन्होंने विश्व विख्यात महान दार्शनिक उदयनाचार्य के स्थल पर पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की उदयनाचार्य मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित हुए। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने अपनी-अपनी समस्याएं सांसद के समक्ष रखीं। सांसद ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए शीघ्र समाधान कराने का आश्वासन दिया इस मौके पर ग्रामीणों द्वारा सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया, जिसमें उदयन सेवा संस्थान के प्रतिनिधियों ने सांसद को सम्मानित किया और एक लिखित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में महान दार्शनिक उदयनाचार्य के ऐतिहासिक महत्व से अवगत कराते हुए उनके जन्मस्थल की उपेक्षा पर चिंता जताई गई। साथ ही सरकार से मांग की गई कि उदयनाचार्य स्थल का सौंदर्यीकरण किया जाए, इसे पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जाए तथा गंगा दशहरा के अवसर पर इसे राजकीय पर्व घोषित कर प्रतिवर्ष ल्लउदयन महोत्सव आयोजित किया जाए ज्ञापन प्राप्त करने के बाद सांसद शांभवी चौधरी ने आश्वासन दिया कि उदयनाचार्य स्थल को पर्यटक स्थल का दर्ज़ा दिलाने सहित सभी मांगों को सरकार के समक्ष मजबूती से रखा जाएगा और हरसंभव सहयोग किया जाएगा कार्यक्रम के उपरांत सांसद ने प्रखंड क्षेत्र के बोरज गांव का भी दौरा किया, जहां हाल ही में नदी में स्नान के दौरान एक ही परिवार के तीन बच्चों की डूबने से हुई मौत के मामले में पीड़ित परिवार से मुलाकात की। उन्होंने पीड़ित पिता सहित अन्य परिजनों को सांत्वना दी और हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया इस दौरान शिवाजीनगर सांसद प्रतिनिधि अशोक कुमार सिंह, अनीश राज, मुखिया संजीव कुमार पासवान, मिथिलेश झा, शंभू झा, पवन झा, बिपिन झा, नबीन कुमार सिंह, माधव झा, गंगेश पाठक, देवचन्द्र पाठक, अजित झा, मोहनानंद पाठक, राम कुमार चौधरी, लाल देव महतो, मणिशंकर सिन्हा, सुनील सिंह, नूतन देवी, नीतू देवी, पवित्र कमती, राज कुमार पासवान, कैलाश पंडित, संजय झा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# विद्यालय के संस्थापक रामदेव बाबू की मनी जयंती

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर।** बहेड़ी रोड स्थित होली पार्क स्कूल बहेड़ी में विद्यालय के संस्थापक रामदेव बाबू की जयंती के अवसर पर एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार द्वारा संस्थापक के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके शैक्षणिक योगदान को याद किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों को सप्रेम कलम भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही सत्र 2025-26 में अपने-अपने वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल, मोमेंटो एवं कलम देकर प्रोत्साहित किया गया सम्मान समारोह की अध्यक्षता विद्यालय के पूर्व प्राचार्य लाल बाबू पटेल ने की, जबकि कार्यक्रम का संचालन वर्तमान प्राचार्य दिवाकर कुमार ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि संस्थापक रामदेव बाबू का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से समाज का विकास करना था, जिसे विद्यालय आज भी निरंतर आगे बढ़ा रहा है पुरस्कार वितरण समारोह में विद्यालय के निदेशक विकेश कुमार सिंह सहित कई गणमान्य शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इनमें रहमान सर, कृष्ण कुमार सिंह, अरविंद कुमार, श्याम सुंदर मंडल, गणेश कुमार, राहुल कुमार, जय प्रकाश कुमार, सुलेखा कुमारी, ओम कुमार शंकर, विजय कुमार, बब्लू कुमार महतो, महेश कुमार, सुरेश प्रसाद सिंह, राम करण सिन्हा, नीतीश कुमार, राजू कुमार, राम चन्द्र प्रसाद, सरिता कुमारी, स्नेवी कुमार, कुणाल कुमार, पप्पू कुमार सिंह, सुभाष कुमार, कुमारी पल्लवी, स्वेता सोपनील, गायत्री कुमारी, रंजना कुमारी, रीभा कुमारी, पल्लवी कुमारी, वीणा कुमारी, अंजली कुमारी, नमिता कुमारी सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे कार्यक्रम के अंत में मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई तथा सभी विद्यार्थियों को मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी गई।

# विश्व मलेरिया दिवस पर बच्चों ने दिया जागरूकता का संदेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** शहर के उलाव स्थित माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल में शनिवार को विश्व मलेरिया दिवस प्रातःकालीन सभा में मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने मलेरिया के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए विभिन्न प्रस्तुतियां दीं। विद्यार्थियों ने अपने भाषण के माध्यम से बताया कि मलेरिया कैसे फैलता है और इससे बचाव के लिए हमें क्या-क्या सावधानियाँ रखनी चाहिए। बच्चों ने नृत्य के जरिए भी बहुत ही सुंदर ढंग से मलेरिया के कारण और उससे बचने के उपायों को प्रस्तुत किया। इसके साथ ही एक छोटा सा नाटक भी प्रस्तुत किया गया। जिसमें बच्चों ने दिखाया कि यदि हम अपने घर और आसपास की जगह को साफ रखें, पानी जमा न होने दें और मच्छरों से बचाव करें, तो मलेरिया जैसी बीमारी से बचा जा सकता है। नाटक के माध्यम से बच्चों ने स्वच्छता और जागरूकता का महत्वपूर्ण संदेश दिया।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्राचार्या डॉ शीतल ने कहा कि स्वच्छता ही सबसे बड़ा बचाव है। यदि हम अपने आसपास सफाई रखें और सावधानी बरतें, तो मलेरिया जैसी बीमारियों से आसानी से बचा जा सकता है। विद्यालय के निदेशक डॉ मनीष देवा ने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि जब बच्चे इस तरह समाज को जागरूक करने का काम करते हैं, तो यह एक सकारात्मक बदलाव की शुरुआत होती है। हमें मिलकर अपने वातावरण को स्वच्छ और सुरक्षित बनाना चाहिए।

# आपदा प्रबंधन से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** अम्बेडकर आवासीय विद्यालय, महानंदपुर, बिहारशरीफ में आपदा प्रबंधन से संबंधित एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का संचालन राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल टीम, नालंदा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं विद्यालय कर्मियों को विभिन्न प्रकार की आपदाओं–जैसे भूकंप, आगजनी, बाढ़ आदि–के दौरान सुरक्षित रहने, त्वरित प्रतिक्रिया देने तथा प्राथमिक राहत एवं बचाव के उपायों के बारे में जागरूक करना था। प्रशिक्षण के दौरान एसडीआरएफ टीम द्वारा आपातकालीन परिस्थितियों में अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों का व्यवहारिक प्रदर्शन किया गया। प्रतिभागियों को निकासी प्रक्रिया, प्राथमिक उपचार, आग से बचाव के उपाय तथा संकट की स्थिति में समन्वय स्थापित करने के तरीकों की विस्तृत जानकारी दी गई। विद्यालय के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने इस प्रशिक्षण में सक्रिय रूप से भाग लिया तथा इसे अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताया। प्रभारी पदाधिकारी, जिला आपदा प्रबंधन शाखा द्वारा बताया गया ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर किया जा रहा है, जिससे आमजन में आपदा के प्रति जागरूकता बढ़े तथा किसी भी आपात स्थिति में जनहानि को न्यूनतम किया जा सके।

## करंट से युवक की मौत

**बिहारशरीफ।** बेन थाना क्षेत्र अंतर्गत लालबन बीघा गांव में शनिवार को करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान परवलपुर थाना क्षेत्र के गौरव नगर निवासी मुन्नू प्रसाद के पुत्र सिंटू कुमार के रूप में हुई है।

## संक्षिप्त समाचार

### डीएम के आदेश पर अल्ट्रासाउंड सेंटरों की जांच

**आलमारी/कटिहार (नबिटासं)।** जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी द्वारा गठित जांच टीमों ने जिले के विभिन्न प्रखंडों में संचालित अल्ट्रासाउंड संस्थान के वैधता की जांच को लेकर टीम लगातार जांच कर रही है। इसी क्रम में सालमारी बाजार में अल्ट्रासाउंड सेंटरों की जांच की गई। जांच क्रम में टीम के साथ डॉक्टर प्रमोद झा,बीडीओ सरोज कुमार,सालमारी थानाध्यक्ष कुमारी जूली सहित्य अन्य टीम के सदस्य मौजूद रहे।उनकी मौजूदगी में अल्ट्रासाउंड सेंटरों की जांच की गई। सालमारी बाजार में डा. ए अली के यहा जांच की गई। जहां संचालित अल्ट्रासाउंड सेंटर के वैद्यता से संबंधित दस्तावेज की जांच की गयी। वहीं सालमारी बाजार के डॉक्टर नासिर के टीम पहुंची इस संदर्भ में डॉ.नासिर ने बताया कि मेरे सभी दस्तावेज अद्यतन संधारित है। जांच की जानकारी मुझे नहीं थी। मैं सुबह हीं निजी कार्य से बाहर हूँ। जांच



टीम मूल रूप से अर्हता प्राप्त एवं कई ऐसे संस्थान है। जो बिना निबंधन बिन अर्हता प्राप्त व्यक्ति द्वारा अल्ट्रासाउंड जांच का कार्य किया जाता है। ऐसे कई बिंदुओं पर जांच की गई। जांच के दौरान जांच टीम को कई खामियां नजर आयी। जिसे कलम बंद किया गया है। बहरहाल अब देखने वाली बात होगी कि जांच टीमों को जिन अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर खामियां नजर आई हैं। उनके विरुद्ध क्या कार्रवाई होती है, क्यों की बीते कई वर्षों से इस तरह की जांच होती रही है। लेकिन जांच के बाद कार्रवाई क्या होती है। इसकी जानकारी किसी को नहीं होती है।गठित जांच टीम की सक्रियता को सालमारी बाजार में देख लोगों ने कहा जांच के नाम पर खाना पूर्ति होती है। अगर वरीय अधिकारी ठीक से जांच कराये तो कई ऐसे नर्सिंग होम और अल्ट्रासाउंड सेंटर संचालित हैं। जो अवैध रूप से संचालित है। जो लोगों का आर्थिक शोषण करते हैं। वहीं जांच टीम में शामिल डॉक्टर प्रमोद झा से दूरभाष पर संपर्क कर उनसे जानने की कोशिश की गई कि किन-किन संचालकों की जांच हुई। क्या-क्या खामियां पाई गई। लेकिन उनसे फोन पर संपर्क नहीं हो सका इस लिए उनका पक्ष नहीं रखा जा रहा है।

### डीआरएम ने किया डीजल शेड व स्टेशन का निरीक्षण

**कटिहार (नबिटासं)।** मंडल रेल प्रबंधक कटिहार किरेंद्र नरह ने मंडल क्षेत्र के अंतर्गत मालदा डीजल शेड,रनिंग रूम एवं बालुरघाट स्टेशन का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित परिसरों में उपलब्ध इंफ्रास्ट्रक्चर, रखरखाव व्यवस्था एवं यात्री सुविधाओं का गहन आकलन किया।निरीक्षण के क्रम में मंडल रेल प्रबंधक ने डीजल शेड में रखरखाव कार्यों की गुणवत्ता, लोकोमोटिव की उपलब्धता एवं तकनीकी व्यवस्थाओं की समीक्षा की। साथ ही रनिंग रूम में लोको पायलट एवं



गार्ड के लिए उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई, खानपान एवं विश्राम व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। बालुरघाट स्टेशन पर डीआरएम ने यात्री सुविधाओं जैसे प्रतीक्षालय, पेयजल, स्वच्छता, टिकटिंग व्यवस्था एवं सकुर्लेटिंग एरिया का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को यात्रियों को बेहतर, सुरक्षित एवं आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनूप कुमार सिंह, वरिष्ठ मंडल अभियंता निर्माण, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा अधिकारी, अमित कुमार सिंह, संदीप कुमार पीएस सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। मंडल रेल प्रबंधक ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए रेलवे सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार सुनिश्चित किया जाय।

### अतिपिछड़ा समाज की बेटी निवेदिता मंडल जेडीयू की राष्ट्रीय सचिव मनोनीत

**कटिहार (नबिटासं)।** जनता दल यूनाइटेड की ओर से अतिपिछड़ा समाज की बेटी श्रीमती निवेदिता मंडल को पार्टी का राष्ट्रीय सचिव मनोनीत किए जाने पर कटिहार में उनके निज आवास पर भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जेडीयू के वरिष्ठ नेता डॉ. सुशील कुमार सुमन, प्रदेश महासचिव शिवप्रकाश गारोदिया, नरेश शर्मा, संजय सिंह एवं अंकित सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान सभी नेताओं ने श्रीमती मंडल को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की। मौके पर उपस्थित कार्यकर्ताओं में भी खासा उत्साह देखने को मिला।मइस अवसर पर जेडीयू राजनीतिक सलाहकार समिति के सदस्य डॉ. सुशील कुमार सुमन ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने



विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि अब पार्टी संगठन में भी सभी वर्गों और कार्यकर्ताओं को उचित सम्मान देने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि श्रीमती निवेदिता मंडल की यह नियुक्ति न सिर्फ कटिहार बल्कि पूरे सीमांचल क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। इससे साधारण कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ेगा और संगठन को और मजबूती मिलेगी। डॉ. सुमन ने बताया कि श्रीमती मंडल लंबे समय से पार्टी से जुड़ी हुई हैं और उन्होंने संगठन के लिए समर्पित भाव से कार्य किया है। उनकी लगन, मेहनत और निष्ठा का ही परिणाम है कि पार्टी ने उन्हें इतनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। सम्मान समारोह के दौरान उपस्थित नेताओं ने एक स्वर में कहा कि श्रीमती निवेदिता मंडल के नेतृत्व में पार्टी को और मजबूती मिलेगी तथा आने वाले समय में जेडीयू और अधिक सशक्त होकर उभरेगी।कार्यक्रम के अंत में श्रीमती निवेदिता मंडल ने सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगी।

### डा शंकर प्रसाद का साहित्यिक और सांस्कृतिक जीवन प्रेरणा दायी : प्रेम कुमार

**पटना (नबिटासं)।** डा. शंकर प्रसाद का साहित्यिक-सांस्कृतिक जीवन समाज के लिए प्रेरणा दायी है। उनपर केंद्रित पुस्तक 'जीवन पथ पर अविराम चला' भारत की साहित्यिक परंपरा का एक सुंदर उदाहरण है। ये हमारी उसी परंपरा के उज्ज्वल-स्तम्भ हैं। यह बातें शुक्रवार को, बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में, डा शंकर प्रसाद के साहित्य पर केंद्रित पुस्तक 'जीवन पथ पर अविराम चला' का लोकार्पण करते हुए बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डा प्रेम कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि लोकार्पित पुस्तक से डा शंकर के जीवन,जीवनादर्श और उनके संघर्षपूर्ण जीवन की प्रेरणादायी स्थितियों से समाज को परिचित कराती है। समारोह के मुख्य अतिथि और बिहार के निवर्तमान कला-संस्कृति मंत्री अरुण शंकर प्रसाद ने



कहा कि जिसके जीवन में साहित्य आ जाए, उसका जीवन बदल जाता है। डा शंकर प्रसाद के जीवन में घुला साहित्य समाज के लिए प्रेरणा दायी है। इनके स्वर में जो मिठास है वह किसी को भी आकर्षित करती है। बिहार विधान परिषद के सदस्य और सुप्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डा राज वर्धन आजाद ने अपनी चार पंक्तियों से कि "जीवन पथ पर अविराम चला/ सुख दुःख लेकर सुबह शाम चला/ कभी नाम चला कभी सदनाम चला/ जब भी चला केवल निष्काम चला", डा शंकर प्रसाद के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डा शंकर आवाज की दुनिया के जादूगर हैं। लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कहा कि डा शंकर का वैविध्यपूर्ण जीवन और जीवनानुभूति की पूँजी से अर्जित भाव-संपदा से संपन्न यह पुस्तक, जिसका संपादन विद्वान साहित्यकार निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव ने किया है, अत्यंत मूल्यवान, प्रेरक और पठनीय है। पद्मश्री विमल जैन, पटना विज्ञान महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डा अतुल आदित्य पाण्डेय, सम्मेलन की उपाध्यक्ष डा मधु वर्मा, विभा रानी श्रीवास्तव, डा पुष्पा जमुआर, डा शालिनी पाण्डेय, डा मीना कुमारी परिहार, डा सीमा रानी, डा एम के मधु, डा ऋचा वर्मा, ई अशोक कुमार, शंकर कैमूरी, नमिता लोहानी ने भी अपने उद्गार व्यक्त किए।

# छात्र के लापता होने पर नागरिकों का फूटा गुस्सा

## कटिहार-पूर्णिया सड़क जाम कर परिजनों ने किया प्रदर्शन




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** शहर के सहायक थाना क्षेत्र के भेड़िया रहिका से 14 वर्षीय छात्र हर्षित कुमार के लापता होने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। बीते 18 अप्रैल से लापता छात्र का अब तक कोई सुराग नहीं मिलने से आक्रोशित परिजनों और स्थानीय लोगों ने शनिवार की सुबह कटिहारझपूर्णिया मुख्य सड़क मार्ग को जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। जानकारी के अनुसार हर्षित कुमार श्रीवास्तव 18 अप्रैल को हरिशंकर नायक स्कूल से टीसी ट्रांसफर सर्टिफिकेट लेने के लिए घर से निकला था। लेकिन उसके बाद वह वापस नहीं लौटा।

काफी खोजबीन के बावजूद जब उसका कोई पता नहीं चला। तो परिजनों ने पुलिस में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। परिजनों का आरोप है कि शिकायत के बाद भी पुलिस की कार्रवाई बेहद धीमी रही। जिससे उनकी चिंता और बढ़ गई। शनिवार को गुस्साये परिजनों और ग्रामीणों ने सड़क के बीचों-बीच बैरिकेडिंग कर आवागमन पूरी तरह ठप कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने सड़क पर बैठकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और बच्चे की जल्द बरामदगी की मांग की। इस दौरान सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। जिससे आम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। हर्षित के पिता चंचल श्रीवास्तव ने बताया कि उनके बेटे की बरामदगी को लेकर पुलिस गंभीरता नहीं दिखा रही है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते ठोस कदम उठाए जाते, तो शायद उनके बेटे का कुछ पता चल सकता था। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि मामले की गंभीरता को समझते हुए जल्द से जल्द कार्रवाई कर उनके बेटे को सकुशल बरामद किया जाय। सदर एसडीपीओ अभिजीत कुमार सिंह ने परिजनों को समझा-बुझाकर जाम हटवाया। तब जाकर यातायात बहाल हुआ ।

# आधा दर्जन से अधिक पार्षदों ने मुख्य पार्षद एवं नगर कार्यपालक पदाधिकारी की कार्यशैली पर उठाये सवाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार)।** मनिहारी नगर पंचायत में राजनीतिक खीचतान गहराता जा रहा है । वार्ड छः के वार्ड पार्षद श्रवण कुमार ने प्रेस वार्ता कर जानकारी दी कि 24 अप्रैल 2026 को मनिहारी नगर पंचायत कार्यालय में मासिक बैठक अध्यक्ष लाखो यादव की अध्यक्षता नहीं करायी जाती है।बैठक के बहिष्कार के आवेदन पर वार्ड संख्या तीन की वार्ड पार्षद की दस्तखत की जांच इसकी विशेषज्ञ से कराने के बजाय कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा आनन फानन मे किये जाने को संदेहास्पद बताया। कहा कि इसकी जांच किसी विशेषज्ञ से कराना चाहिए था। श्री



में बुलायी गयी थी। जिसका नगर क्षेत्र के विभन्न वार्डो के आधा दर्जन से अधिक वार्ड पार्षदों ने विरोध जताते हुए नगर कार्यपालक पदाधिकारी को आवेदन ई मेल के माध्यम से 23 अप्रैल 26 को दिया था। जिसमें आठ पार्षदों ने बैठक बहिष्कार की दस्तखत की है। इन आवेदन में बनायी गयी दस्तखत की जांचोपरांत नगर कार्यपालक पदादिकारी ने एक वार्ड पार्षद वार्ड संख्या तीन की की हस्ताक्षर को फर्जी करार दे दिया था।बागी पार्षदों का नेतृत्वकर रहे वार्ड पार्षद श्रवण कुमार ने मुख्य पार्षद एवं नगर कार्यपालक पदाधिकारी की कार्यशैली पर क्षोभ जताया है। कहा कि नवगठित सशक्त समिति व सामान्य बैठक में ली जानेवाली प्रस्ताव, कार्ययोजना की कोई जानकारी, मांगने पर भी उपलब्ध साह ने कहा कि इनकी मनमानी एवं पक्षपातपूर्ण कार्यशैली को लेकर नगर विकास विभाग के सचिव,जिला पदाधिकारी कटिहार सहित अन्य संबंधित अधिकारी को आवेदन देकर उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच की मांग की है। इस मौके पर वार्ड संख्या एक के वार्ड पार्षद युगल पासवान ने भी नगर कार्यपालक पदाधिकारी अरविंद पासवान की कार्यशैली के विरूद्ध इनके पूर्व के पदस्थापना वाली जगहों पर कई गंभीर आरोप की बात कही है। अपने उपर लगे आरोपों के संबंध में नगर कार्यपालक पदाधिकारी अरविंद पासवान ने कहा कि उन पर लगे आरोपों की जांच विराधीन है। जांच जारी है। इस मौके पर आधा दर्जन से अधिक वार्ड पार्षद व उनके प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर ट्राली में दबने से दो मौसरे भाइयों की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कदवा (कटिहार)।** कदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत जाजा पंचायत की उफरैल गांव वार्ड संख्या 5 में अवैध रूप से बालू खनन कर ले जा रहे अनियंत्रित ट्रैक्टर की चपेट में आने से दो मौसेरे मासूम बच्चे की दबकर मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना देर संध्या लगभग 5 की बताई जाती है। तौफीक आलम ढाई वर्षीय जो मोहम्मद जोहेब का पुत्र है जाजा पंचायत के उफरैल गांव वार्ड संख्या पांच निवासी है।

वही दूसरा मृतक मोहम्मद इश्तियाक का तीन वर्षीय पुत्र मोहम्मद अहमद राजा पास ही के तेतलिया पंचायत के वार्ड संख्या 11 उफरैल गांव निवासी है। मोहम्मद अहमद रजा अपने मौसेरे भाई के घर खेलने आया था। घटना के बाद आसपास के गांव में अफरा तफरी का माहौल हो गया। हजारों हजार की संख्या में लोग देखने के लिए पहुंचने लगे। ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया।

मृतक के घर में घर में चीख पुकार मच गई। मोहम्मद सोहेब की माता जफराना खातून व मोहम्मद अहमद राजा की माता फरहाना खातून का बुरा हाल है। घटना की सूचना स्थानीय ग्रामीणों द्वारा कदवा पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही कदवा पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया।घटना को लेकर ग्रामीणों द्वारा बैठक की जा रही है।मृतक के परिजन सब का पोस्टमार्टम नहीं कराना चाह रहे हैं। समाचार पेंशन तक ग्रामीण जनप्रतिनिधिगनों की बैठक चल रही है। थानाध्यक्ष कुंदन कुमार ने बताया घटना की सूचना मिली है कड़वा पुलिस को घटनास्थल पर निरीक्षण हेतु भेजा गया है। अब तक किसी प्रकार का लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। घटना के बाद दोनों पंचायत के हजारों हजार लोग काफी मर्माहत है। मृतक के परिजनों का रो-रोकर भारी बुरा हाल है। मृतक ढाई वर्षीय जोहेब अपने पिता का इकलौता संतान था। वही अहमद रजा तीन भाई बहन से थे जिसमें यह सँझला था।

## होटल में विवाद के बाद मारपीट में चार घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कुरसेला (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के नया चौक एनएच 31 स्थिति ग्रामीण बैंक के पास दोपहर मे एक होटल में विवाद के बाद मारपीट में चार लोग के घायल होने की जानकारी सामने आई है। मारपीट में डुमरिया निवासी अमन कुमार यादव (31) , रामपुर यादव टोला निवासी हिमांशु कुमार ( 22) के अलावा कुरसेला टेंगरिया निवासी होटल मालिक रमेश साह (53) व इनका पुत्र शामिल है। जानकारी के मुताबिक होटल में किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया, विवाद धीरे धीरे बढ़ता गया और मारपीट हो गई। घायल अमन और हिमांशु का सीएचसी में इलाज कराया गया, जबकि होटल मालिक के इलाज कराने की जानकारी नहीं मिल सकी थी।

# ट्रेन में मोबाइल झपटमारी करने वाले दो गिरफ्तार, मोबाइल बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारसोई (कटिहार)।** बारसोई-मालदा रेलखंड पर 13175 अप कंचनजंघा एक्सप्रेस में मोबाइल झपटमारी करने वाले दो अपराधियों को आरपीएफ व जीआरपी ने संयुक्त कार्रवाई में गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि ट्रेन गुजरने के बाद दो संदिग्ध भागते दिखे जिन्हें एलसी गेट संख्या एसके-369 के पास पकड़ लिया गया। पीड़ित यात्री छविलाल तांती उत्तर दिनाजपुर, पश्चिम बंगाल ने बताया कि दोनों ने चलती ट्रेन से उनका रियलमी मोबाइल झपट लिया था।

तलाशी में मोबाइल बरामद



हुआ। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मो. जीसान सालमारी व मो. इस्लाम बलिया बेलौन दोनों जिला कटिहार के रूप में हुई है। इस संबंध में जीआरपी बारसोई में कांड संख्या 12/2026 दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। बरामद मोबाइल की कीमत करीब 15 हजार रुपये बताई गई है।

# दहेज की वेदी पर चढ़ी एक और नवविवाहिता, मिला शव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोढ़ा (कटिहार)।** कोढ़ा थाना अंतर्गत महिनाथपुर में एक नवविवाहिता की संदिग्ध मौत ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है।शनिवार की सुबह एनएच - 31 के किनारे संगीता देवी (22) का शव मिलने से क्षेत्र में चचाओं का बाजार गर्म है। मृतका के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर दहेज हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। शनिवार तड़के महिनाथपुर निवासी टुनटुन सिंह की पुत्रवधू संगीता देवी का शव घर से करीब एक किलोमीटर दूर सड़क किनारे पाया गया।

सूचना मिलते ही कोढ़ा पुलिस मौके पर पहुंची। शव की स्थिति को देखते हुए प्रथम दृष्टया यह हत्या का



मामला प्रतीत हो रहा है। मृतका के गले पर फंदे के निशान और पीठ पर चोट के गंभीर घाव पाए गए हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। साथ ही साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया। पुलिस ने पूछताछ के लिए मृतका के पति सूरज और ससुर टुनटुन सिंह को हिरासत में लिया है। मधेपुरा जिले के फुलौत सपनी गांव से आए मृतका के पिता देवेंद्र मेहता का रो-रोकर बुरा हाल है। उन्होंने बताया कि दो वर्ष पूर्व शादी के समय 5 लाख रुपये और अन्य सामान दिया गया था। लेकिन ससुराल वाले खुश नहीं थे।पांच दिन पहले ही सूरज अपनी पत्नी के साथ ससुराल आया था। जहाँ उसने सोने की चकती की मांग की थी। मृतका के भाई सतीश ने बताया कि छह महीने पहले जब वह बहन से मिलने गया था। तब जीजा सूरज ने उसके साथ मारपीट की थी। जिसे बहन की सुख-शांति के खातिर उन्होंने छिपाए रखा।हमें क्या पता था कि वह अपनी पत्नी का ही हत्यारा बन जाएगा। वह इंसान नहीं,जानवर है। शनिवार को कोढ़ा थाना परिसर में मृतका की माँ, पिता और भाई-बहनों के चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया। आक्रोशित परिजन बार-बार पुलिस से इंसाफ की गुहार लगा रहे थे और आरोपियों को कड़ी सजा देने की मांग कर रहे थे। कोढ़ा पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का खुलासा हो पाएगा। वहीं सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी टु रंजन कुमार सिंह ने बताया कि हत्या का मामला दर्ज किया गया है और मृतका के पति सहित सास ससुर को गिरफ्तार कर लिया गया है ।

# नीति आयोग के सूचकांकों की उपलब्धियों को लेकर बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** नीति आयोग के आकांक्षी जिला व प्रखंड कार्यक्रम अन्तर्गत सभी सूचकांकों में प्राप्त जिले की उपलब्धियो को लेकर जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में उपविकास आयुक्त अमित कुमार एवं नोडल पदाधिकारी सह जिला योजना पदाधिकारी एवं संबंधित विभाग के पदाधिकारी मुख्य रुप से उपस्थित रहे।



बैठक में स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि, जल संसाधन, वित्तीय समावेशन तथा बुनियादी ढांचे में जिले की उपलब्धि पर चर्चा की गई। डीएम ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में संस्थागत प्रसव में वृद्धि तथा टीकाकरण में शतप्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति का निर्देश दिया। तो वहीं शिक्षा के क्षेत्र में सरकारी विद्यालयों में उपस्थिति बढाने तथा लर्निंग आउटकम में सुधार लाने का निर्देश दिया।जिला पदाधिकारी ने विभागीय तथा संबंधित पदाधिकारियों को सभी सूचकांको में प्राप्त उपलब्धियों को नीति आयोग के पोर्टल पर ससमय इंट्री कराने व नई परियोजना के लिए प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया।

# नये थानाध्यक्ष का स्वागत तो निवर्तमान को दी विदाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**प्राणपुर (कटिहार)।** प्राणपुर थाना परिसर में सम्मान सह विदाई समारोह आयोजित कर निवर्तमान थानाध्यक्ष रंजीत कुमार महतो को विदाई दी गई यो वहीं नवपदस्थापित थानाध्यक्ष विजय प्रकाश का स्वागत किया गया। समारोह लोग जहां स्वागत में खुश तो विदाई करते वक्त गमगीन नजर आये।प्रभार आदान-प्रदान के बाद थाना परिसर में प्रमुख अमित साह की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में स्थानीय जनप्रतिनिधियों समाजसेवियों तथा राजनीतिक कार्यकताओं ने निवर्तमान थानाध्यक्ष को फूल माला पहनाकर एवं उपहार देकर विदाई दी, तो वहीं नवपदस्थापित विजय प्रकाश का फूल माला पहनाकर स्वागत



किया। इस दौरान वक्ताओं ने रंजीत कुमार महतो के कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि अपने सेवा अवधि में उन्होंने पुलिस फ्रेंडली बनाने का हरसंभव प्रयास किया। रंजीत कुमार ने अपने संबोधन में अपने सहयोगियों, जनप्रतिनिधियों तथा समाजसेवियों के प्रति आभार जताया।वहीं विजय प्रकाश से क्षेत्र में कानून का राज स्थापित करने की अपेक्षा की।साथ हीं बेहतर पुलिसिंग में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष लड्डू सिंह, राजद नेता लक्ष्मीकांत विश्वास, भाजपा नेता रमेश मंडल, कांग्रेस नेता शिवदेव झा सहित पुलिस पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व अन्य शामिल रहे।

# सुनील कुमार यादव बने सांसद प्रतिनिधि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** सांसद तारिक अनवर ने शनिवार को अपने गामी टोला स्थित आवासीय कार्यालय परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष सुनील कुमार यादव को सांसद प्रतिनिधि नियुक्त करने की घोषणा की। सांसद ने कहा कि सुनील कुमार यादव लंबे समय से संगठन में सक्रिय रहे हैं और जनता के बीच उनकी अच्छी पकड़ है। उन्हें सांसद प्रतिनिधि के रूप में लोकसभा क्षेत्र की समस्याओं को सुनने और समाधान की दिशा में कार्य करने की जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सुनील कुमार यादव प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे। इस मौके पर सांसद तारिक अनवर ने एक बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि अब कटिहार लोकसभा क्षेत्र के हर प्रखंड में सांसद शिकायत कार्यालय खोले जाएंगे। प्रत्येक कार्यालय में शिकायत पेटी लगाई जाएगी। जिसमें आम लोग अपनी समस्याएं दर्ज कर सकेंगे। बाद में उन शिकायतों पर कार्रवाई कर समाधान की दिशा में कदम उठाया जाएगा। सुनील कुमार यादव को सांसद प्रतिनिधि बनाए जाने के बाद उनके समर्थकों और कांग्रेस कार्यकताओं में खुशी का माहौल है। समर्थकों ने कहा कि संगठन में उनके अनुभव का लाभ अब जनता को मिलेगा और पार्टी को भी मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर दिलीप विश्वास, शहनवाज आलम, अंजुमन कौसर उर्फ आम्रपाली यादव, सउद मुखिया, पंकज तंबाकूवाला, राजा मिश्रा, अवधेश मंडल, संतोष यादव, विनोद यादव, जहांगीर आलम, अखिलेश पोद्दार, अब्दुल मन्नान, सुभाष यादव, चंदन यादव, रवि यादव, प्रीतम चक्रवर्ती सहित कई कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं ने सुनील कुमार यादव को बधाई दी।

# जनगणना के प्रति जागरूकता हेतु दिव्यांगों ने भरी हुंकार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** कोशी क्षेत्रीय विकलांग विधवा वृद्ध कल्याण समिति,कटिहार की ओर से जनगणना जागरूकता अभियान के तहत एक प्रभात फेरी और मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से जिले के समस्त नागरिकों, विशेषकर दिव्यांगजनों को उनके अधिकारों और जनगणना से होने वाले लाभों के प्रति जागरूक किया गया।जागरूकता अभियान का शुभारंभ यज्ञशाला मैदान, शिव मंदिर चौक बड़ा बाजार, कटिहार से हुआ।

यहाँ से दिव्यांगों और सामाजिक कार्यकताओं का जत्था शिव मंदिर चौक, बड़ा बाजार से शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः शिव मंदिर चौक, बड़ा बाजार पहुँचा। इस दौरान जुगल मंडल के मधुर एवं प्रेरणादायक गीतों ने



वातावरण को उत्साह से भर दिया। कार्यक्रम के अंत में शिव मंदिर चौक, बड़ा बाजार क्षेत्र में सभी दिव्यांगों ने एक-दूसरे का हाथ थामकर मानव श्रृंखला बनाई और समाज को एकजुटता का संदेश दिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के सचिव एवं बिहार राज्य सलाहकार बोर्ड (समाज कल्याण विभाग, बिहार सरकार) के सदस्य शिव शंकर रमानी ने की।

उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा जनगणना केवल आंकड़ों का खेल नहीं है, बल्कि यह दिव्यांगों और वंचितों के हक और अधिकार की लड़ाई है। सही आंकड़ों से ही सरकार भविष्य की कल्याणकारी योजनाएं बना सकेगी। हम सभी का दायित्व है कि जनगणना में अपनी सही भागीदारी सुनिश्चित करें ताकि मिलने वाले लाभों से कोई वंचित न रहे।"इस कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता डॉ अवधेश देव, सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता योगेश पूर्व, जय प्रकाश बारिक, राजीव कुमार सिंह,जूली शर्मा, लक्ष्मी देवी, डेजी कुमारी, प्रशांत कुमार, मोनिका कुमारी, रवि कुमार रविदास, मोहम्मद अफसर, लोको, अंशु राज, अमित कुमार, गीता देवी, कृष्ण देव भगत, मुन्ना साह, लेलू मंडल, अनंत शर्मा आदि कार्यकर्ता प्रमुख रूप से शामिल रहे ।

# अदरी नदी किनारे झुग्गी-झोपड़ी बस्तियों में चला अग्नि सुरक्षा जागरूकता अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद**। गर्मी के मौसम में बढ़ती आगलगी की घटनाओं को देखते हुए जिला अग्निशमन विभाग द्वारा नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत अदरी नदी के किनारे बसे झुग्गी-झोपड़ी वासियों के बीच शनिवार को व्यापक अग्नि सुरक्षा जनजागरूकता अभियान चलाया गया। इस विशेष अभियान का उद्देश्य घनी आबादी वाली बस्तियों में रहने वाले लोगों को आग से बचाव, सतर्कता और आपातकालीन उपायों के प्रति जागरूक करना था।



जिला अग्निशमन पदाधिकारी के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम का नेतृत्व औरंगाबाद अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी रमाकांत सिंह ने किया। उनके साथ अग्निशमन विभाग के कर्मी आलोक कुमार एवं अमीषा कुमारी भी मौजूद रहीं। टीम ने बस्ती के प्रत्येक हिस्से में पहुंचकर लोगों को आग से होने वाले खतरों और उससे बचने के उपायों की विस्तार से जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्रों में लकड़ी, प्लास्टिक, कपड़ा, गैस सिलेंडर और असुरक्षित विद्युत कनेक्शन के कारण आग लगने की संभावना अधिक रहती है। ऐसे में थोड़ी-सी लापरवाही भी बड़ी दुर्घटना का रूप ले सकती है। लोगों को खाना बनाते समय सावधानी बरतने, गैस सिलेंडर की नियमित जांच कराने, बिजली के खुले तारों से बचने तथा बच्चों को आग से दूर रखने की सलाह दी गई। कार्यक्रम के दौरान घरेलू आग लगने की स्थिति में प्राथमिक उपायों की भी जानकारी दी गई। लोगों को बताया गया कि आग लगने पर घबराने के बजाय तुरंत सुरक्षित स्थान पर जाएं, बिजली की मुख्य लाइन बंद करें और अग्निशमन विभाग को तत्काल सूचना दें। साथ ही 101 और 112 आपातकालीन डायल नंबर की जानकारी देकर बताया गया कि किसी भी दुर्घटना की स्थिति में तुरंत इन नंबरों पर संपर्क करें। इस जनजागरूकता अभियान से लगभग 200 से अधिक झुग्गी-झोपड़ी वासियों को सीधा लाभ मिला। महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों ने विशेष रुचि के साथ अग्नि सुरक्षा संबंधी जानकारी सुनी और कई सवाल भी पूछे। अग्निशमन विभाग की टीम ने सभी को समझाया कि सामूहिक सतर्कता ही बड़ी दुर्घटनाओं को रोक सकती है। अधिकारियों ने कहा कि अग्निशमन विभाग द्वारा आगे भी लगातार ऐसे जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे, ताकि शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में आगलगी की घटनाओं में कमी लाई जा सके। विभाग का लक्ष्य केवल आग बुझाना नहीं, बल्कि लोगों को पहले से सतर्क और सुरक्षित बनाना है। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से आमजन को बहुत लाभ मिलता है और समय रहते सही जानकारी मिलने से बड़ी दुर्घटनाओं को टाला जा सकता है। अदरी नदी किनारे की बस्ती में चला यह अभियान लोगों के बीच सुरक्षा का संदेश छोड़ गया।

# 76 लाख रुपये के जेवरात व नकदी चोरी

नबिटा संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। घर बंद कर शोक संतप्त परिवार के कार्यक्रम में शामिल होने रांची जाना एक परिवार को महंगा पड़ गया। दाउदनगर औरंगाबाद रोड में एनएच 139 के किनारे स्थित घर का तोड़कर आलमीरा में रखा हुआ करीब 75 लाख रुपये मूल्य के सोने के गहने और एक लाख रुपये नकदी चोर ले भागने में सफल रहे। इस संबन्ध में पीड़ित श्रीनाथ तिवारी के भाई दशरथ तिवारी ने प्राथमिकी करायी है। यह घर दाउदनगर- औरंगाबाद रोड पर अरविंद हॉस्पिटल के सामने सड़क से लगभग 100 फीट अंदर में है। शुक्रवार की देर रात स्थानीय पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर छान-बीन की। प्राथमिकी के अनुसार गृहस्वामी अपनी पत्नी के साथ रांची में थे। उनके ससुराल में मृत्यु की घटना हुई थी। उसी सिलसिले में वे अपनी पत्नी के साथ रांची गए हुए थे। उनके भाई दशरथ तिवारी द्वारा



प्राथमिकी आवेदन में कहा गया है कि सोने का दो चैन और दो हार, चार कंगन, चार अंगूठी, दो मंगटिका, चार झुमका, दो नथिया चोर ले गए। सभी मिलाकर करीब 500 ग्राम सोना का जेवर बताया गया है जिसकी कीमत लगभग 75 लाख रुपए बताई गई है। इसके अलावा एक लाख रुपए नकद भी चुरा लिया गया। घर में रखे सभी गोदरेज, बक्सा और अलमारी, बैग सभी को ढूंढ कर चोरी की। तोड़फोड़ किया गया है। अपर थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार ने बताया कि घटना की जांच पड़ताल की जा रही है।

# पुलिस ने चौक-चौराहों पर बढ़ाई सख्ती

नबिटा संवाददाता

**औरंगाबाद**। पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के निर्देश पर शनिवार को जिले के सभी थाना क्षेत्रों में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अपराध पर नियंत्रण, अवैध मद्य पदार्थों के परिवहन पर रोक तथा चोरी के वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करना था। संध्या गश्ती के दौरान पुलिस टीमों ने अपने-अपने थाना क्षेत्रों के प्रमुख चौक-चौराहों, बाजारों, होटलों एवं अन्य संवेदनशील स्थानों पर विशेष चौकसी बरती गई। जांच के दौरान दोपहिया और चारपहिया वाहनों को रोककर कागजात की जांच की गई। साथ ही वाहनों की डिक्की



और यात्रियों के बैग की भी तलाशी ली गई, ताकि किसी भी प्रकार के अवैध सामान के परिवहन को रोका जा सके। पुलिसकर्मियों ने संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष नजर रखी और आवश्यकतानुसार पूछताछ भी की। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक के अनुसार मुख्यालय के निर्देशानुसार जिलेभर में एक साथ यह अभियान चलाया गया है। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण के लिए इस तरह की सघन जांच अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वाहन चलाते समय सभी आवश्यक कागजात साथ रखें और जांच के दौरान पुलिस का सहयोग करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के इस अभियान से जहां आम लोगों में सुरक्षा की भावना बढ़ी है, वहीं अपराधियों में हड़कंप मच गया है।

# सफल छात्र छात्राओं को नवज्योति शिक्षा निकेतन ने किया पुरस्कृत

नबिटा संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। नवज्योति शिक्षा निकेतन में सत्र 2025-26 के अंतर्गत वार्षिक परीक्षा, साइंस एग्जीबिशन, रंगोली एवं अन्य आयोजित प्रतियोगिताओं के सफल प्रतिभागियों को शनिवार को पुरष्कृत किया गया।

प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों में मुन्ना, अवनी, सनी, अंजलि, प्राची, सुनील, खुशबू, संस्कार गुप्ता, अंश, अन्वी, छोटी एवं नीतू शामिल रहे। द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में आकृति, रूबी, अंकित, शशांक शाह, प्रीति, नंदिनी, प्रियांशु, अनुज, राधा, स्वर्ण, मोनू एवं स्नेहा रहे। वहीं तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों में अनुष्का, आदर्श, धर्मेंद्र, साक्षी, गोलू, धीरज, आकाश एवं अंजू



शामिल रहे। सभी विजेता छात्रों को मोमेंटो एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। विशेष रूप से साइंस एग्जीबिशन प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को नगद राशि, प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर प्रोत्साहित किया गया। इस प्रतियोगिता में सत्यम, धीरेंद्र, युवराज, हर्ष, शिवानी, समृद्धि, अन्वेष, चंदा, ऋषिका, मोनू, पप्पू, मंटू एवं धीरज ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके अतिरिक्त, अपने वर्ग में सर्वाधिक उपस्थिति दर्ज करने वाले, रंगोली प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों एवं विद्यालय के पुरातन छात्र-छात्रा, सीबीएसई एवं बीएसईबी की 10वीं परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। निदेशक नीरज गुप्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी देश का भविष्य हैं। अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मोबाइल से दूरी बनाकर पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करें। इस समय किताबों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के अंत में सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। इस अवसर पर लेखक सह संवाददाता उपेंद्र कश्यप, विद्यालय की सचिव सोनम कुमारी एवं शिक्षक संतोष कुमार, दीपक कुमार, राजकुमार, जितेंद्र कुमार, इंद्रजीत कुमार, शत्रुघ्न कुमार, धीरज कुमार, वीणा पांडे, राजनीति कुमारी, मुस्कान कुमारी, संजू कुमारी एवं सीमा कुमारी सहित सभी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# सड़क दुर्घटना में किशोर की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद**। जिले में तेज़ रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार मुफस्सिल थाना क्षेत्र के ओरा गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर एक अनियंत्रित हाईवा ने ऑटो को टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो सवार एक दर्जन लोग घायल हो गए, जबकि 12 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। मृतक की पहचान मदनपुर थाना क्षेत्र के दिहुली गांव निवासी सुभाष राम के पुत्र पीयूष कुमार के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार मदनपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार हाईवा ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो में सवार लोग बुरी तरह जख्मी हो गए और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। इस दर्दनाक हादसे में पीयूष की मौत हो गई जबकि ऑटो चालक समेत करीब 12 लोग घायल हुए हैं, जिनमें दो बच्चे, छह महिलाएं और अन्य लोग शामिल हैं। चालक की हालत गंभीर होने के कारण उसकी पहचान तत्काल नहीं हो सकी। बताया जाता है कि सभी घायल एक ही परिवार के सदस्य हैं, जो शहर के बराटपुर मोहल्ले में जन्मदिन समारोह में शामिल होने के बाद एक ही ऑटो में सवार होकर मदनपुर के दिहुली गांव लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में यह हादसा हो गया। घायलों को अस्पताल पहुंचाया हादसे के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। सभी के सहयोग से घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दो बच्चों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद हाईवा चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। घटना के बाद जनप्रतिनिधियों ने परिवहन विभाग और यातायात पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# जिला जज ने अव्यवस्था पर जताई नाराजगी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद**। मंडल कारा औरंगाबाद एवं बच्चों के सुरक्षित स्थान का जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजीव रंजन कुमार ने औचक निरीक्षण किया। सबसे पहले अपने प्रधान जिला जज ने मंडल कारा का निरीक्षण किया जिसमें जिला प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी सप्तम संदीप कुमार सिंह, किशोर न्याय परिषद के प्रधान दण्डाधिकारी सुशील प्रसाद न्यायिक पदाधिकारी, निकिता एवं शिवांगी उपस्थित थे। इसके साथ-साथ पूरे निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक दीपक कुमार, जेलर सरोज कुमार के साथ तमाम जेल प्रशासन उपस्थित रहा। अपने निरीक्षण के दौरान जिला जज के द्वारा प्रत्येक वार्ड में भ्रमण कर बंदियों की स्थिति को जाना उनसे अधिवक्ता के संबंध में, भोजन के संबंध में एवं जेल की व्यवस्थाओं की संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। जिला जज ने भीषण गर्मी को देखते हुए जेल प्रशासन को कई निर्देश दिये।



निरीक्षण के दौरान यह पाया कि तीन बंदी अधिवक्ता के संबंध अनभिज्ञता जाहिर की, जिसपर जिला जज के द्वारा जेल प्रशासन को मुफ्त विधिक सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जिला जज ने निरीक्षण के दौरान रसोई घर की व्यवस्था खाने की मेनू की जांच की, एवं जेल प्रशासन को मेनू अनुसार भोजन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जिला जज ने अस्पताल में निरीक्षण किया तथा वहां उपलब्ध दवाईयों और चिकित्सकों के संबंध विस्तृत जानकारी ली। साथ ही लू एवं डीहाईड्रेशन से बचने के लिए समुचित मात्रा में ओआरएस एवं अन्य संबंधित दवाईयां की उपलब्धता रखने की निर्देश दिया। उसके उपरांत उनके द्वारा लीगल ऐड पंजी एवं दी जाने वाली सहायताओं के संबंध में निरीक्षण किया। मंडल कारा निरीक्षण के उपरांत उनके द्वारा बच्चों को सुरक्षित स्थान बभण्डी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उक्त स्थल पर कई कमियां पायी, खासकर बच्चों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य पर काफी कमियां पाई गयी। खिड़की के सिसे टुटे पाये गये जिसपर जिला जज ने काफी नाराजगी व्यक्त करते संबंधित राजीव कुमार को फटकार लगाते हुए कहा कि यह बच्चों की सुरक्षा के प्रति कर्तव्यहीनता है। उक्त टुटे हुए सिसे से किसी बच्चे पर हमला किया जा सकता है। शौचालय की स्थिति बेहद ही खराब पायी गयी जिसपर जिला जज ने उन्हें फटकार लगाते हुए कहा कि जितनी जल्द से जल्द ठीक किया जाये। ताकि बच्चों के स्वास्थ्य पर कोई प्रतिकूल नही पड़े। इसके अतिरिक्त कई अन्य निर्देश बच्चों के सुरक्षित स्थान के अधीक्षक राजू कुमार को प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश द्वारा दिया गया।

# भूमि विवाद में भाई और बाप पर फायरिंग करने वाला गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद**। भूमि विवाद में अवैध हथियार से फायरिंग मामले में ओबरा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक पिस्टल के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अभियुक्त की पहचान ओबरा निवासी अजीत कुमार के रूप में की गई है। इसके पास से एक पिस्टल के साथ फायर किया हुआ दो खोखा एवं चार चक्का एक वाहन जब्त किया गया है। इसका आपराधिक इतिहास रहा है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम ओबरा थानाध्यक्ष नीतीश कुमार को अभियुक्त के सगे भाई अमित कुमार के द्वारा सूचना दी गई कि उनका भाई अजीत, मुझे और मेरे पिता के ऊपर फायरिंग कर रहा है। सूचना के आलोक में पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए शंकरपुर की ओर पीछा किया गया। इस दौरान पुलिस पीछा करते हुए जम्होर थानांतर्गत हरनाही पुल पहुंची जहां पुलिस बल को देखकर आरोपी चार चक्का वाहन से कूदकर भागने लगा जिसे पुलिस बल के सहयोग से पकड़ा गया। तलाशी के क्रम में एक देसी पिस्टल एवं फायर किया हुआ दो खोखा बरामद किया गया। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त के ख़िलाफ़ ओबरा थाना में छह आपराधिक मामले तथा गया जिले के आमस थाना में एक अपराधिक मामले दर्ज है।

# विशेष अभियान के तहत 79 लोग गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद**। जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में शुक्रवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 79 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 45 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार लूट में 1, आर्म्स एक्ट में 1, हत्या प्रयास में 18,



मद्यनिषेध अधिनियम के तहत 4 तथा अन्य मामलों में 55 लोगों की गिरफ्तारी की गई। 29.50 लीटर देसी शराब, 1 देसी पिस्टल, 2 खोखा , 1 बाइक एवं 1 कार बरामद किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1230 वाहनों की जांच की गई जिसमें 107500 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। 36 वारंट तथा 9 कुर्की का निष्पादन किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित रूप से छापेमारी और जांच अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को दें। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि अपराध और तस्करी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# चोरी के सामान के साथ शातिर बदमाश गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद**। कुटुंबा पुलिस द्वारा एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही चोरी की सामग्रियां जब्त किया गया है। पकड़े गए बदमाश की पहचान थाना क्षेत्र के सिमरी खुर्द गांव निवासी इंद्रजीत पासवान उर्फ ओझा पासवान के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार 24 अप्रैल की रात एक घर में चोरी की घटना घटित हुई थी जिसमें पीड़ित के द्वारा प्राथमिकी दर्ज करवाई गई थी। कांड की गंभीरता पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को चोरी की सामग्रियों के साथ गिरफ्तार किया गया। इसके पास से चोरी की एक बक्सा से चांदी का लॉकेट, चांदी का चेन, 10000 रूपये नकद एवं अन्य जरूरी कपड़े बरामद किया गया है। पूछताछ में आरोपित ने अपराध स्वीकार किया है। थानाध्यक्ष मो. इमरान आलम ने बताया कि मामले में महराजगंज गांव निवासी विनय कुमार पासवान के द्वारा प्राप्त आवेदन के आधार पर मामले की जांच की गई और चोरी की सामग्रियों के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त का अपराधिक इतिहास रहा है। पूछताछ में उसने स्वीकार किया है कि पहले भी अन्य अपराधों में जेल जा चुका है। फिलहाल अन्य अपराधों में संलिप्तता को लेकर जांच की जा रही है। आवश्यक कार्रवाई के बाद अभियुक्त को जेल भेज दिया गया।

# पुलिस प्रशिक्षण केंद्र, औरंगाबाद में हथियारों के साथ 20 किलोमीटर क्रॉस-कंट्री दौड़

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद**। पुलिस प्रशिक्षण केंद्र, औरंगाबाद में शनिवार को प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षु सिपाहियों के लिए हथियारों के साथ 20 किलोमीटर लंबी क्रॉस-कंट्री दौड़ का आयोजन किया गया। इस कठिन और चुनौतीपूर्ण अभ्यास का उद्देश्य प्रशिक्षु जवानों को शारीरिक, मानसिक और सामरिक रूप से अधिक सक्षम बनाना था, ताकि वे भविष्य में किसी भी विषम परिस्थिति में मजबूती के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकें। पुलिस सेवा में केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखना ही पर्याप्त नहीं होता, बल्कि हर परिस्थिति में तत्परता, सहनशक्ति और त्वरित निर्णय क्षमता भी आवश्यक होती है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए यह विशेष दौड़ आयोजित की गई, जिसमें सभी प्रशिक्षु सिपाहियों ने पूरे उत्साह, अनुशासन और जोश के साथ भाग लिया। हथियारों के साथ लंबी दूरी तय करना न केवल शारीरिक क्षमता की परीक्षा है, बल्कि यह मानसिक दृढ़ता और कर्तव्यनिष्ठा का भी प्रमाण माना जाता है। प्रशिक्षण केंद्र के अधिकारियों ने बताया कि क्रॉस-कंट्री दौड़ पुलिस प्रशिक्षण का एक अत्यंत महत्वपूर्ण हिस्सा है। इससे जवानों की सहनशक्ति, संतुलन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और



कठिन परिस्थितियों में कार्य करने की दक्षता विकसित होती है। वास्तविक ड्यूटी के दौरान कई बार जवानों को लंबे समय तक लगातार सक्रिय रहना पड़ता है, ऐसे में इस प्रकार का प्रशिक्षण उन्हें हर चुनौती के लिए तैयार करता है। दौड़ के दौरान पूरे मार्ग पर प्रशिक्षकों और अधिकारियों की विशेष निगरानी रखी गई। सुरक्षा के सभी आवश्यक इंतजाम किए गए थे, ताकि प्रशिक्षण पूरी सतर्कता और अनुशासन के साथ संपन्न हो सके। प्रशिक्षु सिपाहियों ने निर्धारित 20 किलोमीटर की दूरी सफलतापूर्वक पूरी कर अपनी लगन, मेहनत और प्रतिबद्धता का परिचय दिया। अधिकारियों ने यह भी कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य केवल शारीरिक मजबूती तक सीमित नहीं है, बल्कि जवानों में मानसिक संतुलन, अनुशासन, आत्मविश्वास और सेवा भावना विकसित करना भी है। पुलिस बल में शामिल होने वाले प्रत्येक जवान को समाज की सुरक्षा के लिए हर समय तैयार रहना होता है, और ऐसे अभ्यास उसी तैयारी का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। पुलिस प्रशिक्षण केंद्र, औरंगाबाद में समय-समय पर योग, परेड, हथियार प्रशिक्षण, शारीरिक दक्षता परीक्षण, फायरिंग अभ्यास तथा सामरिक प्रशिक्षण जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इन सभी गतिविधियों का उद्देश्य प्रशिक्षु जवानों को एक कुशल, जिम्मेदार और संवेदनशील पुलिसकर्मी के रूप में तैयार करना है। इस अवसर पर अधिकारियों ने प्रशिक्षु सिपाहियों की मेहनत और अनुशासन की सराहना करते हुए कहा कि आने वाले समय में यही जवान राज्य की कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे। 20 किलोमीटर की यह क्रॉस-कंट्री दौड़ केवल एक अभ्यास नहीं, बल्कि सेवा, साहस और समर्पण की भावना को मजबूत करने वाला महत्वपूर्ण प्रशिक्षण साबित हुआ।

# मलेरिया से संबंधित क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद**। विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा लोगों को मलेरिया के प्रति जागरूक किया गया तथा इसके बचाव, रोकथाम व पूर्ण उन्मूलन को लेकर विस्तृत जानकारी दी गयी। 24 अप्रैल को देव मोड़ के समीप भागवत प्रसाद सिंह मेमोरियल कॉलेज ऑफ नर्सिंग में मलेरिया से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें वहां के प्रशिक्षु छात्रों को मलेरिया के बारे में



विस्तृत जानकारी देते हुए मलेरिया जॉच से संबंधित आरडीटी रैपिड डायगोनॉस्टिक टेस्ट किट के द्वारा जांच के बारे में जानकारी दिया गया साथ ही स्लाईड के द्वारा भी मलेरिया का रक्त पट्ट बनाने के बारे मे जानकारी दिया गया। 22 अप्रैल को औरंगाबाद शहर के बराटपुर स्थित राजकीय संस्कृत प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को मलेरिया के बारे में जानकारी दी गयी जिसमें मलेरिया से बचाव के बारे में मुख्य रूप से बताया गया। बारूण प्रखंड के उच्च विद्यालय पौथू में मलेरिया से संबंधित एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिमसें मलेरिया से संबंधित कुल 20 प्रश्न थे और 72 छात्रों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम तीन छात्रों को वीडीसीओ के द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर जिला वेक्टर बॉर्न डिजिज नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. सुनील कुमार एवं जिला मलेरिया कार्यालय, औरंगाबाद के कर्मियों द्वारा सदर अस्पताल में मलेरिया से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गयी, जिसमें अस्पताल प्रबंधक, एएनएम एवं जीएनएम तथा अन्य कर्मियों का भी अपेक्षित सहयोग रहा। मलेरिया के संदर्भ में ध्यान देने योग्य बातें - घर एवं घर के आस-पास बने गड्ढो, नालियों, बेकार पड़े खाली डब्बों, पानी की टंकियों, गमलों टायर-ट्यूब में पानी एकत्रित न होने दे। जमें हुये पानी में मिट्टी तेल की कुछ बूंदे अवश्य डालें, जिससे मलेरिया का लार्वा समाप्त हो जाये। सोते समय मच्छरदानी अथवा मच्छर भगाने वाली क्रीम का प्रयोग करें।